RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 18 ■ मुंबई, बुधवार 13 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह




अमेरिका की दादागिरी पर 'ग्रहण'!

पेज-4



कानून हाथ में लेने वालों को मिलेगी सख्त सजा

पेज-6



CSK से अपनी भूमिका के बारे में स्पष्टता चाहते हैं अश्विन

पेज-9



फवाद खान -वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर आया बड़ा अपडेट

पेज-10

## Short News एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली-NCR में पुराने वाहनों पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-NCR में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। तब तक किसी भी वाहन मालिक के खिलाफ सिर्फ पुराना वाहन होने के आधार पर कार्रवाई नहीं की जाए। CJI बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली सरकार की पैरवी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की। पुराने वाहनों पर रोक लगाने से राहत देने का अनुरोध किया था।

### स्कूली छात्रा के साथ 5 लोगों ने किया गैंगरेप

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के एक गांव से शर्मसार करने वाली खबर सामने आ रही है, यहां रक्षाबंधन के दिन 15 साल की एक लड़की के साथ उसके एक करीबी रिश्तेदार समेत पांच लोगों ने कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### पाक लश्कर आतंकी दक्षिण कोरिया में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर बन चुका है। भारत दशकों से पाक पोषित आतंकवाद के खिलाफ जंग लड़ रहा है। लेकिन अब पाकिस्तानी आतंकियों की पहुंच साउथ कोरिया तक हो चुकी है। साउथ कोरियाई पुलिस ने सियोल के इटावोन जिले में एक पाकिस्तानी शख्स को गिरफ्तार किया है, जो 2008 के मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है।

### BLA विदेशी आतंकी संगठन घोषित

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (FTO) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, BLA ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी।



# आधार नागरिकता का सबूत नहीं

## जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला- गलतियां स्वाभाविक

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का पक्का सबूत नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग (ECI) का यह कहना सही है कि आधार कार्ड से नागरिकता साबित नहीं होती। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने यह बात बिहार में वोटर लिस्ट में बदलाव को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में किसे शामिल करना है और किसे नहीं, यह तय करना चुनाव आयोग का काम है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार एक्ट में भी यह साफ लिखा है कि आधार नंबर नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) प्रक्रिया से कई लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट सकता है। खास तौर पर उन लोगों का जिनके पास जरूरी कागजात नहीं हैं।




> "मतदाता सूची से नागरिकों और गैर नागरिकों को बाहर करना और शामिल करना भारत निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है।
> –सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड, नागरिकता का ठोस प्रमाण नहीं है। इसका मतलब है कि सिर्फ आधार कार्ड के भरोसे यह नहीं माना जा सकता कि कोई व्यक्ति भारत का नागरिक है। सुप्रीम कोर्ट में बिहार में होने वाले चुनावों के लिए वोटर लिस्ट में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि SIR प्रक्रिया से बहुत से लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट सकता है। खासकर गरीब और कमजोर लोगों का, जिनके पास जरूरी कागजात नहीं हैं। सिब्बल ने कहा कि बिहार के लोगों के पास ज्यादातर जरूरी कागजात नहीं होते हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि यह कहना गलत है कि बिहार में किसी के पास कोई कागजात नहीं है। क्या उनके पास आधार और राशन कार्ड भी नहीं है? यह साबित करने के लिए कुछ तो होना चाहिए कि आप भारत के नागरिक हैं।

### 'आधार, PAN और वोटर ID रखने से कोई भारत का नागरिक नहीं बनता'

**मुंबई।** किसी व्यक्ति के पास यदि आधार कार्ड, पैन कार्ड, या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह भारत का नागरिक हो जाएगा। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ के आरोपी शख्स को बेल देने से इनकार करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही। शख्स पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारत में करीब एक साल से रहने का आरोप है। जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने कहा कि सिटिजनशिप ऐक्ट स्पष्ट करता है कि कौन भारत का नागरिक हो सकता है और कौन नहीं। इसी ऐक्ट में बताया गया है कि कैसे नागरिकता हासिल की जा सकती है। बेंच ने कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी तो सिर्फ नागरिकों की पहचान के लिए हैं या फिर उन्हें सेवाएं प्रदान करने के लिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को बेल देने से इनकार कर दिया।

## महाराष्ट्र के युवाओं के लिए गुड न्यूज

# फडणवीस कैबिनेट ने 15,000 पुलिस कर्मियों की भर्ती को दी मंजूरी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के युवाओं के लिए खुशखबरी है। देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट ने राज्य में 15000 पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। कैबिनेट ने सोलापुर-पुणे-मुंबई मार्ग के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएपीएफ) को भी मंजूरी दी। साथ ही कैबिनेट ने सामाजिक न्याय विभाग के अलग-अलग सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की ओर से संचालित योजनाओं के तहत लोन के गारंटर के लिए मानदंडों में ढील दी।

महाराष्ट्र पुलिस फोर्स में लगभग 15 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती के फैसले को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी मिल गई है। यह फैला मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता वाले गृह मंत्रालय ने लिया। सरकार के इस फैसले से पुलिस विभाग में शामिल होने की प्रतीक्षा में बैठे युवाओं में खुशी है।



### अनधिकृत निर्माण पर जुर्माना माफ

राज्य सरकार ने अवैध निर्माणों के कारण चर्चा में रहने वाले ठाणे नगर निगम क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पर जुर्माना माफ करने का फैसला किया है। नगर विकास विभाग ने सोमवार को इस संबंध में एक सरकारी फैसला लिया। बताया जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नगर निगम चुनावों से पहले नगर विकास विभाग के माध्यम से अवैध निर्माणों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना माफ करके अपने गढ़ में वोटों की बारिश की है।

### कैबिनेट में क्या फैसले लिए गए?

1. **गृह विभाग,** बैठक में महाराष्ट्र पुलिस फोर्स में लगभग 15 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती को मंजूरी देने का फैसला लिया गया।
2. **खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग** राज्य में उचित मूल्य दुकानदारों का मार्जिन बढ़ा दिया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित करने का फ़ैसला लिया गया है।
3. **विमानन विभाग,** सोलापुर-पुणे-मुंबई हवाई यात्रा के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ़) प्रदान करने का फैसला लिया गया है।
4. **सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग,** सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले निगमों द्वारा क्रियान्वित विभिन्न ऋण योजनाओं में गारंटर की शर्तों में ढील दी गई है। सरकारी गारंटी को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

# विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को दी नोटिस

## 1700 पायलटों की सिम्युलेटर ट्रेनिंग में चूक का मामला

**नई दिल्ली।** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। यह नोटिस इसलिए जारी किया गया है, क्योंकि एयरलाइन की ओर से करीब 1,700 पायलटों के प्रशिक्षण में कथित तौर पर कुछ चूकें हुई हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह नोटिस पिछले महीने एयरलाइन से मिले दस्तावेजों और जवाबों की जांच करने के बाद जारी किया गया। डीजीसीए ने पाया कि करीब 1,700 पायलटों के 'सी' श्रेणी या महत्वपूर्ण हवाई अड्डों के प्रशिक्षण ऐसे सिम्युलेटर पर कराए गए, जो प्रमाणित नहीं थे। इसमें मुख्य पायलट और सहायक पायलट भी शामिल हैं। यानी प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए गए उपकरण मानक के अनुरूप सही नहीं थे।



विस्तृत पेज 7 पर

# भारत पर टैरिफ... रूस को झटका

**महानगर नेटवर्क**
**वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25% टैरिफ को मॉस्को के लिए झटका बताया है।

सोमवार को व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50% टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है।

ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा कि हम पुतिन से मुलाकात करेंगे और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरोपीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।



**ट्रम्प बोले- इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे, डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा**

**गोल्ड पर नहीं लगेगा नया टैरिफ**

डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि सोने पर टैरिफ नहीं लगाया जाएगा। भारत में भी सोने के खरीदारों के लिए यह काफी राहत भरा फैसला है। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के तुरंत बाद सोने के रेट गिर गए। पिछले हफ्ते ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका एक नई नीति लाने वाला है, जिससे साफ हो जाएगा कि गोल्ड पर आयात शुल्क लगेगा या नहीं।

# चार नए सेमीकंडक्टर प्लांट को कैबिनेट की मंजूरी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को देश भर में 4,594 करोड़ रुपये की लागत से चार नई सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना को मंजूरी दे दी। इनमें से दो कारखाने ओडिशा में, जबकि एक-एक आंध्र प्रदेश और पंजाब में स्थापित किए जाएंगे। केंद्र सरकार के अनुसार, इन चार अप्रूव्ड प्रस्तावों से कुल मिलाकर 2034 कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इससे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को गति मिलेगी और कई अप्रत्यक्ष रोजगार के मौके खुलेंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी।



अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं को 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत स्वीकृति दी गई है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय मदद देने के इरादे से इस मिशन के लिए 76,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने चार सेमीकंडक्टर प्लांट को स्वीकृति दी है जिनकी स्थापना ओडिशा, पंजाब एवं आंध्र प्रदेश में की जाएगी।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

## स्पीकर ने 3 सदस्यीय कमेटी बनाई ; कहा- आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा, 'मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है।' उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के 1-1 जज और 1 कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।



**स्पीकर बिरला ने कहा- तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे**

- 'हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।'
- 'CJI ने इस मामले पर विचार करने के बाद जस्टिस वर्मा की प्रतिक्रिया और दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की प्रतिक्रिया पर राय बनाई कि इस पर गहन जांच जरूरी है। इसलिए एक 3 सदस्यों वाली कमेटी बनाई गई।'
- 'हमें याद है कि तत्कालीन CJI ने यह रिपोर्ट PM और राष्ट्रपति को भेजी है। यह भी कहा है कि इस केस में पूर्व प्रावधानों के अनुसार काम किया है। समिति की रिपोर्ट में आरोप इस प्रकृति के हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने की कार्रवाई शुरू करने की जरूरत है।'

# रिटेल महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर आई

## जुलाई में ये 1.55% रही, खाने-पीने का सामान सस्ता होने से घटी महंगाई



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जुलाई में रिटेल महंगाई घटकर 1.55% पर आ गई है। ये 8 साल 1 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले जून 2017 में ये 1.54% रही थी। वहीं जून 2025 में रिटेल महंगाई 2.10% रही थी, जबकि मई 2025 में 2.82% और अप्रैल 2025 में ये 3.16% पर थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है। 12 अगस्त को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं। RBI का लक्ष्य महंगाई को 2% से 4% की सीमा में रखने का है। यानी, इस बार महंगाई RBI के लक्ष्य से नीचे है।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.06% से घटकर माइनस 1.76% हो गई है। जून महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.72% से घटकर 1.18% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.56% से घटकर 2.05% पर आ गई है।

# नूंह में 2 गुटों में भड़की हिंसा

**चंडीगढ़।** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के गांव मुड़ाका में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान छतों से पथराव हुआ और कांच की बोतलें फेंकी गई, जिसमें दोनों तरफ से 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कुछ लोगों ने एक बाइक और दुकानों को भी आग लगा दी। सूचना मिलते ही फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन हिंसा पर काबू नहीं पा सकी। कई थानों की पुलिस और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया है और गांव में भारी तनाव फैल गया है। गांव मुड़ाका के सरपंच राम सिंह सैनी ने बताया कि गांव की ओर जाने वाली सड़क पर पास के ही राजस्थान के गांव हाजीपुर का रहने वाला युवक इसरा ने अपनी गाड़ी खड़ी कर रखी थी। उसी सड़क से गुजर रहे गांव निवासी समय सिंह ने गाड़ी हटाने को कहा। इस बात पर दोनों में बहस हो गई। आरोप है कि कार में सवार युवक ने कांच की बोतल समय सिंह के सिर पर दे मारी। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग जुट गए और मामला बिगड़ गया। छतों से पथराव शुरू हो गया, कांच की बोतलें फेंकी गईं। भीड़ ने एक बाइक को आग के हवाले कर दिया और कई दुकानों में आग लगा दी। सरपंच राम सिंह का आरोप है कि भीड़ ने जानबूझकर इस झगड़े को हिंदू-मुस्लिम रंग देने का प्रयास किया।

# आवारा कुत्तों के समर्थन में आए नेता-अभिनेता

## बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं, उन्हें हटाना क्रूरता

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर से लावारिस कुत्तों को हटाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नई बहस छिड़ गई है। पशु प्रेमी, एक्टिविस्ट से नेता और अभिनेता तक हर तबके से कुत्तों के लिए हमदर्दी की आवाज उठ रही है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई 'समस्या' नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए। राहुल ने X पर लिखा, 'शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है।



**जॉन अब्राहम का SC के चीफ जस्टिस को भावुक लेटर**

बॉलीवुड के मशहूर एक्टर जॉन अब्राहम ने चीफ जस्टिस को एक भावुक लेटर लिखा और सर्वोच्च अदालत से पास किए आदेश पर दोबारा विचार की गुजारिश की है। जॉन अब्राहम ने कहा कि कुत्ते भी इंसानों की तरह 'दिल्लीवाले' हैं और सदियों से यहां रह रहे हैं।

अभिनेता ने चीफ जस्टिस बीआर गवई को लिखे लेटर में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप इस बात पर सहमत होंगे कि ये लावारिस नहीं है, बल्कि सामुदायिक कुत्ते हैं- जिन्हें बहुत से लोग प्यार-सम्मान देते हैं और अपने अधिकारों से दिल्लीवाले हैं। इंसानों के पड़ोसी के रूप में वह पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं।' अभिनेता वरुण धवन, अभिनेत्री जान्हवी कपूर, मलाइका अरोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई है।

# चीन-भारत के बीच शुरू होंगी उड़ानें!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो समेत देश की प्रमुख एयरलाइंस को अगले महीने तक चीन के लिए सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है। यह कदम भारत और चीन के बीच राजनीतिक संबंधों को बेहतर करने और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें 2020 की शुरुआत में कोविड-19 महामारी और दोनों देशों के बीच सीमा तनाव, विशेष रूप से गलवान घाटी में सैन्य झड़पों के बाद निलंबित कर दी गई थीं। तब से, दोनों देशों के बीच यात्रा केवल तीसरे देशों जैसे सिंगापुर, बैंकॉक, दुबई या हांगकांग के माध्यम से सीमित मार्गों या चार्टर्ड उड़ानों के जरिए हो रही थी।

**द्विपक्षीय संबंधों में सुधार का संकेत**

सीधी उड़ानों की बहाली को भारत और चीन के बीच तनाव कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।



2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई थी, जिसके बाद भारत ने 59 चीनी मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध सहित कई कदम उठाए थे। हालांकि, हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत में प्रगति देखी गई है, जिसमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और जलविज्ञान डेटा साझा करने जैसे मुद्दों पर सहयोग शामिल है।

### उडानों की बहाली की योजना

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन अब सीधी उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका आधिकारिक ऐलान अगस्त के अंत में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान हो सकता है। भारत सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो को कम समय के नोटिस पर चीन के लिए उड़ानें संचालित करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच पर्यटन, व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने के लिए उठाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर के बीच रूस, चीन, भारत और ब्राजील की बढ़ी एकजुटता यह साबित करती है कि एक देश अमेरिका की दादागिरी नहीं सहेंगे। दोनों देशों के बीच शुरू होने वाली हवाई सेवा इसी का प्रमाण है।

# चीन पर टैरिफ लगाने से डर रहे डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगाए गए टैरिफ पर लगाई रोक को 90 दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। इससे पहले 12 अगस्त को टैरिफ पर लगी यह रोक खत्म होने वाली थी, लेकिन अब ट्रंप ने इसे बढ़ाने का फैसला लिया है। ट्रंप ने इसके लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। इससे अब चीन पर लगाए गए टैरिफ पर 10 नवंबर तक रोक लागू रहेगी। एक समय पर जो ट्रंप चीन के खिलाफ टैरिफ को बढाकर 245% तक करने का फैसला लेने से पीछे नहीं हटे थे, अब वह 'ड्रैगन' के खिलाफ नरम कैसे पड़ गए हैं?



# इस साल दही-हांडी में शामिल नहीं होंगे बाल गोविंदा

महानगर संवाददाता
मुंबई

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही-हांडी में बाल गोविंदाओं यानी बच्चों का इस्तेमाल करने वाले गोविंदा मंडलों को महाराष्ट्र सरकार ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी । दरअसल, बीते रविवार (10 अगस्त) को मुंबई के दहीसर इलाके में दही-हांडी की प्रैक्टिस के दौरान 11 साल के एक बाल गोविंदा की मौत हो गई।



आरोप है कि नवतरुण मित्र मंडल ने अभ्यास के दौरान गोविंदाओं को सेफ्टी किट उपलब्ध नहीं कराई थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में नवतरुण मित्र मंडल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**बच्चों को मानव पिरामिड का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा**

बंबई हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार,14 साल से कम उम्र के बच्चों को दही-हांडी के दौरान मानव पिरामिड बनाने में शामिल करना प्रतिबंधित है। महाराष्ट्र सरकार ने साफ निर्देश जारी किए हैं कि राज्य में कहीं भी मानव पिरामिड में बाल गोविंदाओं का इस्तेमाल न किया जाए। अगर कोई मंडल इस नियम का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पिछले साल घायल हुए थे 245 गोविंदा:** इस बार 16 अगस्त को मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में दहीहांडी का त्योहार मनाया जाएगा। पिछले साल दही-हांडी उत्सव के दौरान 245 गोविंदा घायल हुए थे।

### ‘बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण’- महाराष्ट्र सरकार

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और ठाणे में सबसे बड़े दही हांडी प्रतियोगिता के आयोजक प्रताप सरनाईक ने कहा कि 11 साल के गोविंदा की मौत की घटना बेहद दुखद है।
संबंधित मंडल ने सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया था,जिसके चलते मुंबई पुलिस ने केस दर्ज किया है। सभी गोविंदा मंडलों को हाई कोर्ट के नियमों का पालन करना होगा। छोटे बच्चों को मानव पिरामिड में शामिल न करें, बाल गोविंदाओं की सुरक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण है।

### ठाणे महानगरपालिका में 1,773 पदों पर स्थायी भर्ती

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका में कई वर्षों से अटकी भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी मिल गई है। अब वर्ग ‘ग’ और ‘घ’ के 1,773 पदों पर स्थायी नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें स्वास्थ्य और अग्निशमन विभाग के रिक्त पदों को प्राथमिकता दी गई है। अग्निशमन विभाग में 601 पद भरे जाएंगे,जिनमें 381 फायरमैन,207 ड्राइवर और 13 सहायक अग्निशमन अधिकारी शामिल हैं। वहीं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नर्स के 457, मिडवाइफ के 116, वार्डबॉय के 37, जूनियर टेक्नीशियन के 60, हॉस्पिटल आया के 48, मॉर्चरी अटेंडेंट के 28, सर्जिकल असिस्टेंट के 25 और मल्टी पर्पज वर्कर के 33 पद समेत कुल 65 तरह के पद भरे जाएंगे। इसके अलावा असिस्टेंट एक्स-रे टेक्नीशियन, लैबोरेटरी अटेंडेंट, ब्लड बैंक टेक्नीशियन, मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर, फिजिसिस्ट, ड्रग मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर, डाइटीशियन, क्लर्क और असिस्टेंट लाइसेंस इंस्पेक्टर जैसे पद भी शामिल हैं।

# 32 करोड़ के मेफेड्रोन संग दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
ठाणे



ठाणे शहर पुलिस की अपराध शाखा यूनिट-02 ने गुप्त सूचना के आधार पर भिवंडी बाईपास,रंजनोली क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 15 किलो 924 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) मादक पदार्थ के साथ दो शातिर तस्करों को रंगेहाथ दबोच लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 31.84 करोड़ रुपए आंकी गई है। 9 अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे तस्करों के आने की पुख्ता जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर पुलिस टीम ने ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर ओम साईं परिवार बाबा के सामने घेराबंदी कर जाल बिछाया और दोनों को उनके वाहनों समेत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में तनवीर अहमद कमर अहमद अंसारी, निवासी अमृतनगर, मुंबई तथा महेश हिंदूराव देसाई, निवासी उल्हासनगर शामिल हैं। तलाशी के दौरान तनवीर की स्विफ्ट डिजायर कार (कीमत 24 लाख रुपये) और महेश की बीएमडब्ल्यू कार (कीमत 30 लाख रुपये) से कुल 15.924 किलो एमडी बरामद हुआ। इसके अलावा 22 हजार रुपये मूल्य के तीन मोबाइल फोन और 8,140 रुपये नकद भी जब्त किए गए। कुल बरामदगी की कीमत 32,20,10,140 रुपए है। आरोपियों के खिलाफ कोनगांव पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(ए), 22 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि तनवीर के खिलाफ मुंब्रा, दैचर और बायकुला पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं, जबकि महेश के खिलाफ कोल्हापुर जिले के अजरा पुलिस स्टेशन में चोरी, मारपीट, एनडीपीएस और मकोका के मामले लंबित हैं। पुलिस के अनुसार, यह मादक पदार्थ ठाणे और मुंबई में खपाने के लिए लाया गया था।

# बेस्ट बस की टक्कर में महिला की मौत

**मुंबई।** मंगलवार सुबह मालाबार हिल स्थित सह्याद्री स्टेट गेस्ट हाउस के बाहर एक 75 वर्षीय महिला की दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई,जब एक इलेक्ट्रिक बेस्ट बस एक खड़ी कार से टकरा गई। पीड़ित महिला की पहचान प्रकाश 1 बिल्डिंग, रिज रोड (बी. जी. खैर मार्ग) निवासी नीता नितिन शाह के रूप में हुई है। वह सुबह करीब 9:10 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं, जब यह हादसा हुआ,अधिकारियों के अनुसार, वह बस और खड़ी कार के बीच फंस गईं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विजय वल्लभ चौक से कमला नेहरू पार्क जाने वाले रूट 105 पर चलने वाली इलेक्ट्रिक



बस घटनास्थल के पास पहुँच रही थी, तभी ड्राइवर ने अचानक शोर सुना, जांच करने पर उसने पाया कि एक पैदल यात्री बस के बाएं पिछले टायर के संपर्क में आ गया था, और टक्कर से सड़क किनारे खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सुश्री शाह को जे.जे. अस्पताल पहुंचाया।

# सपा अकेले 150 सीटों पर मनपा का चुनाव लड़ेगी

महानगर संवाददाता
मुंबई

अखिलेश यादव की पार्टी ने मनपा चुनाव को बड़ा ऐलान कर दिया है। मंगलवार को महाराष्ट्र सपा के अध्यक्ष और मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से विधायक अबू आजमी ने कहा कि सपा अकेले 150 सीटों पर मुंबई महानगरपालिका का चुनाव लड़ेगी। दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। सपा का ये ऐलान महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के लिए एक तरह से झटका है, क्योंकि एमवीए के दल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की पार्टी उसी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं, जिसमें सपा भी शामिल है। लेकिन सपा ने अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में मीडिया से मुखातिब होते हुए अबू आजमी ने कहा, “समाजवादी पार्टी अकेले दम पर



बीएमसी का चुनाव लड़ेगी और 150 सीटों पर लड़ेंगे।”

**हमारी विचारधार सांप्रदायिकता को खत्म करना**

अबू आजमी ने कहा कि हमारी विचारधार है कि इस देश में हिंदू-मुस्लिम भाई की तरह रहें. हम सांप्रदायिकता को खत्म करें. मस्जिद में अजान हो, मंदिर में पूजा हो और सब ‘सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा’ गीत गाएं. लेकिन अभी जो सत्ता में बैठे हैं वो इसे खत्म करना चाहते हैं।

**कांग्रेस पर क्यों भड़के अबू आजमी?**

राज ठाकरे के लाउस्पीकर का विरोध किया, अब राज ठाकरे उद्धव ठाकरे के साथ हैं और कांग्रेस के साथ हैं, इस सवाल पर पर अबू आजमी ने कहा कि कांग्रेस का दोगलापन है. जब हमारा कोई मुद्दा आता है तो ये बोलते नहीं हैं।

# टूटने लगा बांद्रा -कुर्ला कॉम्प्लेक्स का साइकल ट्रैक

## टैक्स दाताओं के पैसों से खिलवाड़ होने का आरोप

**मुंबई।** एमएमआरडीए द्वारा बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बनाई गई 9.90 किलोमीटर लंबी साइकिल ट्रैक लंबे समय से बिना उपयोग के पड़ी हुई थी। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के आंतरिक मार्गों पर यातायात जाम की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही थी। इसी कारण एमएमआरडीए ने इस साइकिल ट्रैक को हटाने का निर्णय लिया और कुछ दिन पहले इसे तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। ट्रैक को पूरी तरह हटाकर सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी,जिससे बीकेसी के 9.90 किलोमीटर लंबे आंतरिक मार्ग जल्द ही चौड़े होंगे और जाम की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। बीकेसी में आने-जाने वाले लोगों को पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का विकल्प देने के उद्देश्य से एमएमआरडीए ने 6 करोड़ रुपए की लागत से साइकिल ट्रैक बनाया था और इसका भव्य उद्घाटन किया गया था। लेकिन इसका इस्तेमाल साइकिल चलाने के बजाय वाहन पार्किंग के लिए होने लगा। उपयोग न होने के कारण इस परियोजना पर आलोचना शुरू हो गई। इसके बावजूद 2017 में फिर से साइकिल ट्रैक बनाने की योजना बनाई गई।

पहले चरण में 5 किलोमीटर लंबा ट्रैक बनाया गया और फिर दो चरणों में इसकी लंबाई बढ़ाई गई। इस पूरी परियोजना पर 55 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

# रानीबाग में पेंग्विन पक्षी देखने से लोगों का भरा मन

## नए प्राणी नहीं आने से पर्यटकों की संख्या में गिरावट

**मुंबई।** भायखला स्थित जिजामाता उद्यान एवं प्राणी संग्रहालय रानी बाग में आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रानीबाग चिड़िया घर में 23 लाख 57 हजार 831 पर्यटक यहां पहुंचे, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब छह लाख कम हैं। इस गिरावट के साथ ही उद्यान का राजस्व भी घटा है। माना जा रहा है कि नए आकर्षक प्राणियों और सुविधाओं की कमी भी इसका कारण हो सकती है।

बता दे कि रानीबाग चिड़िया घर में पेंग्विन पक्षी लाए जाने के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई थी।मनपा प्रशासन ने पेंग्विन पक्षी लाने के बाद पर्यटकों के शुल्क में बढ़ोत्तरी कर दी थी। लेकिन अब लग रहा है कि पर्यटकों का पेंग्विन पक्षी से मोहभंग हो रहा है जिसके चलते अब पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है।चिड़िया घर में नए पाणी एवं पक्षी भी नहीं लाए जा रहे है इसका भी पर्यटकों की संख्या में गिरावट का कारण माना जा रहा है। रानी बाग में सैकड़ों किस्म के पशु-पक्षी और दुर्लभ वृक्ष हैं। कुछ वर्ष पहले यहां पेंग्विन भी लाए गए थे। बाग में 6,600 से अधिक पौधे और 350 से ज्यादा प्रजातियों के जानवर हैं। कोरोना काल में चिड़िया घर बंद रहने के बाद नवंबर 2021 में इसे फिर से खोला गया था। पाबंदियां हटने के बाद यहां भीड़ बढ़ी और राजस्व में भी इजाफा हुआ खासकर पेंग्विन आने के बाद।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने सोमवार को विक्रोली इलाके से भारतीय करेंसी के बदले नकली नोट देकर ठगी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन और भारी मात्रा में नकली नोट जब्त किए। क्राइम ब्रांच सेल 6 के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि मुंबई शहर में एक बड़ा गिरोह नकली नोट बेच रहा है। तदनुसार, क्राइम ब्रांच ने जांच की और नकली ग्राहक बनकर गिरोह से संपर्क किया। उस समय, आरोपियों ने बताया कि 25,000 रुपये में 1 लाख रुपए के नकली नोट दिए जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत गिरोह को विक्रोली इलाके में बुलाया। तदनुसार,क्राइम ब्रांच सेल 6 के अधिकारियों ने सोमवार रात करीब 11 बजे विक्रोली बस डिपो क्षेत्र के फिरोजशाह नगर में जाल बिछाया। ये आरोपी कई लोगों को ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने का लालच देकर भारतीय नोटों के बदले नकली नोट दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्ज़े से एक कार, छह मोबाइल फ़ोन और भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किए हैं।

# मुसलमानों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**मुंबई।** मौलाना आज़ाद एकता संघ द्वारा मुसलमानों के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साबुसिद्दीक मुसाफिर खाना में हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र और मुंबई से बड़ी संख्या में मौलाना आज़ाद एकता संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉक्टर वजाहत मिर्जा,पूर्व एमएलसी और अकोला के एमएलए, साजिद पठान साहब और बशीर मूसा पटेल साहब ने अपने विचार व्यक्त किए । इस बैठक में किसानों के पशुओं की खरीद-फरोख्त के बाजार बंद होने और




किसानों को होने वाले नुकसानों से कुरैश समुदाय की वर्तमान हड़ताल और इसके प्रभावों पर विचारकों ने विस्तार से चर्चा की और अपने उपयोगी सुझावों से नवाजा। इसके अलावा, मुसलमानों की शैक्षिक पिछड़ेपन के कारणों और इसके समाधान पर विचारकों ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉक्टर वजाहत मिर्जा साहब ने मुस्लिम बच्चों की कोचिंग कक्षाएं शुरू करने और आईएएस और आईपीएस बनने के लिए प्रयास करने का सुझाव दिया। साजिद पठान साहब ने कहा कि विधानसभा में मुसलमानों के मुद्दों पर आधारित हर सवाल उठाने का यकीन दिलाया और इसके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# भायंदर में परोपकार समिति का भव्य झूला महोत्सव सम्पन्न



**भायंदर।** परोपकार भायंदर क्षेत्रीय समिति के द्वारा भायंदर (प.) स्थित श्री माहेश्वरी भवन में झूला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था । इस अवसर पर अलौकिक दरबार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं प्रसिद्ध भजन गायक जयशंकर चौधरी (कोलकाता) की संगीतमयी प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु नृत्य के माध्यम से झूम उठे।इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक एवं विधायक नरेंद्र मेहता ने परोपकार समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक प्रकल्पों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष रामकिशोर दरक ने संस्था के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय समिति से नरेश बंसल, पवन खेतान, राजेंद्र झुंझुनूवाला, गणपत कोठारी, अमरीश अग्रवाल सहित परोपकार भायंदर क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष मदनलाल भूतड़ा, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, बाबूलाल तोषनीवाल, नटवर डागा ने अतिथियों का स्वागत किया।महोत्सव में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी, राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश भूतड़ा, रामअवतार भूतड़ा, विजय मोदी, जयनारायण राठी, नरेंद्र गुप्ता, मनोज जांगिड़, संजय अग्रवाल, महेश भूतड़ा, अशोक बोथरा, श्यामसुंदर राठी, गायत्री भूतड़ा, ललिता मित्तल, अनिता गाड़ोदिया सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के तत्पश्चात आरती एवं महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# विधायक ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी

**उल्हासनगर।** शहर में एक चौकाने वाला मामला सामने आया है,वर्ष 2019 से लगातार चुने जा रहे सत्ताधारी विधायक कुमार आयलानी ने शहर के सड़कों पर बड़े- बड़े गड्ढे नहीं भरे जाने पर मनपा मुख्यालय में आयुक्त के कार्यालय सामने धरना आंदोलन की चेतावनी दी है,विधायक द्वारा यह आंदोलन चेतावनी तब दिया गया जब उल्हासनगर शहर में उनके विपक्षी पार्टी टीम ओमी कालानी प्रमुख ओमी पप्पू कालानी ने अपने समर्थकों के साथ पूरे शहर में सड़कों के गड्ढे में खड़े होकर शर्म करो गड्ढे भरो अभियान शुरू किया है। इस अभियान से मनपा दबाव में आ गई है ,बता दें की इस अभियान में शहर के




नागरिक भी खुलकर सड़कों पर उतरकर शर्म करो गड्ढे भरो के अभियान को तेज कर दिया है,नागरिकों के इस अभियान बढ़चढ़ करके हिस्सा लेने से शहर विधायक के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है और पूरे शहर में विधायक आयलानी के कामो को लेकर चर्चा शुरू हो गई है की उनके विधायक चुने जाने के बाद से गत कई वर्षों से लगातार शहर की सड़कों पर गड्ढों के साम्राज्य होने के साथ सड़के टूटी हुई है,और मनपा प्रशासन शहरवासियों से करोड़ों रुपया टैक्स लेने के बाद भी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से नही ले रही है,और सत्ताधारी विधायक सांसद सरकार भी आंख बंद कर तमाशाई बने है, बता दे की उल्हासनगर शहर में सड़कों की समस्या ने एक विकराल रूप धारण कर लिया है, टीम ओमी कालानी व नागरिकों के द्वारा शहर में शर्म करो अभियान शुरू करने के बाद अचानक विधायक कुमार आयलानी नींद से जाग गये है व सक्रियता दिखाने लगे हैं।

# अदानी ने धारावी में चल रहे घरों का सर्वेक्षण किया बंद

## बकाया झोपड़ा धारकों को खुद कंपनी ऑफिस जाकर कराना होगा सर्वेक्षण

**मुंबई।** धारावी पुनर्विकास प्रोजक्ट के तहत नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिछले साल से घर-घर जाकर झोपडा धारकों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण मंगलवार से बंद कर दी है। अडानी समूह ने इसकी घोषणा पिछले महीने ही कर दी थी कि 12 अगस्त के बाद घर घर जाकर चल रहा सर्वेक्षण बंद किया जाएगा। अब जिन झोपड़ा धारकों का अपने घर का सर्वेक्षण कराना होगा उन्हें खुद धारावी प्राधिकरण के महिम स्थित ऑफिस पर जाकर कराना होगा।इस तरह की घोषणा डीआरपी और एनएमडीपीएल ने की है। कंपनी ने कहा है कि जिन्हें सर्वेक्षण कराना है वह आवश्यक दस्तावेज लेकर कंपनी के महिम स्थित कार्यालय पर स्वयं आए। बता दें कि धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट अडानी समूह द्वारा एनएमडीपीएल कंपनी के मार्फत किया जा रहा है। इसके तहत झोपड़ों का सर्वेक्षण पिछले साल से किया जा रहा है। कुछ लोगों ने अडानी के सर्वेक्षण का विरोध करते हुए खुद सर्वेक्षण में शामिल नहीं हुए। अडानी समूह ने बीस दिन पहले ही घोषणा की थी कि जिन झोपड़ा धारकों का बायोमेट्रिक सर्वेक्षण नहीं हुआ है वह अपना सर्वेक्षण करा ले ।कंपनी ने 12 अगस्त तक सर्वेक्षण शुरू रहने की बात कहते हुए इसके आगे घर घर जाकर सर्वेक्षण बंद करने की बात कही थी।मंगलवार को कंपनी की ओर से कह दिया गया कि जो झोपड़ा धारक बायोमेट्रिक सर्वेक्षण में शामिल नहीं हुए है उन झोपड़ा धारकों की पात्रता तय नहीं होगी और इस कारण उन्हें घर के लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है। डीआरपी ने बायोमेट्रिक न कराने वाले लोगों से तुरंत डीआरपी और एनएमडीपीएल के कार्यालय से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।


कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
(आदिवासी विकास शाखा)
-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/2025-26/ 1103/बीजापुर, दिनांक 11-08-2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित आश्रम / छात्रावास भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत “c” श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनाँक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत् ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत् दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।


| क्र० | NIT क्र./दि. | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | 26/11.08.2025 | 173509 | आदिवासी कन्या आश्रम इलमिड़ी | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 02 | 27/11.08.2025 | 173510 | आदिवासी बालक आश्रम मंगनार | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 03 | 28/11.08.2025 | 173511 | आदिवासी बालक आश्रम अम्बेली | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 04 | 29/11.08.2025 | 173512 | आदिवासी कन्या आश्रम भट्टीगुड़ा | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 05 | 30/11.08.2025 | 173513 | आदिवासी बालक आश्रम पदेड़ा | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 90 | 31/11.08.2025 | 173514 | आदिवासी बालक आश्रम गुन्लापेंटा | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 07 | 32/11.08.2025 | 173519 | आदिवासी बालक आश्रम करकावाया | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 08 | 33/11.08.2025 | 173517 | आदिवासी कन्या आश्रम केशकुतुल | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |
| 09 | 34/11.08.2025 | 173518 | आदिवासी बालक आश्रम गोंगला | 15119000.00 | 2nd call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा अंतिम तिथि (Bid due Date) 24.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है । निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start Date) 14.08.2025 से है। निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्टवेवसाईट-https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
G-252602751/9

हस्ता/-
सहायक आयुक्त
(आदिवासी विकास-बीजापुर


# वसई-विरार में परिवहन सेवा ठप, नागरिकों को भारी परेशानी




**विरार।** वसई-विरार महानगरपालिका की परिवहन सेवा में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने मंगलवार सुबह से अचानक काम बंद आंदोलन शुरू कर दिया। यह हड़ताल कर्मचारियों द्वारा वेतन संबंधी लंबित मांगों को लेकर किया गया और इसके चलते पूरे वसई-विरार क्षेत्र में सुबह से ही सभी बस सेवाएं पूरी तरह से ठप पड़ गई। आम जनता को अपने दैनिक आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि,उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता।

# 4,657 विद्यार्थियों ने बनाई शाडू मिट्टी की प्रतिमा

## इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और OMG बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका और एजुकेशन टुडे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंगारक चतुर्थी के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूली बच्चों ने शाडु मिट्टी से पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं बनाईं। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रिकॉर्ड कायम किया। सुबह 8 बजे से ही डोंबिवली



के कै. सुरेंद्र वाजपेयी बंदिस्त सभागार में बच्चों का उत्साह चरम पर था। महापालिका क्षेत्र के नगर निगम स्कूलों, निजी एवं अनुदानरहित स्कूलों के छात्रों ने पूरे मनोयोग से प्रतिमाएं गढ़ीं। उनकी प्रतिभा को देखने और सराहने के लिए विधायक राजेश मोरे, महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल और पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे मौजूद रहे। विशेष रूप से क्षितिज गतिमंद विद्यालय के छात्रों ने भी अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर 4,657 विद्यार्थियों ने प्रतिमाएं बनाई, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले बेंगलुरु में 3,308 प्रतिमाओं का रिकॉर्ड था। नई उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और OMG बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया।

# राज्य में उचित मूल्य दुकानदारों के मार्जिन में वृद्धि

## अब 150 रुपए के बजाय मिलेंगे 170 रुपए प्रति क्विंटल

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न और चीनी वितरित करने वाले उचित मूल्य दुकानदारों के मार्जिन में कैबिनेट बैठक में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। अब दुकानदारों को 150 रुपए के बजाय 170 रुपए प्रति क्विंटल मार्जिन मिलेगा।



अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिक परिवार योजना राशन कार्ड धारकों को 53,910 उचित मूल्य दुकानदारों के माध्यम से ई-पॉस मशीन द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन करके अनाज, चीनी और अन्य वस्तुओं का वितरण किया जाता है। दुकानदारों को केंद्र सरकार की ओर से 45 रुपए और राज्य सरकार की ओर से 105 रुपए, यानी कुल 150 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मार्जिन दिया जाता था। दुकानदार संगठनों की ओर से इस मार्जिन राशि में वृद्धि की मांग की गई थी। इस मार्जिन में प्रति क्विंटल 20 रुपए की वृद्धि को मंजूरी दी गई। इस प्रकार उचित मूल्य दुकानदारों को अब प्रति क्विंटल 170 रुपए (1,700 रुपए प्रति मीट्रिक टन) मार्जिन दिया जाएगा। इसके लिए हर साल लगभग 92 करोड़ 71 लाख रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया जाएगा।

### मुंबई-सोलापुर हवाई यात्रा का किराया कम होगा

सोलापुर–पुणे–मुंबई हवाई मार्ग के लिए उड़ान योजना के आधार पर एक वर्ष के लिए प्रति सीट वायबिलिटी गैप फंडिंग निधि उपलब्ध कराने को मंत्रिमंडल बैठक में मंजूरी दी गई। इससे सोलापुर–मुंबई की हवाई यात्रा का किराया कम होगा। केंद्र सरकार ने आम नागरिकों को हवाई यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' शुरू की है। यह योजना सोलापुर हवाई अड्डे पर भी लागू होने वाली है। योजना लागू होने तक एक वर्ष के लिए प्रति सीट 3,240 रुपए (100% वीजीएफ) की दर से वायबिलिटी गैप फंडिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इससे सोलापुर–पुणे–मुंबई हवाई यात्रा का किराया कम करने में मदद मिलेगी। इस निर्णय के अनुसार सोलापुर–मुंबई और सोलापुर–पुणे हवाई मार्ग के लिए स्टार एयर कंपनी को प्रति सीट वायबिलिटी गैप फंडिंग दी जाएगी। इसके लिए 17 करोड़ 97 लाख 55 हजार 200 रुपए का प्रावधान किया जाएगा। जब इस हवाई अड्डे पर उड़ान योजना लागू हो जाएगी, तब राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली यह निधि बंद कर दी जाएगी और केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अनुसार 20% वायबिलिटी गैप फंडिंग दी जाएगी।

# मंत्रिमंडल की बैठक से शिंदे रहे नदारद

## राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महायुति सरकार में सबकुछ ठीक(ऑल इज वेल) नहीं है। पिछले कुछ महीने से सरकार की प्रमुख सहयोगी पार्टी शिवसेना के मंत्री और विधायक के साथ-साथ पार्टी के सर्वेसर्वा एकनाथ शिंदे नाराज चल रहे हैं। शिवसेना के मंत्री और विधायक एक नहीं कई बार आरोप लगा चुके हैं कि निधि बंटवारे को लेकर उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। इस बीच विधायक संजय गायकवाड़ ने एक बड़ा और सनसनीखेज बयान दिया है। उनके इस बयान से महायुति में एक नया विवाद पैदा हो सकता है। गायकवाड़ ने दावा किया कि पिछले दस महीनों से किसी भी विधायकों को एक रुपए का फंड नहीं मिला है,जबकि उन्ही के पार्टी के मंत्री प्रताप सरनाईक ने संजय गायकवाड़ के आरोप को ख़ारिज कर दिया उन्होंने कहा कि सभी विधायकों को विकास निधि मिल रही है। यदि बात करें परिवहन विभाग की तो एसटी डिपो, एसटी स्टैंड या कुछ अन्य चीजों के लिए निधि की व्यवस्था की जा रही है। इसलिए,भले ही विधायकों ने प्रासंगिक बयान दिए हों,लेकिन सरकार के पास निधि की कोई कमी नहीं है।



**निधि बंटवारे में भेदभाव को लेकर नाराजगी**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपनी सरकार के कार्यशैली से बेहद नाराज चल रहे हैं। इसलिए मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वे अनुपस्थित थे। शिंदे के कैबिनेट बैठक में शामिल न होने पर उनके नाराजगी की चर्चा तेज हो गई है। वहीं राजनीतिक गलियारे में एकनाथ शिंदे के एक महीने के भीतर कई बार दिल्ली जाने की चर्चा भी खूब चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कई मुद्दे को लेकर एकनाथ शिंदे पर दबाव बना रही है,इसलिए वे नाराज चल रहे हैं। उन्हें और उनके मंत्रियों को स्वतंत्र रूप से काम करने नहीं दिया जा रहा है। शिवसेना के प्रत्येक मंत्रियों की फाइल को चेक किया जा रहा है, इस बात की बार -बार शिवसेना के मंत्री पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे से शिकायत कर रहे हैं। शिवसेना के विधायक निधि बंटवारे में भेदभाव को लेकर नाराज चल रहे हैं।

**कोई नाराजगी नहीं : महाजन**

महायुति में चल रही नाराजगी पर मंत्री प्रताप सरनाईक और गिरीश महाजन ने कहा कि "हमारे महायुति में कोई विवाद नहीं है।" उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री शिंदे श्रीनगर से मुंबई के लिए रवाना हुए थे,लेकिन उनका विमान नहीं आया था। इसलिए मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हो सके।

# कांग्रेस मुक्त भारत का नारा देने वाली भाजपा हुई कांग्रेस युक्त : सपकाल

### कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला



**मुंबई।** आगामी मुंबई मनपा सहित स्थानीय चुनाव को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारी में जोर -शोर से जुट गई है। इसी कड़ी में प्रदेश के नवनियुक्त पदधिकारियों की दो दिवसीय बैठक बुलाई इस बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की बात करने वाली भाजपा खुद कांग्रेस युक्त हो गई है। राज्य के मुख्यमंत्री के आसपास और उनके मंत्रिमंडल में कांग्रेस के ही लोग दिखाई देते हैं। एक करोड़ सदस्य और पीएम मोदी के नेतृत्व की बात करते हैं, लेकिन उनका नेतृत्व खोखला है। इसी कारण उन्हें कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा में लेना पड़ रहा है और यह उनकी राजनीति की त्रासदी है। कांग्रेस मुक्त भारत के चक्कर में भाजपा खुद कांग्रेस मुक्त हो गई है। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला का खड़कवासला में उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विधानमंडल कांग्रेस दल के नेता विजय वडेट्टीवार, विधान परिषद में गटनेता सतेज उर्फ बंटी पाटील, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व मंत्री बालासाहेब थोरात, पूर्व मंत्री डॉ. विश्वजीत कदम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव बी. एम. संदीप, कुणाल चौधरी, यू. बी. वेंकटेश, संगठन एवं प्रशासन के उपाध्यक्ष एड. गणेश पाटील, वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे आदि उपस्थित थे।

# मांसाहार पर बैन लगाना उचित नहीं: अजित पवार

## मनपा का 15 अगस्त को मटन-चिकन दुकानें बंद रखने का आदेश

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

15 अगस्त को कुछ महानगरपालिकाओं की तरफ से चिकन-मटन की बिक्री पर रोक और कत्लखाने बंद रखने के आदेश पर हंगामा शुरू हो गया है। मालेगांव, छत्रपति संभाजी नगर और कल्याण-डोंबिवली मनपा के मटन-चिकन की बिक्री पर रोक के आदेश के बाद विपक्ष ने इस पर आपत्ति प्रकट की है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी कहा कि 15 अगस्त को मांसाहार पर प्रतिबंध लगाना उचित नहीं बताया। वहीं, शिवसेना यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे ने केडीएमसी आयुक्त के निलंबन की मांग करते हुए कहा कि हम उस दिन नॉनवेज जरूर खाएंगे। 15 अगस्त को मांस बिक्री पर प्रतिबंध से जुड़े सवाल पर अजित पवार ने कहा कि उन्होंने यह खबर टीवी पर देखी है। आस्था का मामला होने पर इस तरह का प्रतिबंध लगाया जाता है। आषाढ़ी एकादशी, महावीर जयंती जैसे अवसरों पर यह निर्णय लिया जाता है। हमारे राज्य में खासकर कोकण में तो हर सब्जी में सूखी मछली डाली जाती है, ऐसे में यह प्रतिबंध उचित नहीं। अगर कोई भावनात्मक मुद्दा है तो उस समय के लिए प्रतिबंध लगाया जाए तो लोग समझ सकते हैं, लेकिन 15 अगस्त को महाराष्ट्र में प्रतिबंध लगाना उचित नहीं। उन्होंने कहा कि वे बारे में जानकारी हासिल करेंगे। वहीं शिवसेना यूबीटी के विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका आयुक्त को निलंबित किया जाना चाहिए, क्योंकि वेज या नॉनवेज का मुद्दा उनका नहीं है। स्वतंत्रता दिवस पर हम क्या खाएंगे, यह हमारा अधिकार है और हम निश्चित रूप से नॉनवेज खाएंगे। हमारे घर में नॉनवेज खाया जाता है।



### अगस्त में तीन दिन बंद रखने का निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार मालेगांव मनपा ने शहर के सभी निजी कत्लखानों और चिकन–मटन बेचने वालों को 15, 20 और 27 अगस्त को अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखने का आदेश दिया है। छत्रपति संभाजी नगर में भी 15 अगस्त को शहर के सभी कत्लखाने बंद रहेंगे। मनपा के आदेश के अनुसार, 15 अगस्त, 20 अगस्त (श्रीकृष्ण जन्माष्टमी) और 27 अगस्त (जैन पर्युषण पर्व, श्री गणेश चतुर्थी और जैन संवत्सरी) को सभी मांस की दुकानें, कत्लखाने और संबंधित व्यवसाय पूरे दिन बंद रखने का आदेश है।

### कोकणी पाड़ा के नालों के चौड़ीकरण का रास्ता साफ

# प्रभावितों को वैशाली नगर में दिया गया 370 वर्ग फिट का घर



**मुंबई।** प्रति वर्ष बारिश में दहिसर पूर्व के कोकणी पाड़ा और आसपास के इलाकों में पानी भर जाता है, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन स्थानीय विधायक प्रकाश सुर्वे के प्रयास से नागरिकों की समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा। सुर्वे बताया कि इस क्षेत्र में दो नाला है, जिसकी सफाई न होने के कारण यहां हर साल बारिश में पानी भर जाता है, लेकिन अब दोनों नालों की चौड़ाई का रास्ता साफ हो गया। नालों की चौड़ाई होने के बाद क्षेत्र में पानी नहीं भरेगा। प्रकाश सुर्वे ने बताया कि घटन पाड़ा नाला नंबर दो के चौड़ीकरण में 15 झोपड़े प्रभावित हो रहे थे। अब इन सभी को पास के वैशाली नगर स्थित रुद्राक्ष बिल्डिंग में 370 वर्ग फिट के घर की चाबी दे दी गई है। जल्द ही ये लोग अपने नए घर में चले जाएंगे। उसके बाद नालों के चौड़ीकरण का काम शुरू हो जाएगा। शिवसेना विधायक सुर्वे ने बताया कि कोकणी पाडा सहित आसपास के अन्य इलाकों में तेज बारिश के कारण लोगों के घरों में पानी भर जाता था। इससे हर साल उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता था। इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए विधायक प्रकाश सुर्वे ने बोरीवली वार्ड कार्यालय से लेकर मनपा मुख्यालय और मंत्रालय में कई बार बैठक की। अब तब जाकर नाला चौड़ीकरण के काम से प्रभावित लोगों के शिफ्टिंग का रास्ता साफ हुआ। गत दिनों नाला चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों को उनके नए घर की चाबी दी गई। इस नाले चौड़ीकरण के निर्णय को बड़ा काम बताते हुए विधायक सुर्वे ने कहा कि अगली बारिश तक नाले चौड़ीकरण का काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद क्षेत्र में पानी नहीं भरेगा।

# यूनेस्को की सूची में किलों को स्थान दिलाने में सरकार सफल

## छत्रपति शिवाजी महाराज के किले में बारे में दी गई जानकारी

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। इसमें 11 महाराष्ट्र और एक तमिलनाडु का किला शामिल है। छत्रपति शिवाजी के किल्ले के महत्व के बारे में जानकारी देने को लेकर भाजपा के स्थानीय विधायक पराग अलवणी के मार्गदर्शन में 11 अगस्त को दीनानाथ मंगेशकर थियेटर में विले पार्ले सांस्कृतिक केंद्र द्वारा'शिव दुर्गा यूनेस्को भरारी' नामक एक शैक्षिक और मनोरंजक गौरव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय के निदेशक डॉ. तेजस गर्गे उपस्थित थे। उन्होंने शिव दुर्गा को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में स्थान दिलाने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के बारे में बताया।




इस मौके पर वरिष्ठ इतिहासकार और दुर्ग विद्वान पराग लिमये ने युद्ध रणनीति के दृष्टिकोण से शिवदुर्गों के महत्व को समझाया तथा काव्या खेडेकर, अथर्व कर्णिक, वैदेही परांजपे, हर्षवर्धन गोरे, श्रावणी वागले, प्राजक्ता रानडे, अर्चना गोरे, मंदार आप्टे, ऋषिकेश रानडे, मिलिंद करमरकर आदि गायकों द्वारा शिवाजी की अद्वितीय उपलब्धियों, वीरता और नीतियों से संबंधित लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किया,इस गौरव समारोह की परिकल्पना विनीत गोरे की थी,जबकि संपूर्ण समारोह का संचालन मंदार खराडे ने किया।

# पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिकार्ड तोड़ प्रवेश

## पिछले दस वर्षों का टूटा रिकॉर्ड: चंद्रकांत पाटिल, एक लाख से अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश

**मुंबई।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा कि राज्य के पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए इस वर्ष विद्यार्थियों से अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अब तक 1,03,115 विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। यह पिछले दस वर्षों का सबसे बड़ा आंकड़ा है और प्रवेश प्रतिशत 93% तक पहुंच गया है। विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि को देखते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त से बढ़ाकर 4 सितंबर कर दी गई है।



पाटिल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा संचालनालय की तरफ से चलाए गए विभिन्न उपक्रमों और प्रवेश बढ़ाने के लिए किए गए उपायों के कारण पॉलिटेक्निक में प्रवेश ने पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की समय-सारणी के अनुसार 14 अगस्त अंतिम तिथि तय की गई थी, लेकिन दसवीं की पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को अवसर मिले, साथ ही त्योहारों की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तिथि बढ़ाई गई है। अब छात्र 4 सितंबर तक संस्थानों में जाकर रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। यही अंतिम तिथि प्रत्यक्ष द्वितीय वर्ष प्रवेश और बारहवीं के बाद के एचएमसीटी और सरफेस कोटिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों पर भी लागू होगी।

पाटिल ने कहा कि दसवीं के बाद के डिप्लोमा पाठ्यक्रम छात्रों के लिए रोजगार और उच्च शिक्षा का एक अच्छा विकल्प साबित हो रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, रोबोटिक्स जैसे नए पाठ्यक्रम, छात्रों में जागरूकता अभियान, उद्योग क्षेत्र से समझौता ज्ञापन और स्व-अध्ययन मूल्यांकन जैसे उपक्रमों के कारण यह रिकॉर्ड तोड़ प्रतिसाद मिला है।

### रिकॉर्ड तोड़ प्रतिसाद के कारण

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, रोबोटिक्स जैसे नए कोर्स।
- छात्रों में जागरूकता अभियान।
- उद्योग जगत से समझौता ज्ञापन।
- स्व–अध्ययन मूल्यांकन जैसी पहल।






# 6652 गोविंदाओं को महानगरपालिका की ओर से मिला बीमा सुरक्षा कवच



**विरार।** आगामी 16 अगस्त को दहीहंडी (गोपालकाला) उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गोविंदा पथकों के प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, वसई - विरार शहर महानगरपालिका द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बीमा सुरक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महानगरपालिका के क्रीड़ा विभाग के माध्यम से शहर के कुल 99 गोविंदा पथकों के 6652 गोविंदाओं का बीमा ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया गया है। यह बीमा सुरक्षा बीमा आवेदन जमा करने की तिथि से लेकर 17 अगस्त की सुबह 6:00 बजे तक वैध रहेगी। हालांकि गोविंदाओं को बीमा सुरक्षा प्रदान की गई है, इसके बावजूद महानगरपालिका ने सभी दहीहंडी आयोजकों से यह अपील की है कि वे कार्यक्रम स्थल पर पूर्ण सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें।

# बहन के ससुर से 1.5 करोड़ की चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**वसई।** मीरा भयंदर, वसई विरार पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने एक चौंकाने वाले मामले का पर्दाफाश करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने पुरुष का वेश धारण कर अपनी ही बहन के बुजुर्ग ससुर के घर से 1.5 करोड़ से अधिक का कीमती सामान चुरा लिया था। शिकायतकर्ता, 66 वर्षीय ओधवजी खिमजी भानुशाली ने 11 अगस्त को मानिकपुर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति कमरे की जांच करने के बहाने उनके घर में घुसा। इसके बाद, बाथरूम जाने के बहाने उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया और बेडरूम में रखी अलमारी से 1490.86 ग्राम सोने के आभूषण और 2320 ग्राम चांदी के आभूषण सहित कुल 1,50,84,050/- का सामान चोरी कर लिया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। केंद्रीय अपराध शाखा ने घटनास्थल की गहन जांच की और 75 से 80 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में पाया गया कि पुरुष चोर ने चोरी का सामान एक जगह रखा था, जिसे बाद में एक महिला ने आकर उठा लिया।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण जनता को सार्वजनिक तौर पर सूचित किया जाता है कि मैं, श्री अमित वर्मा, कमरा नं. डी-5, वर्सोवा अंधेरी सी प्रिंस को-ऑप. हाउसिंग सोसायटी लि., प्लॉट क्र. एडी94, आरएससी-29, मनपा के-पश्चिम वार्ड, वर्सोवा एस.वी.पी. नगर, म्हाडा, अंधेरी (प.), मुंबई – 400 053 (एतद्पश्चात उक्त परिसर के तौर पर संदर्भित) का वर्तमान मालिक हूं और मुझसे, श्री राशिद अनवर मोहम्मद लतीफ राजपूत और कु. सपना मुरलीधर पंजाबी के बीच क्रियान्वित बिक्री विलेख अनुबंध दिनांक 11.11.1997 कहीं खो गया है/गुम हो गया है. मैंने गुमशुदगी रिपोर्ट क्र. 105043-2025 दिनांक 12.08.2025 अंतर्गत उक्त प्रकरण के संबंध में वर्सोवा पुलिस स्टेशन में पुलिस शिकायत दर्ज कराई है. कोई भी व्यक्ति जिनका उक्त परिसर के संबंध में कोई भी आपत्ति अथवा अभिरूचि अथवा अधिकार अथवा किसी भी तरह का कोई भी दावा हो, तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी ऐसी कोई भी आपत्ति लिखित में दर्ज कराएं और उपरोक्त निर्दिष्ट कार्यालय पते पर इसकी लिखित में जानकारी दें अथवा यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त बिक्री विलेख अनुबंध मिलता है तो वे उसे उपरोक्त निर्दिष्ट पते पर जमा करें.

यदि उक्त सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर ऐसा कोई भी दावा तथा आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त निर्दिष्ट अनुबंध को खो गया/गुमशुदा मान लिया जाएगा और श्री अमित वर्मा उपरोक्त निर्दिष्ट परिसर की बिक्री के संबंध में आगे की कार्यवाही हेतु मुक्त एवं स्वतंत्र होंगे.

हस्ता./-
स्थान : मुंबई — अमित वर्मा
दिनांक : 13.08.2025 — मोबाइल नं. 7045631925

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सादर सेवा
**निविदा सूचना**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के क्षेत्रीय रेल प्रबंधक की ओर से वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता द्वारा https://www.ireps.gov.in पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। **कार्य का नाम :** भटकल विभाग के कारवार क्षेत्र में किमी 600/1-5 के बीच बेंग्रे कटिंग स्थान पर ढलान समतल करना, बर्म्स तैयार करना, साइड ड्रेन और कैच वॉटर ड्रेन का लाइनिंग कार्य, जल निकासी सुधार और सुरक्षात्मक कार्य करना। **निविदा क्रमांक: केआर-केडब्ल्यू-ओएल-डब्ल्यू-2024-141-सीबी**, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,22,21,186.02/- **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 04.09.2025 को दोपहर 15:00 बजे तक, अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के कार्यालय से संपर्क करें। अधिक विवरण के लिए देखें (https://www.ireps.gov.in)

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA

टेली. नं. – 022-66405484 ई-मेल : eecityslum@gmail.com

संदर्भ क्र. ईई/शहर/एमएसआईबी/ई-निविदा/38/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्र. 38**

कार्यकारी अभियंता (शहर) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), **कमरा नं. 539, 4थी मंजिल,** गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405484 द्वारा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा ठेकेदारों की संबंधित समुचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 07 कार्यों के लिये खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक **तिथि 14.08.2025** को दोप. **1.00 बजे** है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम **तिथि 21.08.2025** को **सायं. 5.35 बजे** तक है. शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा. सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

Follow us:@mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम एस आई बी बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/655

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था

**पश्चिम रेलवे**
**खानपान सेवाओं का प्रावधान**

**जगजीवनराम अस्पताल (जेआरएच), मुंबई सेंट्रल,** मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा इच्छुक पक्षों से **निविदा सूचना क्र. : जेआरएच-कैंटीन-री-25, दिनांक : 08.08.2025** आमंत्रित की जाती हैं. कार्य का नाम : जीएसटी एवं अन्य कर छोड़कर दर्शाए गए आरक्षित मूल्य/लाइसेंस शुल्क के भुगतान और पांच वर्षों की अवधि हेतु जगजीवनराम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल में कैंटीन से खानपान सेवाओं का प्रावधान. **न्यूनतम आरक्षित मूल्य /निर्धारित लाइसेंस शुल्क** : ₹9,75,500/-. **ईएमडी** : ₹19,200/-. **समापन अवधि** : 05 (पांच) वर्ष. **जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय** : 01.09.2025 को 11.00 बजे तक. **टिप्पणी** : निविदा दस्तावेज, शुद्धिपत्र तथा अधिक जानकारी डाउनलोड करने हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0484

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**'ई– टेन्डर'**
**ई निविदा–सूचना संख्या–एन–235–62 टेली टेण्डर 08–2025**

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई–टेन्डर आमंत्रित करते हैं।

**1–निविदा सूचना सं0:** एन–235–62 टेली टेण्डर 08–2025, **2–कार्य का नाम:** कोचिंग डिपो, गोरखपुर, एन. ई. रेलवे के विभिन्न स्थानों पर रेलनेट तथा दूरसंचार सुविधाओं हेतु विभिन्न दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **3–निविदा लागत:** ₹ 18,62,914.19 (अठारह लाख बासठ हजार नौ सौ चौदह रुपया और उन्नीस पैसे मात्र), **4–बिड सिक्यूरिटी** (बयाना धनराशि): ₹ 37,300.00, **5–ऑफर की वैधता:** 60 दिन, **6–निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान, तिथि तथा अवधि–** कार्यालय मण्डल सिग्नल एवं दूर संचार इंजी/टेली, पूर्वोत्तर रेलवे स्थान, गोरखपुर. दिनांक–02.09.2025, समय–15.00 बजे, **7–कार्य के पूर्ण करने की अवधि:** 03 (तीन) माह। **8–**मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। **9–**विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

नोट: निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली मुजाधि/सिगनल–41 /मुख्यालय, गोरखपुर**

ट्रेनों में बीडी/सिगरेट न पियें

**जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक**

पत्ता: कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५. दिंडोरी रोड, नाशिक
ई मेल पत्ता:- cgeu5nsk@gmail.com दुरध्वनी क्र. ०२५३-२९७०३३९
ई निविदा सुचना क्र. १२ सन २०२५-२६

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरीता निविदा मागवित आहेत, सविस्तर निविदा सुचना शासनाच्या http://wrd.maharashtra.gov.in या संकेतस्थळावर व विभागीय कार्यालयाच्या सुचना फलकावर उपलब्ध आहे.

निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही. सदर निविदा सुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यासविभागीय कार्यालयाच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करुन देण्यात येईल.

कामाचे नाव :- १) रौळस को. प. बंधारा ता. निफाड जि. नाशिक येथे नविन तयार केलेल्या निडल्स गेट (बर्ग) साईज २.१५ X ०.५ मी. ५० नग द्वारांना गॅल्वनायझोंग करणे कामाबाबत.
२) उप अभियंता, द्वार निरीक्षण उपविभाग, नाशिक या उविभागातील निरीक्षण वाहन क्र. एम.एच. १७ सी ३४४३ या वाहनाच्या परीचलनासाठी आवश्यक वाहनचालक यांची सेवा बाह्यअभिकरणा मार्फत घेणेबाबत.
३) उप अभियंता, यांत्रिकी उपविभाग, ईगतपुरी या उपविभागातील निरीक्षण वाहन क्र. एम. एच. ०४ एन ३२०१ या वाहनाच्या परीचलनासाठी आवश्यक वाहनचालक यांची सेवा बाह्यअभिकरणा मार्फत घेणेबाबत..
४) सूर्या प्रकल्प अंतर्गत कवडाल उन्नैयी बंधारा ता. विक्रमगड जि. पालघर येथील द्वार उच्चालक व इतर अनुषंगिक घटकभागांच्या सुरक्षेसाठी चौकीदार यांची सेवा बाह्य अभिकरणामार्फत घेणेबाबत.

जिल्हा :- नाशिक
निविदेची किंमत ₹ :- १) १,२५,८०६/-०
२) ३,३०,२५८/-
३) ३,३०,२५८/-
४) ७,८२,८८०/-

ई निविदा उपलब्ध कालावधी दिनांक :- १४/०८/२०२५ ते दिनांक २२/०८/२०२५
ई निविदा उघडण्याचा दिनांक :- २६/०८/२०२५

जा.क्र. मुद्राउपक्र ५/ नाशिक/ /सन २०२५
दिनांक

**जिमाका-नाशिक १३२/२०२५-२६**
**माहिती कार्यालय, वकीलवाडी, नाशिक.**
**दिनांक :- १२/०८/२०२५**

सही/-
कार्यकारी अभियंता,
मुख्यद्वार उभारणी पथक क्र.५
नाशिक-४.

# हर मोर्चे पर सक्षम भारत

दुनिया के आर्थिक और सैन्य मंच पर तेजी से कद्दावर बन चुके गुटनिरपेक्ष देश भारत ने रूस को साधकर नम्बर वन अमेरिका और नम्बर टू चीन को रणनीतिक मुश्किल में डालते हुए भींगी बिल्ली बना दिया है। इससे समकालीन विश्व के जी-7, नाटो, जी--20, ब्रिक्स और एससीओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ग्लोबल साउथ की पूछ-परख बढ़ गई है क्योंकि इनका अगुवा अब भारत बन चुका है। जानकार बताते हैं कि अमेरिकी दांवपेंचों और चीनी पैंतरों से आजिज आ चुके इन ग्लोबल साउथ के देशों को भारत की सदाशयी नीतियों से जो नीतिगत राहत और वैश्विक सहयोग मिला है, वह इनकी प्राथमिक जरूरत भी है। चूंकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत सबसे तेज़ इकॉनमी बन चुका है, मजबूत सैन्य ताकत के रूप में छा चुका है, इसलिए भारत की मुखालफत दुनियावी थानेदारों को भी भारी पड़ सकती है। यह ठीक है कि सीजफायर और टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा विनम्र और सांकेतिक रखी गई, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत दिनों जो ठोक-पीटकर जोशीला राजपूती बयान दिया है, इसके कूटनीतिक और राजनीतिक मायने में बिल्कुल अलग और अहम हैं। ऐसा इसलिए कि ट्रंप का नाम भी उन्होंने नहीं लिया लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। रक्षा मंत्री सिंह के तल्खी भरे बयान यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि अब भारत अपने राष्ट्रीय, मित्रगत और पड़ोसी हितों से कोई समझौता नही करेगा और जो इस रास्ते में अड़चनें पैदा करने की कोशिश करेगा, या वैसी ताकतों को शह देगा, उससे सख्तीपूर्वक ही निपटा जाएगा। इस बार सीजफायर वाली हड़बड़ाहट भी नहीं दिखाई जाएगी। इसलिए अब कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर ही होनी चाहिए, वो भी अमेरिका-चीन जैसे देशों के साथ अनिवार्य तौर पर। लिहाजा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने ठीक ही कहा है कि नया भारत शेर की तरह दहाड़ता है। शक्तिशाली नेताओं की आंखों में देखकर बात करता है। उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अपने मनमाफिक डील करने में नाकाम रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को ही 'डेड' बताया था। इसलिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी इसी निकृष्ट मानसिकता का दबंग अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था करार दिया जबकि 'सबके बॉस तो हम है' का भाव रखने वाले कुछ देशों को भारत का तेजी से विकास रास नहीं आ रहा है। समझा जाता है कि भारत से होने वाले आयात पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैक्स लगाए जाने के बाद उनका यह बयान सामने आया है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ऐसी कोशिश की जा रही है कि हमारी चीजें बाहर महंगी हो जाएं। फिर भी कोई ताकत दुनिया की बड़ी शक्ति बनने से भारत को नहीं रोक सकती है। तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था अगर किसी देश की है तो वह हमारे भारत की है। अब भारत 24000 करोड़ का रक्षा उत्पाद दुनिया को निर्यात कर रहा है। अब हमने भी ठान लिया है कि आतंकियों को उनके धर्म देखकर नहीं बल्कि उनका कर्म देखकर मारेंगे। जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं। यह महज संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की और भारत की अर्थव्यवस्था के तेज रफ्तार के बारे में संकेत देते हुए साफ कहा कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह गति सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की भावना से हासिल की गई है। पिछले 11 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर पहले शीर्ष पांच में पहुंच गई है और अब तेजी से शीर्ष चार से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधने के कुछ दिन बाद पीएम की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम ने यहां तक कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे भारतीय टेक्नॉलजी और मेक इन इंडिया का हाथ था। उसने कुछ ही घण्टों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान तकरीबन 3 फीसदी ही है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इस तरह से कोरोना महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और दुनियावी युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय विकसित अर्थव्यवस्था की हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में गुजर रही है। वहां पर ट्रंप की अव्यवहारिक नीतियों के चलते महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ऐसा अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का भी मानना है। समझा जाता है कि ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो इसका असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। अब तो इसे टैरिफ टेरर या टैरिफ फतवा तक करार दिया जाने लगा है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। इसलिए अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*काटो तो चिंचिया रहे, ना काटो, गमगीन*
*लगता है ये लिए हैं, ठर्रा अरु नमकीन*
*ठर्रा अरु नमकीन, वाह रे इंडी वाले*
*ये सारे के सारे यार शिखंडी वाले*
*कह सुरेश कविराय अनर्गल ही मत डाटो*
*पटना में तो रखो, मगर मुंबई में काटो*

आज का कार्टून




साभार

# अमेरिका की दादागिरी पर 'ग्रहण'!

**ट्रम्प के टैरिफ़ बढ़ाने की गीदड़भभकी के बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ-साफ कह दिया कि देश के किसानों, पशुपालकों और मछुवारों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।प्रधानमंत्री का यह बयान अमेरिका को और चुभ गया और ट्रम्प को समझ में आ गया कि भारत को झुकाना अब सरल नहीं है।**




अमेरिका की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने का सिर्फ रूस से तेल खरीदना ही एक कारण नहीं है बल्कि इसके पीछे कई और भी कारण हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया है, जो 7 अगस्त से प्रभावी है और वहीं इस टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की चेतावनी दे चुके हैं, जिसके पीछे की वजह भारत द्वारा रूसी तेल खरीदना बताया जा रहा है जबकि भारत का रूस सबसे बड़ा दोस्त है जो हमेशा भारत के साथ बड़े भाई की तरह खड़ा रहता है। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप ने गीदड़भभकी दिखाते हुए भारत के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक टैरिफ को लेकर मसला नहीं सुलझ जाता है, तब तक कोई बातचीत नहीं होगी जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति को ज्ञात है कि भारत में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री है जो अपने देश के हित के आगे अमेरिका क्या दुनिया की किसी ताकत के साथ नहीं झुक सकते है। ट्रम्प के टैरिफ़ बढ़ाने की गीदड़भभकी के बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ-साफ कह दिया कि देश के किसानों, पशुपालकों और मछुवारों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। प्रधानमंत्री का यह बयान अमेरिका को और चुभ गया और ट्रम्प को समझ में आ गया कि भारत को झुकाना अब सरल नहीं है। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद देश के किसान, पशुपालक और मछुवारा व्यवसाय से जुड़े लोग काफ़ी खुश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और हिम्मत की सराहना कर रहे है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पाद और डेयरी प्रोडक्ट्स पर टैरिफ कम करे ताकि भारत जैसे बड़े बाजार में अमेरिका के इन उत्पादों को बेचा जा सके लेकिन भारत इन क्षेत्रों को देश में ज्यादा प्राथमिकता देता है. अगर भारत इन क्षेत्रों को अमेरिका के लिए खोलता है तो भारत के किसानों की आय पर असर होगा जिसे लेकर भारत कभी भी समझौता नहीं करना चाहेगा जबकि अमेरिका कृषि और दुग्ध उत्पादों के लिए शत प्रतिशत टैरिफ़ कम करने की मांग कर रहा है। इसके अलावा अमेरिका यह भी चाहता है कि भारत रूसी तेल का आयात कम करे और अमेरिका से ज्यादा तेल का आयात करे जबकि भारत को अमेरिका की तुलना में सस्ता तेल रूस से मिल रहा है तो अमेरिका से भारत तेल क्यों ख़रीदे। भारत जैसे बड़े बाजार में अमेरिका के मुंह खाने के बाद अमेरिका के दादागिरी पर ग्रहण लगने की आशंका बन रही है क्योंकि अमेरिकी डॉलर दुनिया भर में इस्तेमाल की जाने वाली करेंसी है। वर्ष 1944 से ही अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल सभी देश व्यापार के लिए कर रहे हैं। दुनिया भर के सेंट्रल बैंक अपने यहां डॉलर का रिजर्व रखते हैं। करीब 90 फीसदी विदेशी मुद्रा लेन-देन डॉलर में ही होती है लेकिन ब्रिक्स देशों ने इस पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाये जिसे लेकर ट्रंप बौखलाए हुए हैं क्योंकि ब्रिक्स संगठन के देश मिलकर वर्ल्ड इकोनॉमी में कुल 35 प्रतिशत का योगदान देते हैं। ऐसे में अगर इन देशों ने अमेरिका और डॉलर का विरोध किया तो अमेरिका के सुपर पॉवर बने रहने का स्थिति छिन सकती है। साथ ही डॉलर वर्ल्ड करेंसी से हट भी सकता है और अमेरिकी दादागिरी में ग्रहण लग सकता है। भारत और रूस के तेल व्यापार की बात की जाये तो भारत रूस से 2022 से तेल का आयात बढ़ाया है। भारत अभी रूस से हर दिन 1.7 से 2.2 मिलियन बैरल तक का रूसी तेल आयात करता है। भारत रूसी तेल का करीब 37 फीसदी हिस्सा आयात कर रहा है। वहीं सबसे ज्यादा चीन रूस से तेल खरीद रहा है। साल 2024 में भारत ने रूस से 4.1 लाख करोड़ रुपये का कच्चा तेल आयात किया है। जो अमेरिका को पच नहीं रहा है और अपनी दादागिरी के दम पर अपने देश के कृषि और दुग्ध उत्पाद को भारत जैसे बड़े बाजार में बिना टैरिफ़ के बेचने के लिए बेताब है और भारत द्वारा अमेरिका की बात न मामने पर 50 प्रतिशत टैरिफ़ बढ़ाने की बात कहीं जा रही है। जबकि अमेरिका के इस फैसले से भारत के विरोध में रहने वाला चीन भी अमेरिका के इस कदम को गलत बताया है। अब अमेरिका के लिए एक चिंता और हो रही है कि भारत,रूस और चीन जैसे महाशक्ति यदि एक हो जाएगी तो अमेरिका की दादागिरी भी खतरे में पड़ सकती है। अमेरिका के इस मनमानी टैरिफ़ पर न चीन बल्कि विश्व के कई देशों ने सही नहीं करार दिया है। भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने का विरोध तो अमेरिका का बहाना है, अमेरिका का मुख्य दर्द भारत जैसे बड़े बाजार में अमेरिका के कृषि और दुग्ध उत्पाद को बेचने का मौका न मिलना प्रमुख है। अमेरिका चाहता है कि उसके कृषि और दुग्ध उत्पाद जैसे दूध, पनीर, घी आदि को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिका का तर्क हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस क्षेत्र में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी दुग्ध उत्पाद भारत में आएंगे तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं जबकि अमेरिका में कुछ दुग्ध उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम का इस्तेमाल होता है। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके और भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। इसको लेकर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि देश के किसानों, पशुपालकों और मछुवारों के हितों के साथ समझौता नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री के इस बयान से अमेरिका समेत पूरे विश्व ने भारत के रुख को समझ लिया और सभी ने मान लिया कि भारत अमेरिका के आगे झुकने वाला देश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रहित सर्वोपरि है, इसके लिए जो भी कीमत चुकानी पड़े उसके लिए वह तैयार रहते है। इसलिए इस समय पुरे देश के पक्ष और विपक्ष दलों के नेताओं, किसानों, पत्रकारों, बुद्धजीवियों और आम लोगो को अमेरिका के इस कड़े कदम का विरोध करते हुए सरकार के साथ खड़े होने की जरूरत है।

**- संतोष कुमार तिवारी**

# फट रहे अविश्वास और आरोपों के बम

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं, वे काफी सनसनीखेज हैं। इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा। 2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं। वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। एक तरह से उन्होंने आरोपों की झड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं। विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने, कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं। 54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं । इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (SIR) का बीड़ा उठाया, तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है। उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है। राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में न केवल कटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट



की अंतिम कमियां भी गिना रहे हैं। यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक ओर आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियों में सुधार की बात आती है, तब आप उसका विरोध करते हैं। राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं । इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर, गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई। उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं, यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं, प्रमाण के साथ कर रहे हैं। यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है तथा भारत में सच्चे लोकतंत्र की उपस्थिति पर गहरा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। लेकिन उनकी प्रेस कांफ्रेंस के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें एफिडेविट देकर प्रक्रिया के अनुसार अपनी बात रखने को कहा तो राहुल इसके लिए तैयार नहीं होते। अब क्या सही है और क्या ग़लत, यह मीडिया में तो तय नहीं हो सकता बल्कि इसके लिए तो संविधान सम्मत तरीके से ही फैसला हो पाएगा लेकिन राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव अखिलेश यादव और कांग्रेस व विपक्ष के दूसरे दलों के नेता यह कहकर चुनाव आयोग की एक तरह से खिल्ली उड़ा रहे हैं कि ग़लती चुनाव आयोग की है तो फिर वह शपथ पत्र क्यों दें। यदि आप सही हैं तो फिर आगे बढ़िए और अपनी बात को सिद्ध कीजिए। इसमें डरना क्या और यदि आप यह सिद्ध कर पाए तो आपकी यह बहुत बड़ी सफलता होगी। दूसरी तरफ सत्ताधारी दल राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं चुनाव आयोग को दी गई चुनौती को राहुल गांधी पर बिहार में हार सामने खड़ी देखकर बहाने ढूंढने का तंज कस रहे हैं तो राहुल गांधी चुनाव आयोग से पांच सवाल पूछ कर पलटवार कर रहे हैं। राहुल का एक यह सवाल भी वाजिब है कि यदि चुनाव आयोग सही है तो फिर उसने वेबसाइट से हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के आंकड़े क्यों हटा लिए हैं और वह केवल 45 दिन में ही सीसीटीवी की फुटेज क्यों नष्ट कर देने पर अड़ा हुआ है। इधर चुनाव आयोग का भी कहना है कि इतने विशाल आंकड़े का विश्लेषण करना बहुत दुष्कर कार्य है और चुनाव आयोग के अनुसार इसमें यदि वह जी जान से भी जुटे तो 273 वर्ष का समय लग सकता है जबकि राहुल गांधी का कहना है कि यदि वोटर लिस्ट उपलब्ध करा दी जाए तो यह पांच सात दिन का ही कार्य होगा. अब इसमें समय लगे या ना लगे लेकिन यदि ऐसी लिस्ट मांगी जाती है तो इसे उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का दायित्व है।

**- डॉ घनश्याम बादल**

# जीवन का दूसरा अवसर प्रदान करता है अंगदान

अंगदान और प्रत्यारोपण हर वर्ष हजारों लोगों को जीवन का दूसरा अवसर प्रदान करता है। अमीर और गरीब के बीच भारी असमानता, मानव अंगों की मांग और देश में प्रौद्योगिकी की उपलब्धता जैसे कारणों से मानव अंगों का व्यापार जहां कुछ लोगों को धन प्रदान करता है वहीं अन्य लोगों को राहत पहुंचाता है। अंगों का व्यापार निश्चित रूप से निर्धनता से ग्रस्त लोगों के शोषण को बढ़ावा देता है क्योंकि वे तात्कालिक वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए धन के लालच में अंग बेचते हैं। मानव अंगों को एक वस्तु बना देना सामाजिक, नैतिक और शिष्टाचार संबंधी मूल्यों का ह्रास है और कोई भी सभ्य समाज अंगों की जरूरतें पूरी करने के लिए इस व्यापार को एक विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं कर सकता। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अंगों की बिक्री के बारे में एक बयान में स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐसा करना मानवाधिकारों संबंधी सार्वभौम घोषणा और स्वयं के संविधान का उल्लंघन हैः ''मानव शरीर और इसके अंगों को व्यापारिक लेन-देन का विषय नहीं बनाया जा सकता। तदनुरूप, अंगों के लिए धन प्राप्त करने या अदा करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।'' हर वर्ष हजारों भारतीय अंग प्रत्यारोपण का इंतजार करते करते मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे लोगों की संख्या और दान किए गए अंगों की संख्या के बीच भारी अंतराल है। भारत किडनी प्रत्यारोपण के मामले में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है, जहाँ 80% से ज़्यादा जीवित किडनी दान से होते हैं। हालाँकि हर साल 2,20,000 लोगों को प्रत्यारोपण की ज़रूरत होती है, लेकिन 250 केंद्रों पर केवल लगभग 7,500 किडनी प्रत्यारोपण ही हो पाते हैं।हृदय प्रत्यारोपण के मामले में भी स्थिति भिन्न नहीं है। भारत में हर वर्ष करीब भारत में हर साल लगभग 50,000 लोगों को हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती हैलेकिन,उपयुक्त दाता हृदय की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है और केवल एक छोटा सा प्रतिशत लोगों को ही प्रत्यारोपण मिल पाता है। इसी तरह भारत में कार्निया की उपलब्धता और आवश्यकता के बीच एक बड़ा अंतर है। हर साल 1,00,000 कार्निया प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है लेकिन केवल 30,000 प्रत्यारोपण ही हो पाते हैं। इसका मतलब है कि लगभग 70,000 लोग हर साल कार्निया प्रत्यारोपण के बिना रह जाते हैं। भारत में, कॉर्निया दान की कमी एक बड़ी समस्या है। हर साल लगभग 60,000 कॉर्निया एकत्रित होते हैं, लेकिन 28,000 से भी कम का प्रत्यारोपण हो पाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद, कॉर्निया की उपलब्धता और भी कम हो गई है। भारत में नेत्र बैंकों की संख्या भी अपर्याप्त है। आवश्यक मानकों के अनुरूप पर्याप्त नेत्र बैंक नहीं हैं। भारत में 12 लाख लोग कार्निया की अपारदर्शिता से पीड़ित हैं। इनमें से लगभग एक तिहाई लोगों को कार्निया प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। यह समस्या 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है, और कम उम्र वालों में यह प्राथमिक कारण है।

# लोक जागरण का महापर्व है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

जागरण अर्थात चेतना जीवंतता की पहली शर्त है। यूं तो सभी जीवों में चेतना होती है लेकिन जागृत चेतना केवल मनुष्य में ही संभव है। जागृत चेतना का अभिप्राय अपने परिवेश की हलचल के प्रति सजग रहते हुए अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के गौरव को सुरक्षित रखने का चिंतन के अतिरिक्त कुछ और नहीं हो ही नहीं सकता? यह भी सत्य है कि अपने चिंतन, सजगता और कर्मठता से मानव सदियों से यह उपक्रम लगातार करता आ रहा है। यहाँ निजहित के लिए समाज और राष्ट्र को क्षति पहुंचाने वाली मानसिकता आत्मकेन्द्रित अधिनायकवाद मानी जाती है। उसे भ्रष्टाचार घोषित किया गया है। दुराचार माना गया है। और सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा मानवता विरोधी है। अनैतिक है। हाँ, कुछ लोग अनैतिकता और असंवैधानिकता की चर्चा करते हुए अनैतिकता को छोटी सी भूल और असंवैधानिकता को महान अपराध घोषित कर सकते हैं जबकि अनैतिकता से बड़ा अपराध कोई हो ही नहीं सकता। गैरकानूनी को तो थोड़े से दण्ड के साथ बदला भी जा सकता है लेकिन अनैतिकता का प्रायश्चित आसान नहीं है। इसीलिए तो अनैतिक लोगों का अन्यायी और क्रूर हो जाना आम बात है। रावण और कंस के कृत्य असंवैधानिक शायद ही हों क्योंकि वे स्वयं को अपना और दूसरों का संविधान समझते थे। भाग्य विधाता मानते थे लेकिन इतिहास उन्हें अनैतिक तथा अन्यायी मानता है।... और यह भी इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में दर्ज है कि इन आततायियों से जनसाधारण को बचाने के लिए भगवान ने स्वयं अवतार लिया। 'यदा यदा हि धर्मस्य...' का उद्बोध करने वाले योगेश्वर श्रीकृष्ण की समस्त लीलाएं अन्याय और अत्याचार का नाश करने के लिए ही हुई। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव का पावन दिवस है तो जागरण का पर्व भी। श्रीकृष्ण को दुनिया का प्रथम सत्याग्रही, प्रथम समाजवादी, प्रथम अवज्ञा आन्दोलनकर्ता माना जा सकता है। ब्रज के समस्त ग्वालों को अपना दूध, दही, मक्खन आततायी कंस को भेजने की विवशता थी लेकिन मेहनतकश भूखा रहे और अन्यायी माखन खाये, यह अवधारणा बाल कृष्ण को कदापि स्वीकार नहीं थी। दुनिया उसे लाख माखन चोर, मटकी फोड़ कहें लेकिन उनका दर्शन स्पष्ट था- मेहनत करने वाले का संसाधनों पर पहला हक है। यह द्वापर युग की विशेषता थी कि उन्हें वोट बैंक की चिंता नहीं थी वरना वे भी आज के राजनेताओं की तरह संसाधनों पर मेहनतकश की बजाय एक जमात का पहला हक बताते। यह उनका सत्याग्रह था अथवा अवज्ञा आंदोलन, इसका फैसला आप स्वयं करें कि उन्होंने अपने ग्वाल-बाल सखाओं सहित उस क्षेत्र से बाहर जा रहे दही-माखन की मटकी फोड़कर कंस के अन्याय, भ्रष्टाचार का विरोध किया था। इस दृष्टि में श्रीकृष्ण प्रथम धरती पुत्र भी कहे जा सकते हैं। उन्होंने अपनी लीलाओं से 'भागो मत- मुकाबला करो और स्वयं के भाग्य विधाता बनो' का संदेश दिया जो आज भी उतना ही प्रासंगिक एवं सार्थक है। लोकतंत्र को बेशक कुछ लोग आधुनिक शासन प्रणाली घोषित करते हों लेकिन 'स्वयं के भाग्य विधाता बनने' की श्रीकृष्ण की इस अवधारणा को लोकतंत्र के अतिरिक्त और कहा भी जाए तो क्या? श्रीकृष्ण को सबसे पहले उन्हें जानना होगा। वे भारतीय संस्कृति की जीवंतता के प्रियतम प्रतीक हैं जिसमें आनंद है, सरसता है, उमंग व उल्लास है. जीवन के प्रत्येक क्षण में नवीनता है। जहा दुर्भावनाओं और निराशाओं के लिए स्थान नहीं है। इस धरा पर पर कृष्ण का अवतरण मनोहरम् घटना हैं क्योंकि वे पूर्णता के प्रतीक हैं। एक ओर जहां उन्होंने मानव जन्म की सीमाओं को स्वयं जीकर दिखाया है, वहीं गीता के शाश्वत संदेश को सबके समक्ष प्रस्तुत किया है। कर्म की महत्ता बताने वाले योगीराज कृष्ण के जन्म से जुड़ी हुई रोमांचक घटनाएं, उनका बाल्यकाल, उनका यौवन, उनका स्वधाम गमन सभी कुछ मन व आत्मा को आनंदित तो करता ही है, साथ ही आश्चर्य में डालकर विस्मित भी कर देता है। योग योगेश्वर श्रीकृष्ण निष्काम कर्म के प्रणेता हैं। जिन रासलीलाओं को वर्तमान दौर में सतही प्रेम के नजरिए से देखा जाता है वो वास्तव मे अध्यात्म का अनंत आकाश है, निष्काम कर्म की विस्तृत व्याख्या है, आत्मा की अनंत यात्रा है। श्रीकृष्ण अन्याय और अपमान को एक सीमा तक ही सहन करते हैं. उसके बाद अपनी अंगुली पर सुदर्शन चक्र धारण कर दुष्टों का विनाश किया। आज की व्यवस्था में व्याप्त राक्षशी प्रवृतियों का सफाया करने की शक्ति हम सभी में भी है बशर्ते हम गलत के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने से न चूको।

**- डा. विनोद बब्बर**

# हर घर फ्री बिजली से रोशन बिहार...

## संवाद कार्यक्रम में CM नीतीश कुमार को उपभोक्ताओं ने जताया आभार

महानगर नेटवर्क
पटना




विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से पहले राज्य में बिजली का काफी बुरा हाल था. राजधानी पटना में भी 7-8 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी. 24 नवम्बर, 2005 को राज्य में हमलोगों की सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया. ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया तथा बिजली की आपूर्ति बढ़ाई गई। इसके बाद राज्य के सभी गांवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गयी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के अन्तर्गत 'हर घर बिजली' निश्चय की शुरूआत कर हर घर को बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर, 2018 में पूरा कर लिया गया. इसके बाद जो भी नये घर या टोले बने हैं उन सभी को बिजली पहुंचा दी गयी है।

**शुरू से सस्ती दरों पर बिजली दे रहे हैं : नीतीश**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग शुरू से ही सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराते रहे हैं। बिजली खरीदने में सरकार का काफी ज्यादा पैसा खर्च होता है,लेकिन लोगों को लागत से काफी कम पैसा देना पड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के हित में हमने यह तय कर दिया है कि जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जायेगी।

**राज्य में सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा : नीतीश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा सौर ऊर्जा (सोलर) को भी बढ़ावा दिया जा रहा है तथा सभी सरकारी भवनों की छत पर सौर ऊर्जा (सोलर) संयंत्र लगाये गये हैं। अब हमने यह भी तय किया है कि सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा,उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में अनेक जगहों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. आज के कार्यक्रम में लगभग 16 लाख लोग शामिल हैं।

# बिहार में अब मुखिया और सरपंचों को डेथ सर्टिफिकेट देने का अधिकार

महानगर नेटवर्क
पटना




बिहार में राजस्व महाअभियान को देखते हुए मुखिया और सरपंच को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार दे दिया गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी जिला समाहर्ताओं को पत्र निर्गत किया है कि राजस्व महाअभियान के सफल संचालन के लिए 10 अगस्त को पंचायत प्रतिनिधियों के संघों के साथ राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, पटना में बैठक हुई थी। उस बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों के सलाह के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

बताया गया कि कई मामलों में रैयत या जमाबंदीदार की मृत्यु वर्षों पूर्व हो चुकी है। उनका मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। ऐसे मामलों में तत्काल प्रमाण पत्र बनवाना आसान नहीं है। राजस्व महाअभियान के दौरान ऐसे मामलों में उनके उत्तराधिकारी द्वारा सफेद कागज पर स्व-घोषणा पत्र देकर पंचायत के मुखिया अथवा सरपंच के हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित कराए जाने पर उसे मान्य किया जाएगा। इसके अलावा यदि वंशावली में किसी सदस्य के नाम के साथ 'मृत' लिखा है, तो उसे भी प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाए। इससे पहले बिहार में एक साल से अधिक समयावधि के जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फिर से बीडीओ और नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अधिकार दे दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सात अगस्त को जारी पत्र में इस बाबत बीडीओ व नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को कार्यपालक दंडाधिकारी का अधिकार दिया है। पहले यह जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारियों को दी गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में एसडीएम के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी होने के कारण ऐसे आवेदन लंबित होने लगे थे।

# नवगछिया में गंगा का तांडव बिंदटोली तटबंध टूटने लगा

महानगर नेटवर्क
भागलपुर

भागलपुर जिले के नवगछिया में लोग कटाव की मार से सहमे हुए हैं। गोपालपुर प्रखंड के इस्माइलपुर बिंदटोली तटबंध सोमवार की देर शाम को करीब 350 मीटर तक ध्वस्त हो गया। तटबंध टूटने की आशंका से कई गांवों के लोगों में भय फैल गया और उन्होंने जगकर रात काटा. हालांकि गंगा शांत हुई तो पानी का दबाव घटा है, जिला प्रशासन की टीम यहां कैंप कर रही है। नवगछिया इलाके में इस्माइलपुर-बिंदटोली तटबंध सोमवार की शाम को ध्वस्त होने लगा. स्पर आठ और नौ के बीच 350 मीटर के करीब आधा से अधिक भाग गंगा में समा गया. कटाव का दायरा तेजी से बहने लगा. हालांकि मंगलवार को पानी का दबाव थोड़ा नरम हुआ तो खतरा फिलहाल टला है। प्रशासन की टीम यहां कैंप कर रही है। डीएम, डीडीसी, बीडीओ समेत कई अफसर मौके पर मौजूद रहे। फ्लड फाइटिंग का काम तेज किया गया, तटबंध को बचाने के लिए मरम्मत कार्य जोरों पर है।

**कोसी-सीमांचल और पूर्वी बिहार में बाढ़ का कहर जारी**



**तटबंध बचाने का प्रयास जोरों पर, फिलहाल खतरा टला**

मंगलवार को तटबंध को बचाने के लिए काम चल रहा था .प्रशासन की टीम जब मौके पर पहुंची तो कुछ ग्रामीणों से बीडीओ से अनबन भी हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार, मोबाइल में वीडियो बनाने को लेकर बहस हुई। इधर, ग्रामीणों में खौफ है। फिलहाल खतरा टला हुआ है लेकिन कब गंगा में उफान फिर शुरू हो जाए और तटबंध टूटने लगे, इसे लेकर लोग डरे हुए हैं।

**बिंदटोली में गंगा में समा रहे घर**

रंगरा प्रखंड के बिंदटोली में भी कटाव की मार लोग झेल रहे हैं. कई लोगों के घर यहां गंगा में समा चुके हैं। एनडीआरएफ की टीम ने 30 बाढ़ पीडितों को रेस्क्यू करके निकाला है। प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और कटाव में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का काम जोर-शोर से हुआ।

# दूध पीने से परिवार के 3 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

**दो की मौत, एक हालत गंभीर**

महानगर नेटवर्क
जहानाबाद



जहानाबाद जिले में दूध पीने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई है। जबकि बहन की हालत गंभीर बताई जा रही है,जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बाहर से लाया गया दूध बच्चों को पिलाया गया था। जिसके एक घंटे बाद ही बच्चों को पेट असहनीय दर्द होने लगा। जिसके बाद आनन-फानन में अरवल के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई, बच्ची का इलाज चल रहा है। सभी बच्चे कलेर प्रखंड के मसदपुर गांव के रहने वाले हैं। पटना के खीरी मोड़ गांव स्थित ननिहाल में घटना घटी है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# टाइगर के मुंह से वनकर्मी को छीन लाए

**छह लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर बाघ से अलग किया**

**किसान को खा गया**

महानगर नेटवर्क
बगहा



बगहा में बाघ एक किसान को खा गया। मथुरा महतो (65) सोमवार को खेत पर गए थे,तभी बाघ ने हमला किया और उनके गले और सिर के हिस्से को खा गया। इसके बाद वनकर्मी की टीम बाघ को ढूंढने और किसान की बॉडी लाने खेत की ओर गई। वन विभाग की टीम में सीनियर टाइगर ट्रैकर विजय उरांव भी थे। बाघ को हटाने के लिए वन विभाग की टीम शोर मचा रही थी, तभी बाघ ने विजय उरांव पर हमला कर दिया। अब इस हमले का वीडियो सामने आया है। 35 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि बाघ वनकर्मी को दबोचे हुए है, तभी 6 वनकर्मी लाठी-डंडे से उस पर हमला करते हैं। सभी मिलकर बाघ पर टूट पड़ते हैं, इसी बीच बाघ की पकड़ विजय उरांव पर ढीली पड़ती है, तो साथी वनकर्मी उन्हें खींचते हैं। बाघ दोबारा हमला करता इससे पहले सभी वहां से भागते हैं। मंगलवार सुबह बाघ को ट्रैंकुलाइज किया गया है। उसे पटना जू लाया जाएगा।

**बाघ ने वनकर्मी का पैर दबोच रखा था**

किसान पर हमले की सूचना पर वन विभाग की 15 सदस्यीय टीम झाड़ियों के किनारे पहुंची थी। जो बाघ के मूवमेंट को ट्रैक करने में जुटी थी। इसी बीच बाघ अचानक झाड़ियों से निकलता है और टाइगर ट्रैकर विजय उरांव पर झपटता है। तेजी से हुए हमले विजय उरांव को संभलने का मौका नहीं मिला और वो जमीन पर गिर जाते हैं और बाघ उनके पैर को दबोच लेता है। इस बीच टीम के अन्य सदस्य तुरंत लाठी-डंडों से बाघ को पीछे हटाने की कोशिश करते हैं। करीब 35 सेकेंड के संघर्ष के बाद बाघ कुछ पल के लिए अचेत-सा हो जाता है, और इसी दौरान साथी विजय को खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले गए।

# नशे में धुत पड़ोसी ने दंपति पर किया हमला

## पति की मौत और पत्नी घायल, जांच में जुटी पुलिस



**दरभंगा।** सिमरी थाना क्षेत्र की बनौली पंचायत के धनकौल गांव में सोमवार रात करीब 12 बजे मवेशीखाने में सो रहे दंपती पर नशे में धुत पड़ोसी ने रॉड, बांस और हथौड़े से हमला कर दिया। इस हमले में स्वर्गीय खंजन सहनी के पुत्र रामलक्षन सहनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी सुनैना देवी को डीएमसीएच में इलाज के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से हमले का आरोपी राजकुमार सहनी का पुत्र कौशल कुमार सहनी पूरे परिवार के साथ घर से फरार हो गया है। बता दें कि रामलक्षन सहनी मजदूरी और मवेशी पालन कर अपना जीवन यापन करते थे। बेटे लालबाबू सहनी और रामबाबू सहनी लुधियाना और कर्नाटक में मजदूरी करते हैं। बड़ी बहू रेणु देवी ने बताया कि रात करीब 10 बजे बाबूजी खाना खाने घर आए थे।

# किसान से 20000 घूस लेते धराये राजस्व कर्मचारी

## औरंगाबाद में निगरानी विभाग की बड़ी कार्रवाई

महानगर नेटवर्क
औरंगाबाद



औरंगाबाद के ओबरा से निगरानी विभाग की टीम ने एक घूसखोर राजस्व कर्मचारी को घूस के पैसे के साथ रंगे हाथ दबोच लिया, पकड़ा गया प्रमोद कुमार ग्राम पंचायत सोनहुली और ऊब ग्राम पंचायत का राजस्व कर्मचारी था। इस मामले में डाटा ऑपरेटर सहित दो लोगों को पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया गया था।

**पौने दो लाख रुपए की की जा रही थी मांग**

मिली जानकारी के अनुसार ओबरा प्रखंड के मानिकपुर गांव निवासी किसान दारोगा सिंह के पुत्र उदय कुमार परिमार्जन प्लस के लिए राजस्व कर्मचारी का चक्कर लगा रहा था.परिमार्जन प्लस के नाम पर कर्मचारी द्वारा पौने दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी. काफी दिन से बारगेनिंग का भी काम चल रहा था।

**निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराने के बाद कार्रवाई**

इसी बीच उदय निगरानी विभाग पटना पहुंचा और संबंधित थाने में 60/25 के रूप में शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद निगरानी की टीम गतिविधियों पर नजर रखने लगी। मंगलवार को उदय कुमार 20 हजार रुपए लेकर अंचल कार्यालय के समीप स्थित आधुनिक अभिलेखागार डाटा सेंटर पहुंचा और परिमार्जन प्लस के नाम पर 20 हजार रुपए राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार को दिया, पैसा टिफिन बॉक्स में था।

# बिहार में 5000 करोड़ सीएसआर फंड का लक्ष्य

**CSR पोर्टल लॉन्च, सरकार ने बताई खूबियां**



**पटना।** पटना में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पुराना सचिवालय स्थित मुख्य सभागार में नव विकसित सीएसआर पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि राज्य सरकार पांच हजार करोड़ रुपए का सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड बिहार लायेगी। इस राशि को उपयोगिता और गुणवत्ता के साथ राज्य, समाज, पर्यटन और पर्यावरणीय गतिविधियों पर खर्च किया जायेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि यह पोर्टल सरकार, कॉरपोरेट जगत, एनजीओ और समाज के बीच मजबूत सेतु का काम करेगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में देशभर में सीएसआर पर 50 हजार करोड़ से अधिक खर्च होता है।

# बेतिया के अस्पताल में शव को सीढ़ियों पर घसीटा

महानगर नेटवर्क
बेतिया



बेतिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (GMCH) से एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दो लोग एक बुजुर्ग के शव को सीढ़ियों से घसीटकर ले जाते दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि बुजुर्ग के शरीर पर कपड़े नहीं हैं। इस दौरान अस्पताल में मौजूद लोग सिर्फ देखते रहे।

मृतक की पहचान रिटायर्ड कर्मचारी कैलाश प्रसाद (65) के रूप में हुई है। वे शुक्रवार दोपहर से लापता थे। सोमवार को नौतन रोड स्थित श्रीराम नगर के पास एक गड्ढे से पुलिस ने उनका शव बरामद किया। बॉडी पूरी तरह से गली हुई थी, जिसके कारण पहले शव की पहचान नहीं हो पाई और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान मास्क लगाए दो व्यक्ति कैलाश प्रसाद के शव को पैरों से पकड़कर घसीटते हुए मॉर्चुरी तक ले गए।

**स्ट्रेचर नहीं मिलने पर सीढ़ी से घसीटकर ले गए**

दरअसल, GMCH में पोस्टमॉर्टम विभाग पहली मंजिल पर है, लेकिन शव को पोस्टमॉर्टम हाउस तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर की व्यवस्था नहीं है। बुजुर्ग का शव मिलने के बाद उससे दुर्गंध आ रही थी, जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इसी दौरान मृतक का बेटा अस्पताल पहुंचा और शव की पहचान की। वीडियो से यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि शव खींचने वाले लोग अस्पताल कर्मचारी थे या पुलिसकर्मी। मृतक के परिजन ने बताया कि कैलाश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनके लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 368 अंक गिरकर 80,236 पर बंद



महानगर नेटवर्क
मुंबई

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार,12 अगस्त को बाजार में करीब 850 अंकों का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स 368 अंक गिरकर 80,236 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की गिरावट रही, ये 24,487 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में तेजी और 17 में गिरावट रही। मारुति का शेयर 2% से ज्यादा चढ़ा। टेक महिंद्रा, M&M और NTPC के शेयरों में भी तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3% गिरा। इसके अलावा, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, HDFC बैंक और जोमैटो के शेयर्स में 1.4% गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 17 में तेजी और 33 में गिरावट रही।

# सोना 985 सस्ता हुआ 99,957 प्रति दस ग्राम पर पहुंचा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



सोने और चांदी की कीमतों में आज (11 अगस्त) गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 985 रुपए घटकर 99,957 रुपए पर आ गया है। शुक्रवार को इसके दाम 1,00,942 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

इस साल सोना 23,795 रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम सोने की कीमत 76162 रुपए थी। 8 अगस्त को सोने के दाम 1,01,406 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए थे।

वहीं, एक किलो चांदी 1,231 रुपए गिरकर 1,13,501 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी 1,14,732 रुपए किलो प्रति पर थी। चांदी के दाम 23 जुलाई को अपने ऑल टाइम हाई 1,15,850 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए थे।

# सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क ने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

महानगर नेटवर्क
मुंबई

सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड (एससीएनएल) (एनएसईः सैटिन, बीएसईः 539404) ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय संख्याएँ इंडएएस पर आधारित हैं।

कंपनी का असेट अंडर मैनेजमेंट वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 12,499 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही में 11,706 करोड़ रुपये था।

कंपनी की शुद्ध ब्याज आय 416 करोड़ रुपये हुई जो पिछले साल इस तिमाही में 383 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कर-पश्चात लाभ 45 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष में 105 करोड़ रुपये था। कंपनी का प्रावधान-पूर्व परिचालन लाभ 201 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल इसी अवधि में 213 करोड़ रुपये था।

# हुरुन रिच लिस्ट, अंबानी परिवार देश में सबसे अमीर

- बिजनेस वैल्यूएशन 28 लाख करोड़ पहुंचा
- ये भारत की GDP के 12वें हिस्से के बराबर



**नई दिल्ली।** अंबानी परिवार ने 2025 की हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेसेज लिस्ट में टॉप पोजिशन हासिल की है। उनके बिजनेस का वैल्यूएशन 28 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो भारत की GDP के लगभग बारहवें हिस्से के बराबर है। वहीं लिस्ट में दूसरे नंबर पर कुमार मंगलम बिड़ला परिवार है। इनके बिजनेस का वैल्यूएशन 6.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जिंदल परिवार ने भी टॉप तीन में जगह बनाई है। उनके बिजनेस का वैल्यूएशन 5.7 लाख करोड़ रुपए है। लिस्ट में 100 नए परिवार जुड़कर कुल 300 हो गए, जिनकी टोटल वैल्यू $1.6 ट्रिलियन (134 लाख करोड़) है। ये टर्की व फिनलैंड की GDP से भी ज्यादा है। लिस्ट के टॉप 10 परिवार करीब 50% वैल्यू रखते हैं।

# रसना ने आइकॉनिक ब्रांड 'जंपिन' को फिर से भारतीय बाजार में उतारा

महानगर नेटवर्क
मुंबई



दुनिया में सबसे ज्यादा इंस्टेंट ड्रिंक बनाने वाली कंपनी रसना प्रा. लि. ने नया फ्रूट जूस जंपिन लॉन्च किया है। यह 100% भारत में बना रेडी-टू-ड्रिंक (RTD) फ्रूट जूस है। इसे भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर लॉन्च किया गया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बी इंडियन, बाय इंडियन' अभियान के तहत स्वदेशी को बढ़ावा देने के संदेश से जुड़ा है। इस लॉन्च के साथ रसना ने RTD सेगमेंट में कदम रखा और देश में बने आत्मनिर्भर उत्पादों को बढ़ावा देने का अपना वादा दोहराया।

भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रसना प्रा. लि. ने देश की सुरक्षा बलों को सम्मान देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सीमा सुरक्षा बल (BSF) को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस पहल के तहत रसना जंपिन बीएसएफ के जवानों और उनके परिवारों में बांटा गया ताकि उनके देश के प्रति अटूट समर्पण और सेवा का सम्मान किया जा सके। रसना प्रा. लि. के ग्रुप चेयरमैन पीरूज खंबाटा ने लांच के मौके पर कहा, 'नया जंपिन हमारे प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार स्वदेशी सोच को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। यह पूरी तरह भारत में बना 100% देसी प्रोडक्ट है, जो भारतीय किसानों की मदद करता है, छोटे और मझोले उद्योगों को सपोर्ट करता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने सुरक्षा से प्रेरित स्वतंत्रता का संदेश दिया

महानगर नेटवर्क
मुंबई

स्वतंत्रता दिवस की भावना को सलाम करते हुए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि असली आज़ादी सिर्फ बंधनों से मुक्त होने में नहीं है,बल्कि जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा के भरोसे में निहित है।

"स्वतंत्रता सिर्फ आज़ादी का नाम नहीं है,बल्कि यह आगे बढ़ने का वह आत्मविश्वास है,जब आपको पता हो कि आप जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षित हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में, हमारा मानना है कि सच्ची स्वतंत्रता तब विकसित होती है जब व्यक्ति, परिवार और व्यवसाय, जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षित हों। हम रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में एक विश्वसनीय बीमा समाधान प्रदान करके स्वास्थ्य, रोज़गार और सपनों की सुरक्षा करते हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर, आइए भारत की अटूट मजबूती को सलाम करते हुए एक ऐसे भविष्य का संकल्प लें जो सुरक्षित हो, सशक्त हो और हर कदम पर आगे बढ़ने में सहायता करे," रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने कहा।

# 19 अगस्त को खुलेगा श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लि. का आईपीओ

**मुंबई।** शिपिंग और लॉजिस्टिक्स समाधान कंपनी श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 अगस्त को खुलकर 21 अगस्त को बंद होगा। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, एंकर निवेशक 18 अगस्त को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। दोनों कंपनियां आईपीओ के लिए मूल्य दायरे की घोषणा सोमवार को करेंगी। दस्तावेजों के अनुसार,श्रीजी शिपिंग ग्लोबल के आईपीओ में 1.63 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है। कंपनी की योजना आईपीओ से प्राप्त राशि में से 251.2 करोड़ रुपए का उपयोग अधिग्रहण के लिए करने का है। कंपनी 23 करोड़ रुपए कर्ज चुकाने में खर्च करेगी। जामनगर स्थित श्रीजी समूह की प्रमुख कंपनी मुख्य रूप से गैर-प्रमुख बंदरगाह और जेटी पर ध्यान केंद्रित करती है।

## लिवप्योर की इस वित्तीय वर्ष में 40 नए स्टोर खोलने की योजना

**मुंबई।** हेल्दी होम सॉल्यूशंस में भरोसेमंद नाम बन चुके लिवप्योर ने गुरुग्राम (हरियाणा) में अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट और एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च किया है। इस नए सेंटर में ग्राहक लिवप्योर के प्रोडक्ट्स को एक ही स्थान पर देख सकते हैं, समझ सकते हैं और आज़मा भी सकते हैं। यहां वॉटर प्यूरीफायर्स, एयर कूलर्स, किचन अप्लायंसेज़ और स्लीप सॉल्यूशंस सहित पूरी रेंज उपलब्ध है। कंपनी इस वित्तीय वर्ष में ऐसे 40 और स्टोर खोलने की योजना बना रही है। यह सेंटर सिर्फ प्रोडक्ट डिस्प्ले तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां आने वाले ग्राहक रियल-टाइम डेमो देख सकते हैं, फीचर्स को समझ सकते हैं और अपनी ज़रूरत के अनुसार पर्सनल गाइडेंस प्राप्त कर सकते हैं। लिवप्योर अब लखनऊ, पानीपत और अमृतसर में भी सितंबर तक नए स्टोर खोलने की तैयारी में है, ताकि अपनी फिज़िकल मौजूदगी और मज़बूत कर सके और अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बना सके।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## फतेहपुर की घटना पर सरकार का विपक्ष को जवाब

# कानून हाथ में लेने वालों को मिलेगी सख्त सजा

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में फतेहपुर में हाल ही में घटी घटना को लेकर विपक्ष के सवालों के बीच वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और उसका कोई भी तंत्र इस घटना में किसी भी प्रकार से शामिल नहीं है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी कानून अपने हाथ में लेगा उसको सख्त सजा देने का काम हमारी सरकार करेगी।

### रिपोर्ट दर्ज, सख्त धाराओं में मामला पंजीकृत

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के सवाल का जवाब देते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि इस घटना में सरकार का और सरकारी तंत्र का कोई इनवॉल्वमेंट नहीं है, इसका हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद 11 अगस्त को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस एफआईआर में 10 नामजद आरोपियों के अलावा 150 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं धारा 190, 191(2), 191(3), 301, 196 के साथ ही आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम-7 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-2,3 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये धाराएं इस बात का संकेत हैं कि सरकार इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



### 150 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में बजरंग दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं समेत 10 नामजद लोगों समेत 150 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पुलिस और सुरक्षा बलों की मौजूदगी में मकबरे के अंदर घुसकर नारेबाजी, हंगामा, तोड़फोड़ करते और भगवा झंडा फहराते नजर आ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी थी कि वह हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ 11 अगस्त को उस जगह पर पूजा-अर्चना करेंगे। उन्होंने दावा किया था कि सदियों पुराना यह ढांचा एक मंदिर है जिसमें एक 'शिवलिंग' है।

### किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं

सुरेश खन्ना ने कहा कि घटना के संबंध में दर्ज की गई रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार अपना काम कर रही है। इसमें कानून अपना काम कर रहा है और जो भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंड जरूर मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखना है और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष इस तरह की घटनाओं को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और बिना देरी किए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

## सपा विधायक के सवाल पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का जवाब

# बीवी की कसम खा कर कहें कि उनके गांव में पानी नहीं पहुंच रहा

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन अजीब-ओ-गरीब नजारा देखने को मिला। सदन में समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने गांवों में पानी पहुंचाने की योजना पर सवाल पूछा तो योगी सरकार के मंत्री ने कह दिया कि विधायक अपनी बीवी की कसम खा कर कहें कि उनके गांव में पानी नहीं पहुंच रहा है।

सपा विधायक फहीम इरफान ने विधानसभा में कहा कि - जल जीवन मिशन को लेकर सदन में बैठे विधायक बहुत दुखी हैं। हालात ये हैं कि प्रेशर इतना कम है कि आधे घंटे में एक बाल्टी पानी भरता है। जल जीवन मिशन आने के बाद हैंडपंप की व्यवस्था खत्म कर दी गई। जिन ठेकेदारों को काम दिया गया, उन्होंने सारे विकास के काम तोड़ दिए। पहले रोड तोड़े और फिर पानी के टैंक बनाए। चाहे मामला अयोध्या का हो या बरेली का या सीतापुर का। मथुरा हो या पूरे प्रदेश में कई जगह पानी की टंकियां गिरीं। हालात बहुत बुरे हैं। इसमें कुछ लोगों की जान भी गई। इसका मुआवजा कौन देगा... सरकार या कंपनी...



### जांच के लिए कमेटी बनाने पर जोर

उन्होंने कहा कि ट्रेंचिंग करने के बाद जो पाइपलाइन डाली गई, उसकी कंडीशन यह है कि जहां-जहां ये योजना शुरू हुई, वहां लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जिन्हें आपने टेंडर दिए, उन्होंने बहुत मनमानी की। अब हालात ये हैं कि जिनको टेंडर मिले, उनको पैसा नहीं मिला। वो काम नहीं कर पाए। फहीम इरफान ने कहा कि 1 लाख 96 हजार सड़कों के सापेक्ष 1 लाख 90 हजार ठीक कर दिया गया है। यह रिपोर्ट गलत है। झूठी है। क्या सरकार ने कार्यों की गुणवत्ता के जांच के लिए कमेटी बनाई है? अगर नहीं तो कब तक करेंगे?

इसके जवाब में स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में कुल 5 लाख 63 हजार 992 किलोमीटर वितरण प्रणाली के सापेक्ष 5 लाख 15 हजार किलोमीटर वितरण प्रणाली बिछाई गई है और शेष 1 लाख 90 हजार 105 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना की गई।

मैं इरफान से कहना चाहता हूं कि अपनी बीवी की कसम खा कर कहें कि मेरे गांव में पानी नहीं पहुंचा. आप बोलिए... आप बीवी की कसम खा कर बता दें कि इनके गांव में पानी नहीं आ रहा है। मैं गांरटी से कह रहा हूं अगर इनके गांव में पानी पहुंचेगा तो मैं आज ही रिजाइन कर दूंगा। इसके जवाब में फहीम ने कहा कि सिर्फ मेरे गांव पर आने से पहले मंत्री यह न कहें कि बीवी की कसम की बात न करें। एक जिले की जांच करा लें। ये बीवी की कसम खाने की बात कह रहे हैं मैं विधानसभा से इस्तीफा दे दूंगा।

## आजम खान पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आज़म खान की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया है। रामपुर के चर्चित डूंगरपुर केस से जुड़े एक मामले में आजम खान ने रामपुर एमपी एमएलए कोर्ट से मिली दस साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की है। इस मामले में ठेकेदार बरकत अली ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दाखिल की है। दोनों की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा है।

30 मई 2024 को रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने आज़म खान को 10 साल की सजा सुनाई थी। एमपी एमएलए कोर्ट से मिली सजा को



आज़म खान ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी है। डूंगरपुर प्रकरण में अबरार नाम के व्यक्ति ने आजम खान, रिटायर सीओ आले हसन खान और ठेकेदार बरकत अली समेत तीन लोगों के खिलाफ अगस्त 2019 को रामपुर के थाना गंज में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता अबरार के मुताबिक दिसंबर 2016 में आजम खान, रिटायर सीओ आले हसन खान और बरकत अली ठेकेदार ने उसके साथ मारपीट की थी। घर में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार : ओपी राजभर

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा व कांग्रेस विधानमंडल सत्र में चर्चा से भाग रहे हैं। विपक्ष हंगामा कर रहा है और सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। विपक्ष के लोगों को बाहर गर्मी लगती है और वेल में आकर कुंभकर्णी नींद सो जाते हैं और चर्चा की बात होने पर हंगामा कर कार्यवाही ठप करवा देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। भाजपा की साढ़े आठ साल की सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ है और एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा है। इसके पहले सपा की सरकार में



प्रदेश में गुंडाराज था। जाति की पहचान कर नौकरी दी जाती थी। इसलिए ये लोग चर्चा से भाग रहे हैं कि उनकी पोल खुल जाएगी। राजभर ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। पहले गांवों में चार-पांच घंटे बिजली आती थी फिर ये होता था कि एक हफ्ते दिन में और एक हफ्ते रात में बिजली आएगी। अब ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे, तहसीलों में 20 घंटे और जिलों में 24 घंटे बिजली आ रही है। ये सुधार हुआ है लेकिन सपा के लोग चर्चा से भाग रहे हैं क्योंकि चर्चा होगी तो उनकी पोल खुल जाएगी।

## उफान पर रामगंगा और गंगा, पानी से घिरी जिंदगानी

**शाहजहांपुर।** जिले में बाढ़ के कारण जलालाबाद-शमशाबाद स्टेट हाईवे को बंद कर दिया गया। फर्रुखाबाद के चौरा गांव से लेकर कलान तक करीब तीन किमी के दायरे में सड़क पर तीन फुट से ज्यादा पानी भर गया है। गंगा नदी के किनारे बसे आजादनगर, इस्लामनगर, पैलानी उत्तर, बांसखेड़ा, कटैला नगला, लुहार नगला, मोती नगला, अभिचारपुर, कमतरी, चितार आदि गांव बाढ़ के पानी से चारों ओर घिरने के बाद टापू में बदल गए हैं। वहीं गंगा की सहायक रामगंगा और बहगुल नदियां भी रौद्र रूप दिखाने लगी हैं।

## बीजेपी MLC के बेटे ने की ट्रैफिक हवलदार से बदसलूकी



● स्कॉर्पियो कार पर लिखा था विधायक

**हाथरस।** बीजेपी एमएलसी ऋषिपाल सिंह के बेटे तपेश ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी के साथ बदसलूकी की। सिपाही ने उससे सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने के लिए कहा था, जिस पर बीजेपी नेता के बेटे को ताव आ गया और उसने बदजुबानी करते हुए कहा- 'चल हट भाग यहां से..'

इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि बीजेपी नेता के बेटे तपेश की स्कॉर्पियो कार पर विधायक लिखा हुआ है। आगे की ओर बीजेपी का झंडा भी लगा है. गाड़ी के अंदर एक वरन भी मौजूद था। बताया जा रहा है कि सिपाही ने MLC के बेटे को सड़क से गाड़ी हटाने को कहा था, इसी बात पर दोनों की आपस में कहासुनी हो गई. सत्ता की हनक पर सवार तपेश खुद को विधायक का बेटा बताकर सिपाही को हड़काने लगा और कहा- 'चल सामने से हट भाग यहां से..', जिसके बाद ये विवाद और बढ़ गया। सिपाही ने युवक के साथ हो रहे पूरे विवाद का वीडियो भी बना लिया। सिपाही ने उससे कहा कि आप रोड पर जाम लगा रहे हो, ऊपर उसे बदतमीजी कर रहे हो। पिता का नाम बदनाम कर रहे हो। मैं आपसे दो गुना पढ़ा-लिखा हूं। बात करने का सलीका जानता हूं।

दरअसल ये घटना सोमवार दोपहर तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। जब सासनी कोतवाली क्षेत्र के पास चौराहे पर एक स्कॉर्पियों कार खड़ी हो गई। आरोप है कि कार की वजह से सड़क पर जाम लगना शुरू हो गया था, जिससे वहां से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। ट्रैफिक व्यवस्था देखकर वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी एसपी सिंह गाड़ी चालक के पास पहुंचे और कार को हटाने के लिए कहा। लेकिन, सिपाही का टोकना नेताजी के बेटे को बर्दाश्त नहीं हुआ और वो भड़क गया। जिसके बाद उसने सिपाही को भला बुरा कहना शुरू कर दिया। मामले में हाथरस एएसपी अशोक कुमार ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।

## कानपुर के महिला अधिकारी का ऑडियो वायरल


### -यार डीएम भगवान थोड़ी ही है

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी के कानपुर में में सीएमओ के कई ऑडियो वायरल होने के बाद अब एक महिला अधिकारी का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें महिला अधिकारी फोन पर जिलाधिकारी और एससीएम-3 के लिए खरी-खोटी सुनाई दे रही है। महिला कह रही है कि डीएम भगवान थोड़ी है। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वायरल ऑडियो के मुताबिक महिला अधिकारी जिलाधिकारी और एक मामले की जांच करने वाले एसीएम-3 को लेकर बात कह रही हैं। महिला अधिकारी जांच



कमेटी पर सवाल उठाती सुनाई देती है। ऑडियो के मुताबिक महिला कह रही है, 'जांच कमेटी तो गलत है। आप मुझसे फिर से पूछते। हम तो लिखेंगे कि कमेटी अपने अकॉर्डिंग तक की और मैं कमेटी के तीन मेंबर पर चाह रही हूं कि एक-एक पर अलग-अलग आरोप लगे और पैसा मांगने पर सब चीज का आरोप लगे और इन पर मानहानि का आरोप लगे ताकि ये लोग पैसा दें। मानहानि का आरोप लगेगा तभी ये लोग पैसा देंगे न ताकि भविष्य में कभी भी लोग कभी किसी से प्रभावित होकर नहीं लिखेंगे।'

इसके बाद वो डीएम को भी कुछ कहती हुई सुनाई दी। कहा कि डीएम को भी सोचना चाहिए। यार डीएम भगवान थोड़ी ही है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संज्ञान में लाए अपुष्ट ऑडियो के बारे में संबंधित अधिकारी ने इंकार किया है और अपुष्ट ऑडियो में यदि कोई अपने निजी पलों में किसी पीड़ावश कोई संवाद अपने मन स्थिति अनुसार कह रहा है तो उस पर प्रतिक्रिया आवश्यक नहीं है। महिला अधिकारी एक मामले में दोषी पाई गईं थी। जिसके बाद डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने मामला को संज्ञान लेते हुए एक्शन लिया था। वहीं, इस संबंध में निदेशालय को पत्र भी लिखा गया था। जिसके बाद एसीएम 3 ने जांच की थी।

## होटल में बुलाकर पति ने परिचित से संबंध बनाने का पत्नी पर डाला दबाव



**लखनऊ।** चिनहट निवासी महिला ने पति पर होटल में परिचित से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपियों पर उन्हें पीटने का भी आरोप है। विभूतिखंड पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला के मुताबिक पांच अगस्त की रात 11 बजे पति ने उन्हें कॉल कर विभूतिखंड स्थित होटल जेएमडी में तबीयत खराब होने का बहाना करके मिलने बुलाया था। मना करने पर पति ने होटल में जान देने की धमकी दी थी। महिला का आरोप है कि होटल पहुंचने पर पति ने वहां मौजूद उसके परिचित अनिल कुमार के साथ अनैतिक कार्य करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर अनिल छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी पति और अनिल ने उन्हें बुरी तरह पीटा। किसी तरह जान बचाकर वह विभूतिखंड थाने पहुंचीं और शिकायत की। इंस्पेक्टर सुनील सिंह के मुताबिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर मारपीट की पुष्टि हुई है। छेड़छाड़ की बात सामने नहीं आई है। पीड़िता और आरोपी पति का पारिवारिक विवाद चल रहा है। फिलहाल पति को जेल भेजा गया है, जबकि अनिल की तलाश की जा रही है।

## अब 67.50 लाख गरीब बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धा पेंशन

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार इस बार 56 की जगह 67 लाख से ज्यादा गरीब बुजुर्गों के खाते में एक-एक हजार रुपये महीने की राशि भेजने की तैयारी में जुटी है। सरकार ने इसके लिए टार्गेट तय किया है। सरकार का लक्ष्य 67.50 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में पेंशन की राशि पहुंचाना है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनकी आर्थिक सहायता कर चुकी है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025-26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था। इसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इसके साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। जहां पेंशन बिना किसी मध्यस्थ के सीधे आधार-लिंक्ड खातों में जाता है। इससे सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है।

## ऑफिस में PWD का JE ले रहा था 50 हजार का रिश्वत, एंटी करप्शन ने दबोचा

महानगर संवाददाता

हापुड़

एंटी करप्शन की टीम ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय में मंगलवार को छापा मार कर जेई को ठेकेदार से 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं, एई मौके से फरार हो गया। एंटी करप्शन की टीम आरोपी जेई को पड़कर थाने ले गई है।

बता दें कि थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिमरौली के पास लोक निर्माण विभाग का कार्यालय है। लोक निर्माण विभाग में कार्य करने वाले ठेकेदार ने मेरठ एंटी करप्शन टीम से रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। ठेकेदार ने बताया था कि उसने हापुड़ लोक



निर्माण विभाग कार्यालय से ठेका लेकर एक कार्य किया था। लेकिन उसके पेमेंट को लेकर कार्यालय में तैनात जेई और एई ने 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को जाल बिछाया और 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए जेई अशोक कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मौका पाकर मौके से एई संजय कुमार फरार हो गया। टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

एंटी करप्शन की छापामार से सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है। शिकायतकर्ता पीड़ित ठेकेदार संदीप कुमार ने बताया कि उसने लोक निर्माण विभाग में एक टेंडर डाला था। इसके बाद उसे टेंडर मिल गया और उसने काम कर दिया। इसके बाद जब उसे पेमेंट के लिए बुलाया गया तो जेई अशोक कुमार ने कहा कि हिसाब तो ज्यादा है, फिलहाल आप हमें 50 हजार रुपये दे दो। हम आपकी पेमेंट कर देंगे। इस पर उसने कहा कि मुझे तो इस काम में नुकसान है, मैं पैसे नहीं दे सकता हूं। इस पर जेई ने कहा कि पैसा तो देना पड़ेगा।

## प्रदेश के 44 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट आज

**लखनऊ।** प्रदेश के तराई इलाकों में मानसूनी बारिश जारी है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव क्षेत्र और अरब सागर से आ रही नमी की वजह से मानसून में मजबूती आई है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को यूपी के पूर्वांचल और तराई के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 29 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। 14 अगस्त यानी बृहस्पतिवार से पूर्वी यूपी में बारिश की तीव्रता घटेगी। हालांकि पश्चिमी यूपी में इसके बाद भी बारिश के आसार हैं। मंगलवार को पश्चिमी तराई के बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने नए वेदर सिस्टम की सक्रियता और पूर्वा हवाओं में पर्याप्त नमी के असर से बुधवार को पूर्वांचल और तराई में भारी बारिश देखने को मिलेगी।

**यहां भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत एवं आसपास के इलाकों में ।

**यहां भारी बारिश का येलो अलर्ट**

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

## BHU में MBBS की छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

महानगर संवाददाता

वाराणसी

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा से छेड़खानी का मामला सामने आया है। छात्रा मंगलवार की भोर तीन दोस्तों के साथ छात्रा लाइब्रेरी से हॉस्टल जा रही थी। तभी बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक कर भद्दे कमेंट किये और छेड़खानी का प्रयास किया। मौके पर पहुंची प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल, विश्वविद्यालय परिसर की साइबर लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए छात्रा गई थी। पढ़ाई के बाद तीन दोस्तों के साथ हॉस्टल के लिए लौट रही थी। तभी एमबीबीएस संकाय के चौराहे पर अचानक से एक बाइक पर



सवार पर तीन युवक पहुंचे और बैरियर को पार करने की कोशिश करने लगे। इस दौरान उसके दोस्त भी पहुंच गए। बाइक सवारों ने अश्लीलता करते हुए कमेंट पास किया। इसके साथ ही छात्रा से छेड़खानी का भी प्रयास किये। जब लड़की के दोस्तों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट भी की। घटना देखकर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पहुंच गए और बैरिकेडिंग लगा करके कंट्रोल रूम के मदद से 3 जरिए तीनों युवकों को दबोच लिया। इसके बाद उन्हें लंका थाना भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान राहुल, सुनील और चंदन यादव के रूप में हुई है, तीनों BHU के पूर्व छात्र रह चुके हैं। डीसीपी गौरव बांसवाल ने बताया कि आज सुबह 3:30 की करीब सूचना प्राप्त हुई थी कि एमबीबीएस के फर्स्ट ईयर के तीन छात्र एक छात्रा साइबर लाइब्रेरी में BHU के अंदर से वापस अपने हॉस्टल की तरफ से आ रही थी. इस दौरान तीन बाहरी युवकों द्वारा एमबीबीएस के छात्र के साथ मारपीट, छात्रा के साथ छेड़खानी का प्रयास किया गया। BHU की सिक्योरिटी ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर स्थानीय थाना को सौंप दिया।

## दारोगा के बुजुर्ग मां की हत्या

**बदायूं।** जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र में दरोगा की बुजुर्ग मां की हत्या कर दी गई। क्षेत्र के मौसमपुर गांव में सोमवार रात बदमाशों ने लूट के दौरान वारदात को अंजाम दिया। बदमाश महिला के कुंडल, पाजेब, नाक की नथ व गले का लॉकेट उतार ले गए। मंगलवार दोपहर एसएसपी डॉ. ब्रजेश सिंह, एसपी देहात केके सरोज ने घटनास्थल का जायजा लिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। परिजन पड़ोस के हिस्ट्रीशीटर पर हत्या का शक जाहिर कर रहे हैं। पुलिस वारदात की जांच में जुट गई है। मौसमपुर गांव निवासी रातरानी (65 वर्ष) घर में अकेली रहती थी। उनके इकलौते पुत्र मनवीर सिंह यादव हापुड़ जिले में बहादुरगढ़



पुलिस चौकी के प्रभारी हैं। मानवीर सिंह पत्नी व बच्चों के साथ हापुड़ जिले में ही रहते हैं। सोमवार रात रातरानी घर का मुख्य गेट बंद करके बरामदे में चारपाई पर सोई थीं। बताया जाता है कि में बदमाश पड़ोस के बंद मकान की छत के जरिए मनवीर के घर में घुसे। घर की सीढ़ियों पर लगे दरवाजे की कुंड़ी को तोड़ कर अंदर दाखिल हो गए। बदमाशों ने मनवीर सिंह की मां रातरानी की सोते समय ही किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी।

## सपा सांसद बर्क पर 1.35 लाख रुपये का जुर्माना

### 30 दिन के भीतर अवैध निर्माण को खुद तोड़ने के आदेश

महानगर संवाददाता

संभल

समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क के मकान निर्माण मामले में SDM संभल की अदालत ने आदेश जारी किया है। सांसद के खिलाफ भवन निर्माण उपविधि के उल्लंघन का मामला सही पाए जाने पर 1.35 लाख भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही अवैध निर्माण को 30 दिन के भीतर खुद तोड़ने के आदेश दिए हैं। समयावधि बीतने के बाद प्रशासन अवैध निर्माण ध्वस्त कर देगा।

बता दें कि सांसद बर्क पर बगैर नक्शा पास कराए मकान निर्माण का आरोप है।



जिसकी सुनवाई एसडीएम की अदालत में चल रही है। मंगलवार को एसडीएम विकास चंद्र की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाया। एसडीएम ने बर्क पर उत्तर प्रदेश रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन अधिनियम, 1958 की धारा-9 के तहत 10,000 का स्थायी जुर्माना और 5 दिसंबर 2024 से 12 अगस्त 2025 तक 250 दिनों के लिए 500 प्रतिदिन के हिसाब से 1,25,000 अतिरिक्त पेनल्टी लगाई गई. हालांकि प्रशासन ने अंतिम अवसर देते हुए 2 अगस्त को प्रस्तुत उनके संशोधित मानचित्र को भवन निर्माण मानकों के अनुरूप शमन की सशर्त स्वीकृति दी है। आदेश के मुताबिक, यह स्वीकृति तभी प्रभावी होगी जब प्रतिवादी 5,707 का शमन शुल्क नियत प्राधिकारी के खाते में जमा करेंगे। साथ ही प्रशासन ने निर्देश दिया है कि मानचित्र में दर्शित फ्रंट सेटबैक (1.0 मीटर x 14.30 मीटर) में बनी दीवार, कॉलम और छत को सभी तलों से 30 दिनों के भीतर स्वयं तोड़कर हटाना अनिवार्य होगा।

# राजस्थान के मालपुरा में 25 साल पुराने दंगे का फैसला

## जांच में खामियों के चलते कोर्ट ने सभी 13 आरोपी बरी किए

महानगर संवाददाता
टोंक



25 साल पुराने मालपुरा सांप्रदायिक दंगे से जुड़े एक केस में मंगलवार को सांप्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में शामिल सभी 13 आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा कि इस केस में पुलिस की जांच बेहद लापरवाही से की गई। मामले में तीन जांच अधिकारी बदले, लेकिन किसी ने भी मामले की ठीक तरह से जांच नहीं की। अदालत ने पुलिस की कार्यशैली और सबूत जुटाने के तरीके पर भी गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने माना कि इस केस में जांच का स्तर बेहद कमजोर रहा। पुलिस न तो ठोस सबूत जुटा पाई, न ही आरोपियों की पहचान सही ढंग से करवाई गई। गवाहों के बयानों में भारी विरोधाभास पाए गए।

आरोपियों के वकील वीके बाली और सोनल दाधीच ने अदालत में दलील दी कि गवाहों ने अपने बयानों में कहा कि आरोपियों के चेहरे ढके हुए थे। ऐसे में उनकी शिनाख्त संभव नहीं थी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने वह हथियार भी बरामद नहीं किया, जिससे हत्या की बात कही गई थी। वकीलों ने कोर्ट में तर्क दिया कि घटना के समय इलाके में धारा 144 लागू थी। ऐसे में जो गवाह पुलिस की ओर से पेश किए गए, वे घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। कोर्ट ने भी इस पर सहमति जताई और कहा कि पुलिस ने एक आरोपी को छोड़कर किसी की भी शिनाख्त परेड नहीं करवाई। इस केस की शुरुआत शहजाद द्वारा मालपुरा थाने में दर्ज करवाई गई रिपोर्ट से हुई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि एक समुदाय विशेष के लोगों ने उसके भाई मोहम्मद सलीम और चाचा मोहम्मद अली की हत्या कर दी। इस मामले में जांच की जिम्मेदारी तीन अधिकारियों ने संभाली थी, लेकिन सभी की जांच पर सवाल उठे।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं

- केंद्र का संसद में जवाब, कहा-पशुओं के संरक्षण पर राज्यों को कानून बनाने का विशेष अधिकार



महानगर संवाददाता
नई दिल्ली

भारत में लंबे समय से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग की जा रही है। अब इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ने मंगलवार को अपनी बात रखी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए कोई कानून नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा जानवरों के संरक्षण के लिए कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार के पास है। लोकसभा में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद सिंह रावत द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के प्रश्न का जवाब देते हुए एसपी सिंह बघेल ने कहा- नहीं, सर। संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के तहत, जानवरों का संरक्षण एक ऐसा मामला है, जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।'

### 2014 से सरकार चला रही राष्ट्रीय गोकुल मिशन

सरकार ने लोकसभा में बताया कि केंद्र सरकार दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन चला रही है। इसका उद्देश्य गायों की नस्ल को सुधारना और उनकी रक्षा करना है। इस मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गायों के पालन-पोषण के लिए मदद दी जाती है।

दुनिया में कई बड़ी ताकतें लेकिन...

# मोहन भागवत ने बिना नाम लिए ट्रंप को लताड़ा

महानगर संवाददाता
नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच इस वक्त डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के बाद सबकुछ ठीक नहीं है। भारत ने टैरिफ की धौंस के आगे झुकने से इंकार कर दिया है। इसी बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी बिना नाम लिए, अमेरिका को जवाब दिया है। भागवत ने भारत की लोकतांत्रिक सफलता पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया में कई बड़ी ताकतें मौजूद हैं, लेकिन भारत ने अपनी अलग पहचान स्थापित की है। मोहन भागवत ने कहा कि 'विश्व में कई बड़ी ताकतें हैं, उसके बावजूद भारतवर्ष उठ रहा है। विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। आज प्रजातंत्र के तौर पर पृथ्वी पर भारत सबसे आगे है।' राजस्थान के सीकर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को भारत की बढ़ती वैश्विक साख पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जब भी किसी संकट में होती है, भारत आगे बढ़कर मदद करता है। भागवत ने गर्व के साथ कहा कि आज भारत अपने विकास और प्रगति के दम पर वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहा है।

### भारत ने दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज की

RSS चीफ ने कहा कि अगर हम आज़ादी के बाद के भारत के इतिहास को देखें तो उस समय कोई यह नहीं कह सकता था कि भारत इस तरह उभरेगा। लेकिन तमाम चुनौतियों और बड़ी ताकतों के दबाव के बावजूद भारत ने न केवल खुद को स्थापित किया, बल्कि दुनिया में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। भागवत ने स्वतंत्र भारत के शुरुआती वर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि उस दौर में कुछ विशेषज्ञों को संदेह था कि भारत में लोकतंत्र लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा।

### भविष्य में नई ऊंचाइयां छूने की क्षमता

भागवत की ये टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब भारत वैश्विक मामलों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। चाहे वह कूटनीति हो, आर्थिक साझेदारी हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहल। भारत ने हाल के वर्षों में जी-20 की सफल अध्यक्षता, जलवायु परिवर्तन मुद्दों पर नेतृत्व और संकटग्रस्त देशों को मानवीय सहायता जैसे कदमों से अपनी छवि को और मजबूत किया है।

# बेंगलुरु यूनिवर्सिटी में कुत्तों के हमले से दो स्टूडेंट घायल, एक गंभीर

## ICU में एडमिट, सुप्रीम कोर्ट के आदेश एक दिन बाद हुई घटना



महानगर संवाददाता
बेंगलुरु

बेंगलुरु में मंगलवार को एक आवारा कुत्ते के हमले में दो छात्राएं घायल हो गईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। यह घटना सुबह करीब 11 बजे बेंगलुरु यूनिवर्सिटी परिसर में हुई। पीड़िताएं, हावेरी की सौजन्या जी जे और तेलंगाना की रेगा निक्षिता, दोनों डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र में इंटीग्रेटेड MSc कोर्स की थर्ड ईयर की छात्राएं हैं। गंभीर रूप से घायल सौजन्या को एक प्राइवेट अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया है, जबकि रेगा का इलाज चल रहा है। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली NCR के नगर निगम अधिकारियों को आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर में रखने का सख्त निर्देश दिया है। अदालत ने चेतावनी दी कि इस प्रक्रिया का किसी भी तरह से विरोध करने पर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे और कुत्तों के काटने और रेबीज की समस्या से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने जोर देकर कहा कि आवारा कुत्तों को संवेदनशील इलाकों से प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि अगर उन्हें बल बनाना ही है, तो पहले करें। सभी इलाकों को आवारा कुत्तों से मुक्त करने के लिए यह पहला और सबसे जरूरी कदम होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह आदेश "हमारे स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि व्यापक जनता के लिए है" और कहा कि "इसमें किसी भी तरह की भावनाएं शामिल नहीं होनी चाहिए"। अदालत ने टिप्पणी की, "शिशुओं और छोटे बच्चों को किसी भी कीमत पर रेबीज का शिकार नहीं होना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सजा पूरी कर चुके कैदी तुरंत रिहा करें

## उन्हें जेल में रखना गलत, नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी की रिहाई का आदेश दिया

महानगर संवाददाता
नई दिल्ली



नीतीश कटारा की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे सुखदेव पहलवान की याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सजा की मियाद पूरी करने के कारण उन्हें जेल से रिहा किया जा सकता है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जो भी कैदी उम्रकैद की सजा काट रहे हैं और 20 साल जेल में बिता चुके हैं उन्हें रिहा किया जा सकता है। जिन कैदियों को जीवनपर्यंत जेल में रहने की सजा सुनायी गयी है, उनका मामला इससे अलग माना जाना चाहिए।

23 वर्षीय नीतीश कटारा की वर्ष 2002 में गाजियाबाद में प्रेम-प्रसंग के चलते हत्या कर दी गयी थी। नीतीश कटारा का उनकी सहपाठी भारती यादव के साथ प्रेम सम्बन्ध था, जो भारती के भाई विकास यादव को पसन्द नहीं था। विकास यादव एवं उसके साथियों को नीतीश कटारा की हत्या के लिए दोषी पाया गया था। भारती यादव के पिता डीपी यादव सांसद रह चुके हैं। आजीवन कारावास की सजा काट रहे जो कैदी जेल में 20 साल रह चुके हैं उन्हें मियाद पूरी करने के बाद भी रिहा न किये जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने चिन्ता जतायी। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे सभी कैदियों को तत्काल रिहा किये जाने का निर्देश दिया। इस मामले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सुखदेव पहलवान को जेल में रखने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा, "अगर यही रवैया जारी रहा, तो हर दोषी जेल में ही मरेगा।" कोर्ट ने 29 जुलाई को सुखदेव पहलवान की रिहाई का आदेश दिया था, लेकिन सजा समीक्षा बोर्ड ने उसके आचरण का हवाला देते हुए उसकी रिहाई पर रोक लगाई थी।

गौरतलब है कि जुलाई के महीने में सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा हत्याकांड के मामले में सजा काट रहे दोषी सुखदेव यादव को रिहा करने का आदेश दिया था। पहलवान ने मार्च के महीने में 20 साल की सजा पूरी कर ली थी। इस मामले में सजा पुनरीक्षण बोर्ड यानी एसआरबी ने सुखदेव पहलवान की रिहाई याचिका खारिज कर दी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई थी।

# अचानक PM मोदी से क्यों मिले जगदीप धनखड़?

कांग्रेस का नया दावा और एक सवाल

महानगर संवाददाता
नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से ही जगदीप धनखड़ सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। विपक्ष इसे लेकर सवाल उठा रहा है। अब कांग्रेस ने तेलुगू मीडिया के हवाले से दावा किया है कि हाल ही में धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। धनखड़ ने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को धनखड़ को लेकर सवाल किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'राज्यसभा के पूर्व सभापति 21 जुलाई की शाम से ही लापता हैं। उन्हें न देखा गया, न सुना गया, न पढ़ा गया।' उन्होंने लिखा, 'लेकिन तेलुगू मीडिया में आई खबरों के अनुसार राज्यसभा के पूर्व सभापति ने हाल में प्रधानमंत्री से 45 मिनट तक मुलाकात की। आखिर क्या हो रहा है?'

शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत ने भी धनखड़ को लेकर सरकार से सवाल किया है। राउत ने 10 अगस्त को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखे अपने पत्र में कहा, 'हमारे (पूर्व) उपराष्ट्रपति के बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वह इस समय कहां हैं? उनका स्वास्थ्य कैसा है? इन बातों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

# बजरंग दल के सदस्यों ने पादरी के परिसर में किया हमला

## धर्मांतरण रैकेट चलाने का लगाया आरोप

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में एक पादरी के परिसर में रविवार को बजरंग दल के सदस्यों ने कथित तौर पर कई लोगों पर हमला कर दिया। संगठन ने दावा किया है कि लोगों का धर्मांतरण कराने की कोशिशें चल रही थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पादरी के परिसर में मौजूद लोगों में से एक ने दावा किया कि ईसाई धर्म में भरोसा रखने वाले 40-45 लोग सुबह 10 बजे के आसपास प्रार्थना के लिए इकट्ठा हुए थे। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया, "करीब 30-40 लोगों ने हम पर हमला किया, जिनमें से कुछ के पास लोहे की राड, लाठियां और पिस्तौल भी थीं। कम से कम 10 लोगों पर लोहे की राड से हमला किया गया।" वहां पर मौजूद एक महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने सबको पीटना और गालियां देना शुरू कर दिया। वे किसी को भी जाने नहीं दे रहे थे।" एक व्यक्ति ने सहायक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

# प्रियंका गांधी ने गाजा में मारे गये पत्रकारों के लिए उठाई आवाज

## भारत सरकार की चुप्पी पर किया सवाल

महानगर संवाददाता
नई दिल्ली





कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मंगलवार को इजरायली सेना द्वारा हजारों फिलिस्तीनियों की हत्या के खिलाफ भारत सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता पर सवाल उठाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत में इजरायल के राजदूत रियूवेन अजार ने इसे शर्मनाक कहा।

कांग्रेस नेता ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में गाजा पट्टी में इजरायली सुरक्षा बलों (IDF) द्वारा किए जा रहे ताबड़तोड़ हमले की निंदा की है और इजरायल पर गाजा में 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया है। प्रियंका गांधी ने लिखा, "इज़रायली राज्य नरसंहार कर रहा है। उसने 60,000 से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18,430 बच्चे थे। उसने सैकड़ों लोगों को भूख से मार डाला है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं और लाखों लोगों को भूख से मरने का खतरा है। चुप्पी और निष्क्रियता से इन अपराधों को बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार चुप बैठी है, जबकि इजरायल फिलिस्तीन के लोगों पर यह विनाश कर रहा है।" एक और पोस्ट में कांगेस नेता ने लिखा, "अल जज़ीरा के 5 पत्रकारों की निर्मम हत्या फ़िलिस्तीनी धरती पर किया गया एक और जघन्य अपराध है।

# 'सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे आसिम मुनीर'

पाक सेना प्रमुख की परमाणु धमकी पर बोले ओवैसी

महानगर संवाददाता
नई दिल्ली



AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर की टिप्पणियों की तुलना सड़कछाप आदमी से की। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि ऐसी परमाणु धमकी अमेरिका की धरती से दी गई। ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख के बयान की निंदा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से राजनीतिक जवाब देने का आग्रह किया। मंगलवार को उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान आर्मी चीफ के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब अमेरिका से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे हैं। हम मानते हैं कि मोदी सरकार को विदेश मंत्रालय के बयान की तरह राजनीतिक जवाब देना चाहिए।'

आसिम मुनीर की परमाणु धमकी के मद्देनजर ओवैसी ने भारत के रक्षा बजट को बढ़ाने की भी वकालत की। उन्होंने सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। ओवैसी ने कहा, 'हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तानी सेना और उनके गहरे तंत्र से हमें लगातार खतरा रहेगा। इसलिए हमें अपने रक्षा बजट को बढ़ाना होगा ताकि हम तैयार रह सकें।' एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य मंशा को जानते हुए भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार की ओर से रक्षा के लिए कम बजटीय आवंटन अब और जारी नहीं रह सकता। हमें बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।'

# बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

- पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) के आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में राजस्थान से 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक को जब बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था तभी उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई, जिसमें वह पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई के इस आंतकी मॉड्यूल ने शहीद भगत सिंह नगर में शराब की दुकान पर हमले की साजिश रची थी और इन्हें स्वतंत्रता दिवस के दिन ऐसे ही हमलों का काम भी दिया गया था।

पुलिस ने उनके पास से एक हथगोला और एक .30 बोर की पिस्तौल, दो कारतूस और .30 बोर के 2 खाली खोखे बरामद किए। गौरव यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कामयाबी में जालंधर की काउंटर इंटेलिजेंस ने एसबीएस नगर पुलिस के साथ मिलकर बीकेआई के आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया।

# सीता हरण प्रसंग पर तमिल कवि की विवादास्पद टिप्पणी

महानगर संवाददाता
चेन्नई

### BJP ने जताया ऐतराज



तमिल गीतकार और कवि वैरामुत्तु की भगवान राम की गई टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है। वैरामुत्तू ने प्राचीन तमिल कवि कंबर लिखित रामायण के एक प्रसंग की व्याख्या कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि सीता हरण के बाद भगवान राम अपने होश खो चुके थे। वैरामुत्तू ने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब उन्हें प्राचीन कवि कंबर के नाम पर अवॉर्ड दिया जा रहा था। अवॉर्ड समारोह के दौरान भाषण देते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। भाजपा ने वैरामुत्तू के इस बयान पर कड़ा ऐतराज जताया है। भाजपा ने कहा कि तमिल कवि का यह बयान हिंदू भावनाओं को भड़काने वाला है। गौरतलब है कि जब वैरामुत्तू यह टिप्पणी कर रहे थे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी वहां मौजूद थे।

समारोह के दौरान तमिल कवि वैरामुत्तू कंबर द्वारा तमिल भाषा में लिखे रामायण पर बोल रहे थे। उन्होंने सीता हरण प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि अपनी पत्नी सीता से विरह के बाद भगवान राम होश खो चुके थे। उन्होंने आगे कहा कि राम को यह भी नहीं एहसास था कि वह कर क्या रहे हैं। वैरामुत्तू यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि इंडियन पीनल कोड में मानसिक संतुलन खो चुके व्यक्ति के अपराध को अपराध नहीं माना जाता है।

### भगवान राम के भक्तों से माफी मांगें

तमिल कवि की इस टिप्पणी पर भाजपा की तरफ से कड़ा ऐतराज जताया गया है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने एक्स पर लिखा कि वैरामुत्तू रामस्वामी हमेशा ही हिंदू देवताओं का अपमान करते रहते हैं। वह हिंदू धर्म को भी गाली देते रहते हैं। अब उन्होंने कंबा रामायण की गलत व्याख्या करते हुए भगवान राम को मेंटली अनस्टेबल बता दिया है।

# 'ममता के लिए पूरी निष्ठा'

**कोलकाता।** टीएमसी की फायरब्रांड नेता महुआ मोइत्रा से जुबानी जंग के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। उन्हों ने एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया। एक दिन बाद मामले में उनका बयान आया है। उन्होंने धरने में शामिल नहीं होने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल सीएम और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के प्रति मेरी निष्ठा अटूट है और हमेशा बनी रहेगी। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए स्पष्ट किया कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष के विरोध-प्रदर्शन में क्यों शामिल नहीं हुए।

पेज 1 का शेष

## विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को दी नोटिस

सूत्रों ने यह भी कहा कि विमानन नियामक ने पाया कि जिन सिम्युलेटर पर पायलटों का प्रशिक्षण हुआ, वे कालीकट, लेह और काठमांडू जैसे कुछ खास हवाई अड्डों पर संचालन के लिए योग्य नहीं थे। कालीकट हवाई अड्डे पर उड़ान के संचालन के लिए अतिरिक्त नियम और सुरक्षा इंतजामों की जरूरत होती है, जहां टेबल टॉप रनवे है।

**इंडिगो ने की नोटिस मिलने की पुष्टि**

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हमें अपने अपने कुछ पायलटों के सिम्युलेटर प्रशिक्षण से जुड़ा डीजीसीए का कारण बताओ नोटिस मिला है। हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं और तय समयसीमा के भीतर नियामक को जवाब देंगे। हम अपने परिचालन में सुरक्षा और अनुपालन में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# श्रीनगर में अलगाववादी यासीन के घर समेत आठ जगह छापे

## 35 साल पुराने सरला भट मर्डर केस में SIA की कार्रवाई



**नई दिल्ली।** कश्मीरी पंडित सरला भट्ट मर्डर केस में जांच एजेंसियों ने 35 साल बाद जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के पूर्व प्रमुख यासीन मलिक के आवास पर छापा मारा है। सरला भट्ट की हत्या तब की गई थी जब कश्मीर आतंकवाद और अलगाववाद की आग में झुलस रहा था। सरला भट्ट कश्मीर के अनंतनाग की रहने वाली थी। कश्मीरी पंडित परिवार में जन्मीं सरला ने नर्सिंग का पेशा चुना। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में नर्स के रूप में काम करने वाली सरला अपनी कोमल मुस्कान और मरीजों के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती थीं। उनकी जिंदगी दूसरों की पीड़ा को कम करने में बीतती थी। सरला भट्ट ने जिस समाज की सेवा करने का बीड़ा थामा था वो कभी कश्मीरियत की रवायत के लिए जाना जाता था, लेकिन वो दौर आतंकवाद का था। पाकिस्तान की सरपरस्ती में कश्मीर में आतकंवाद सिर उठा रहा था। आतंकियों ने हिन्दुओं को साफ-साफ वादी छोड़ने का फरमान जारी कर दिया। आतंकवादियों का नारा था रालिव, गालिव या चालिव। यानी कि धर्म परिवर्तन करो, भाग जाओ, या मरने के लिए तैयार रहो। हिन्दुओं को मस्जिदों से धमकी दी जा रही थी कि या तो वे अपना धर्म बदल लें या रातों-रात कश्मीर छोड़कर चले जाएं अन्यथा यहां रहने पर उन्हें मार दिया जाएगा। इसी तरह के पोस्टर कश्मीरी हिन्दुओ के घरों के बाहर चिपकाए गए थे। चूंकि सरला भट्ट हिंदू थी। इस वजह से आतंकियों की लंबे वक्त से सरला भट्ट पर निगाह थी। इस अस्पताल में अब्दुल अहद गुरु और JKLF के डिप्टी कमांडर हामिद शेख सक्रिय थे। दोनों को इस बात का शक था कि सरला पुलिस की इनफॉर्मर है। ये आतंकी सरला को बार-बार नौकरी छोड़ने की धमकी दे रहे थे। 14 अप्रैल, 1990 को जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के आतंकियों ने सरला भट्ट को उनके अस्पताल के छात्रावास से किडनैप कर लिया। इसके बाद आतंकी उन्हें अंजान जगह पर ले गए।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग – उप जल अभियंता (अनुरक्षण)

क्र. एचई/3888/एई (एम)डब्ल्यूडब्ल्यूईएस-I दिनांक : 11.08.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय महाटेंडर पोर्टल और बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

| अ.क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1166697_2 | एई (मेंटे.) डब्ल्यूडब्ल्यूईएस-I डिविजन अंतर्गत अनुरक्षण कार्यों हेतु आवश्यक सहायक स्पेयर्स के साथ इनवर्टर टाइप वेल्डिंग मशीन और इनबिल्ट एयर कम्प्रेसर सुविधा के साथ पोर्टेबल इनवर्टर टाइप प्लाज्मा कटिंग मशीन की आपूर्ति. |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी वेबसाइट और http://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर्स पोर्टल का अवलोकन करें.

हस्ता./-
ई.ई. (एच.डब्ल्यू.) डब्ल्यू. डब्ल्यू.

पीआरओ/1258/विज्ञा./2025-26

अगर महसूस हो बुखार और कंपकंपी, तो जांच करायें अपने खून की

# घर में कांच का अचानक टूटना शुभ या अशुभ?

वास्तु शास्त्र का महत्व हमारे जीवन में काफी ज्यादा बताया गया है। जब आप वास्तु शास्त्र में बताये गए नियमों का पालन सही तरीके से करते हैं तो ऐसे में इसके जो परिणाम होते हैं वे बेहद ही शुभ और समृद्ध होते हैं। वहीं, जब इन नियमों को नजरअंदाज किया जाता है तो इसके परिणाम भी नकारात्मक हो सकते हैं। हमारे वास्तु शास्त्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि आखिर घर में कांच के टूटने के पीछे क्या संकेत हो सकते हैं। कई लोगों को लगता है कि घर पर कांच का टूटना शुभ होता है वहीं, कुछ लोगों का मानना होता है कि यह अशुभ संकेत देते हैं। लेकिन वाकई में इसके पीछे की सच्चाई क्या है? जब आप इस आर्टिकल को पढ़ लेंगे तो आपको इसके पीछे समझ में आ जाएंगे। चलिए जानते हैं विस्तार से।

## घर में आईना लगाते समय रखें ख्याल





वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो अगर आपके घर में कांच टूटा है तो यह एक शुभ संकेत होता है। मान्यताओं के अनुसार ऐसा होना किसी बड़े मुसीबत के टलने की तरफ इशारा करता है। मान्यता यह भी है कि जब आपके ऊपर कोई मुसीबत आने वाली होती है तो यह कांच टूटकर उस मुसीबत को अपने ऊपर ले लेती है। मुसीबत के टलने की वजह से परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित रहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर की खिड़की या फिर दरवाजे का कांच अचानक टूटता है तो यह और भी ज्यादा शुभ होता है। इस बात की तरफ इशारा करता है कि आपके जीवन में जल्द ही ढेर सारे पैसे आने वाले हैं।

### घर में कांच टूटने पर क्या करें?

भले ही घर में कांच का टूटना कितना ही शुभ क्यों न हो लेकिन अगर आपके घर में कांच टूट जाए तो आपको उसे बिना देर किये उसे वहां से हटा देना चाहिए। घर पर टूटे कांच को रखना अशुभ परिणाम देते हैं। घर से अगर आप टूटे हुए कांच को नहीं हटाते हैं तो इससे आपके घर पर निगेटिव एनर्जी का प्रवाह बढ़ जाता है जिस वजह से आपके जीवन पर कई तरह की मुसीबतें आ सकती है।

### क्या कांच का टूटना हो सकता है अशुभ?

वास्तु के जानकारों के अनुसार अगर आपके घर में कांच किसी शुभ अवसर पर टूटा है तो यह इसे अशुभ माना जाता है। अगर आप टूटे हुए कांच को हटा रहे हैं तो ध्यान रखें कि इससे आपको चोट न लगे। इसे फेकते समय भी सावधानी रखें ताकि इससे किसी और को चोट न लग जाए।

### घर में आईना लगाते समय किन बातों का रखें ख्याल?

मान्यताओं के अनुसार आपको अपने घर पर कभी भी गलती से भी गोल आईने को नहीं लगाना चाहिए। इसके अलावा स्क्वायर शेप का आईना लगाने से भी आपको बचना चाहिए। आपको इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि आप जिस कमरे में सो रहे हैं वहां पर कभी भी आईना न रखें। अगर आपने आईना लगाया भी है तो इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि इसमें आपको खुद की परछाई दिखाई न दे।

# वास्तु के अनुसार घर में शमी का पौधा किस दिशा में लगाएं

हिंदू धर्म में शमी के पौधे को अत्यंत शुभ व पवित्र माना गया है। मान्यता है कि शमी के पौधे को लगाने व उसकी पूजा करने से शनि के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। शमी का पौधा शनिदेव को प्रिय माना गया है। वास्तु के अनुसार शमी का पौधा घर पर सही दिशा व सही दिन लगाना जरूरी है। कहते हैं कि गलत दिशा में शमी का पौधा लगाने से अशुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। जानें वास्तु के अनुसार शमी का पौधा किस दिन व किस दिशा में लगाना चाहिए।



*वास्तु के अनुसार, शमी का पौधा घर में शनिवार के दिन लगाना उत्तम माना गया है। इसके पीछे का कारण शमी के पौधे का संबंध शनिदेव से बताया गया है। इसके अलावा शमी का पौधा शनि जयंती के दिन लगाना भी अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि घर में शनि का पौधा लगाने से सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।*

### शमी का पौधा लगाने की सही दिशा क्या है?

वास्तु के अनुसार, शमी के पौधे को सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी है। गलत दिशा में लगा शमी का पौधा अशुभ परिणाम प्रदान कर सकता है। वास्तु के अनुसार, शमी का पौधा ईशान कोण या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इसके अलावा आप पौधे को उत्तर दिशा में भी रख सकते हैं। कहते हैं कि ऐसा करने से आर्थिक परेशानियों से मुक्ति मिलती है और घर में बरकत आती है।

### शमी का पौधा कहां पर नहीं रखना चाहिए

घर में शमी का पौधा शौचालय या बाथरूम के पास भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा घर में आकर्षित होती है और परिवार के सदस्यों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

क्या रसोई के पास शमी का पौधा रखना चाहिए?

वास्तु के अनुसार, शमी का पौधा घर की रसोई के पास रखना भी अशुभ होता है। कहते हैं कि ऐसा करने से नकारात्मक फलों की प्राप्ति होती है।

### मुख्य द्वार के पास शमी का पौधा रख सकते हैं क्या?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी के पौधे को घर के मुख्य द्वार के पास रखा जा सकता है। पौधे को ऐसे स्थान पर रखना चाहिए जहां सूर्य की रोशनी पड़े और पौधा हरा-भरा बना रह सके।

### शमी के पौधे की पूजा के लाभ

घर में शमी के पौधे की प्रतिदिन पूजा अत्यंत शुभ मानी गई है। शनिवार के दिन पौधे के पास दीपक जलाना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं और शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

# आयुर्वेदिक उबटन लगाते ही चेहरे पर आएगा नेचुरल ग्लो



उबटन एक पारंपरिक ब्यूटी ट्रीटमेंट है,जो स्किन को साफ, चमकदार और हेल्दी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसे अलग-अलग चीजों से बनाया जाता है। दादी-नानी सालों से स्किन केयर में उबटन का इस्तेमाल करती आ रही हैं। अगर आप स्किन पर चमक पाना चाहते हैं तो आयुर्वेदिक उबटन लगाना शुरू करें। इसे बनाने के लिए आपको कुछ चीजों की जरूरत होगी। यहां पर जिस आयुर्वेदिक उबटन को बनाने का तरीका बता रहे हैं उसे आप कुछ दिनों के लिए स्टोर करके भी रख सकते हैं। सीखिए इस उबटन को बनाने और लगाने का तरीका।

### आयुर्वेदिक उबटन बनाने के लिए आपको चाहिए-

जौ का आटा, मसूर दाल का पाउडर, तिल का पाउडर, मुल्तानी मिट्टी का पाउडर, पलाश के फूल का पाउडर, बेसन

### कैसे बनाएं आयुर्वेदिक उबटन



आयुर्वेदिक उबटन बनाने के लिए सभी चीजों को बारीक पीस लें और पाउडर बना लें। फिर सभी को 100 ग्राम की मात्रा में लें और अच्छे से मिक्स कर लें। मिक्स किए पाउडर को कांच के एक कंटेनर में स्टोर कर लें। फिर जब भी इससे नहाना हो,तो जरूरत के मुताबिक एक या दो चम्मच एक कटोरी में निकालें और फिर इसमें गुलाब जल, थोड़ा दूध और शहद मिलाएं। इस मिक्स का एक स्मूद पेस्ट तैयार करें।

### कैसे करें उपयोग

उबटन लगाने से पहले अपनी त्वचा को गीला करें और फिर उबटन को चेहरे, गर्दन और शरीर पर लगाएं। अब साबुन की तरह इसे हल्के हाथों से मलें। चाहें तो कुछ देर के लिए इसे शरीर पर छोड़ सकते हैं या फिर मलने के बाद ठंडे पानी से धो लें।

# चिकनकारी कुर्ती डिजाइन में ग्लैमरस लुक

सूट पहनकर लड़कियां सबसे ज्यादा अट्रैक्टिव दिखती हैं। यह ट्रेडिशनल भी दिखता है और कंफर्टेबल भी होता है। वहीं आप चाहें तो कुर्ते को भी ग्लैमरस लुक दे सकती हैं। अगर अपने ब्वॉयफ्रेंड या हसबैंड को अट्रैक्ट करना है तो ब्यूटीफुल चिकनकारी सूट सेट को पहनकर रेडी हों। ये आपकी सुंदरता में चार चांद लगा देंगे। इन डिजाइन के चिकनकारी सूट को अपनी वॉर्डरोब में जरूर शामिल कर लें।



### मशीन थ्रेड वर्क कुर्ती

चिकनकारी एक तरह की रेशमी कढ़ाई को कहते हैं जो हाथ से की जाती है। लेकिन मार्केट में कई तरह के थ्रेड वर्क वाले कुर्ते मिल जाते हैं। ओम्बर शेड का ये कुर्ता जिस पर थ्रेड वर्क है ब्यूटीफुल है और आपके सिंपल लुक को स्टाइलिश बनाएगा।

### चिकनकारी शार्ट कुर्ती

चिकनकारी वर्क के कुर्ते ऑफिस वियर के लिए भी सुंदर दिखते हैं। पैंट के साथ ये फार्मल लुक भी दे सकते हैं। जैसे ये स्काई ब्लू कलर का थ्रेड वर्क कुर्ता। कुर्ता थोड़ा सा स्टाइलिश बनवाने से पूरा लुक चेंज हो सकता है। सिंपल से कुर्ते की बजाय अपने चिकनकारी कुर्ते को फ्रंट स्लिट में सिलवाएं। ये ब्यूटीफुल लुक देगा।

### सॉफ्ट पिंक लुक

बेबी पिंक कलर का चिकनकारी कुर्ता वॉर्डरोब में जरूर रखें। ये आपकी सुंदरता में चार चांद लगाने का काम करेगा।

### जॉर्जेट पर बना चिकनकारी काम

चिकनकारी का काम अगर जॉर्जेट के कपड़े पर हो तो और भी ज्यादा सुंदर दिखता है। मैचिंग पलाजो के साथ इस तरह से सूट सेट को जरूर स्टिच करवाकर पहनें।

### सफेद धागों का वर्क

काफी टाइम से जॉर्जेट या शिफॉन के कपड़े पर सफेद चिकनकारी कढ़ाई का वर्क ट्रेंड में चल रहा है। इस तरह के कुर्ते कैजुअल लुक में सूट करते हैं।

# बिना एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करने के तरीके

**स्लिम और फिट बने रहना हर किसी की चाहत होती है, लेकिन हर बार जिम जाना या एक्सरसाइज करना सभी के लिए पॉसिबल नहीं हो पाता है। ऐसे में आप अपनी डेली रूटीन में छोटे-छोटे बदलाव करके बिना एक्सरसाइज के भी ना सिर्फ अपने शरीर को एक्टिव रख सकते हैं, बल्कि बॉडी की एक्स्ट्रा कैलोरी भी बर्न कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको अपनी दिनचर्या में कुछ मजेदार और हल्की-फुल्की आदतों को शामिल करना होगा। चलिए जानते हैं बिना एक्सरसाइज के भी शरीर को एक्टिव और फिट बनाए रखने के लिए कुछ आसान और मजेदार से उपाय।**



### ➲ टहलने से बर्न होगी कैलोरी

कैलोरी बर्न करने का सबसे आसान और असरदार तरीका है पैदल चलना। एक व्यक्ति रोज 30 मिनट की नॉर्मल वॉक से लगभग 133 कैलोरी बर्न कर सकता है। अगर चलने की स्पीड तेज हो तो कैलोरी की मात्रा बढ़ भी सकती है। अगर आप बिना एक्सरसाइज के शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी को बर्न करना चाहते हैं, तो पैदल चलना इसका सबसे आसान तरीका है। आप फोन पर बात करते-करते पैदल चलें। नजदीकी दुकान से सामान लाना हो तो बाइक या कार से जाने के बजाय पैदल जाएं। पैट्स को टहलाने के लिए निकलें या घर में बच्चा हो तो उसे लेकर टहलने निकल जाएं। इस तरह से आप अपने डेली रूटीन में छोटे बदलाव करके खुद को फिट और एक्टिव रख सकते हैं।

### ➲ गार्डनिंग भी है अच्छा तरीका

गार्डेनिंग करना सिर्फ घर को सुंदर बनाने का तरीका नहीं, बल्कि कैलोरी बर्न करने का भी एक बेहतरीन जरिया है। जब आप गार्डनिंग करते समय खुदाई करते हैं, गार्डन की गंदगी को साफ करते हैं, प्लांट्स में पानी डालते हैं तो इन सभी चीजों को करते हुए आपका बॉडी एक्टिव रहती है और अच्छी मात्रा में कैलोरी बर्न होती है। गार्डनिंग करने का एक फायदा यह भी है कि इससे मूड फ्रेश रहता है और स्ट्रेस कम होता है, जो हमारी मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है।

### ➲ खेल-खेल में बर्न करें कैलोरी

अगर आपको मस्ती के साथ कैलोरी बर्न करनी है, तो इसके लिए सबसे आसान और मजेदार तरीका है कि आप खेल-कूद में इंटरेस्ट दिखाएं। आप बच्चों के साथ खेल सकते हैं, पैट्स के पीछे भाग सकते हैं या दोस्तों के साथ हल्के-फुल्के गेम खेल सकते हैं। दौड़-भाग वाले खेल खेलने से 30 मिनट में ही आप लगभग 140 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। सबसे खास बात यह है कि खेलते समय टाइम का भी पता नहीं चलता है और ना ही थकान होती है। मस्ती-मस्ती में शरीर की अच्छी एक्सरसाइज भी हो जाती है।

### ➲ डांसिंग का आईडिया भी है बेस्ट

अगर आपको डांस में इंटरेस्ट है तो यह भी कैलोरी बर्न करने का एक मजेदार तरीका है। घर पर ही अपना मनपसंद म्यूजिक लगाकर, इस पर थिरकना आपके लिए बेस्ट एक्सरसाइज हो सकती है। हल्का-फुल्का स्लो डांस भी 30 मिनट में लगभग 110 कैलोरी बर्न कर सकता है। वहीं अगर आप तेज म्यूजिक में फुल एनर्जी से भरा हुआ डांस करते हैं तो 30 मिनट में 220 कैलोरी तक बर्न कर सकते हैं। सबसे खास बात यह है की डांसिंग सिर्फ फिटनेस मेंटेन करने का तरीका नहीं बल्कि इससे मन को खुशी भी मिलती है और मूड रिफ्रेश होता है।

# शरीर को सही पोषक तत्व देना बहुत ज़रूरी

**आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, सेहतमंद जीवनशैली बनाए रखना अक्सर ऐसा लगता है जैसे कोई सुख-सुविधा की चीज़ हो, खासकर जब बजट की कमी के बारे में सोचा जाता है। हालांकि, यह आम धारणा सच्चाई से ज़्यादा एक मिथक है कि सेहतमंद भोजन महंगा होता है। जबकि कुछ स्मार्ट ट्रिक्स अपनाकर और सोच-समझकर फैसला लेने से अपनी आर्थिक स्थिति पर दबाव डाले बिना अपने शरीर को पोषण देना आसानी से संभव है। अपने शरीर को सही पोषक तत्व से देना बहुत ही ज़रूरी है,ताकि हमारी ऊर्जा का स्तर और पूरी जीवनी शक्ति बनी रहे। इसलिए, डॉ. शिल्पा वोरा, प्रमुख अनुसंधान और विकास अधिकारी, मैरिको लिमिटेड ने एक ऐसी गाइड पेश की है जो आपको बताती है कि सेहतमंद और किफ़ायती भोजन को अपनी जीवनशैली का एक सहज हिस्सा कैसे बनाया जाए। इसमें इस बात को भी साबित किया गया है कि अगर भोजन सही ढंग से लिया जाए तो अच्छे भोजन के लिए ज़्यादा कीमत चुकाने की ज़रूरत नहीं है।**

सेहतमंद और किफ़ायती भोजन की नींव सोच-समझकर बनायी गयी योजना पर टिकी होती है। न्यूट्रिशनिस्ट या पोषण विशेषज्ञ की मदद से हर सप्ताह के भोजन की योजना बनाएं इससे न केवल यह पक्का होता है कि आपके पास पौष्टिक विकल्प आसानी से उपलब्ध हों, बल्कि यह आपके किराने की सूची में जरूरी चीजों पर ध्यान देने में भी मदद करता है। आपको किस चीज़ की जरूरत है यह बात अच्छी तरह जानने से आप महंगी या अनावश्यक वस्तुओं की जोश में भर कर की गयी खरीदारी से बच सकते हैं, इससे कुल मिलाकर पैसे की बचत होती है और भोजन की बर्बादी कम होती है। जैसे, इस तरह के व्यंजनों की योजना बनाना जिनमें कई तरह के भोजन में एक जैसी सामग्री का इस्तेमाल होता हो, इससे आपके किराने के खर्च को कम किया जा सकता है। आपके बजट और पर्यावरण दोनों के लिए खाने की बर्बादी एक बड़ी समस्या है। अपने बचे हुए खाने को क्रिएटिव तरीके से इस्तेमाल करें! एक ही खाना बार-बार खाने के बजाय, उनको पूरी तरह से नए व्यंजनों में बदलने के तरीकों के बारे में सोचें। बनी हुई सब्जियों को बच जाने पर ऑमलेट या फ्रिटाटा में मिलाया जा सकता है और इसी तरह से बचा हुआ चिकन या दाल एक बढ़िया सूप का बेस या रैप के लिए स्वादिष्ट फिलिंग बन सकते हैं। सामान्य, स्वादिष्ट और किफ़ायती सामग्री के साथ पौष्टिक भोजन तैयार करने और उसका आनंद लेने के संतोष का एहसास करें। इन सब खानों को बनाते समय, यह ध्यान रखें कि आपके द्वारा चुना गया खाना पकाने का तेल भी आपकी सेहत में योगदान कर सकता है। MUFA और PUFA जैसे फायदेमंद फैट से भरपूर खाद्य तेलों को चुनना एक बढ़िया कदम है और मिला-जुलाकर तेलों का इस्तेमाल करने के फायदों का पता लगाना आपके खाना पकाने के पोषण और स्वाद दोनों को और बढ़ा सकता है। जब सेहतमंद भोजन आपकी दिनचर्या का एक हमेशा चलने वाला और मजेदार हिस्सा बन जाता है, तो इसे लंबे समय तक बनाए रखना आसान हो जाता है। इससे आपकी पूरी सेहत और आपके बजट दोनों को फायदा होता है।



# 'रोहित को 2027 वनडे विश्व कप का हिस्सा होना चाहिए

## उनमें अभी भी भूख और दृढ़ संकल्प है



ट्रॉफी जीतना हमेशा से उनका सपना

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि सलामी बल्लेबाज को 2027 वनडे विश्व कप में खेलना चाहिए जो अक्टूबर और नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। रोहित ने इस साल की शुरुआत में भारत को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। एकदिवसीय विश्व कप में दो साल से अधिक का समय बचा है और आने वाले महीनों में भारत के लिए 50 ओवर के मैच सीमित हैं, ऐसे में एकदिवसीय प्रारूप में रोहित के भविष्य को लेकर अफवाहें तेज हो गई हैं। अनुभवी कोच ने रोहित को 2011 वनडे विश्व कप से बाहर किए जाने की ओर इशारा किया और कहा कि इस दाएं हाथ के बल्लेबाज में अभी भी देश के लिए योगदान देने की 'भूख और दृढ़ संकल्प' है। लाड ने कहा, 'रोहित शर्मा को 2027 वनडे विश्व कप में जरूर खेलना चाहिए। ट्रॉफी जीतना हमेशा से उनका सपना रहा है, और वह 2011 की विजयी टीम का हिस्सा बनने से चूक गए।' लाड रोहित के नेतृत्व के भविष्य को लेकर संशय में रहे, लेकिन अगले वनडे विश्व कप में उनके शामिल होने का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, 'वह टीम का नेतृत्व करेंगे या नहीं, यह बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को तय करना है, लेकिन उनमें अभी भी भूख और दृढ़ संकल्प है, उन्हें 2027 विश्व कप टीम का हिस्सा होना चाहिए।' रोहित ने 273 वनडे मैचों में 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं जिसमें 32 शतक और 58 अर्द्धशतक शामिल हैं।

### तीन दोहरे शतक लगाने का अनोखा रिकॉर्ड

उनके नाम इस प्रारूप में तीन दोहरे शतक लगाने का अनोखा रिकॉर्ड भी है। इस महीने की शुरुआत में रोहित इंग्लैंड के खिलाफ 5वें और अंतिम टेस्ट मैच को देखने के लिए द ओवल में मौजूद थे जिसे भारत ने छह रनों से जीतकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर कर ली थी। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए जिसमें 12 शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं। रोहित ने 24 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व भी किया, जिसमें से 12 में जीत मिली और 9 में हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने टेस्ट मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में 66 पारियों में 42.81 की शानदार औसत से रन बनाए, जिसमें 9 शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने द ओवल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल में भारत को उपविजेता बनाने में भी अहम भूमिका निभाई।

# WTC में नए सिस्टम को लेकर वेस्टइंडीज क्रिकेट की बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** अगर ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि WTC के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज 9 टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा WTC चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक चिंतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज (CWI) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहरिंग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई CWI की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डेहरिंग ने कहा, 'इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।



### हमें बदलावों को लेकर सतर्क रहना होगा

हमें उन तमाम बदलावों को लेकर अधिक सतर्क रहना होगा और वेस्टइंडीज क्रिकेट के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चाहे परिस्थिति जैसी भी हो हम उसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास करें।' आईसीसी ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज के नेतृत्व में एक कार्यसमूह (वर्किंग ग्रुप) का गठन किया था जिसका उद्देश्य 2025-2027 के चक्र से पहले WTC में सुधार सहित अन्य मुद्दों पर विचार करना था। जुलाई में आयोजित आईसीसी की वार्षिक बैठक में WTC के लिए दो स्तरीय प्रणाली लागू करने का मुद्दा चर्चा का सबसे अहम पहलू था। ICC बोर्ड में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रतिनिधि टूज से बोर्ड को सुझाव देने की उम्मीद है। दो स्तरीय प्रणाली पर 15 वर्षों से भी अधिक समय पर बहस चल रही है, आईसीसी ने 2009 में ही इस पर विचार करने की इच्छा व्यक्त की थी लेकिन पूर्ण सदस्य देश विभिन्न कारणों से इस मुद्दे पर एकमत नहीं रहे हैं।

## शीर्ष स्तर की टीमों से हो सकती है बाहर

### लॉयड, ब्रायन लारा और विव रिचर्ड्स भी शामिल थे

CWI की आपात बैठक में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटरों में क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और विव रिचर्ड्स भी शामिल थे और लॉयड ने आईसीसी द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वित्तीय हिस्से की ओर इशारा करते हुए कहा कि 70 और 80 की दशक में शीर्ष टीम और 90 के दशक में एक सफल टीम रही वेस्टइंडीज अपने प्रदर्शन में आई गिरावट के बावजूद इसकी हकदार है। लॉयड ने कहा, 'हमें यह देखना होगा कि आईसीसी में पैसे के बंटवारे को लेकर क्या हो रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को 18 करोड़ मिलेंगे जबकि वेस्टइंडीज को अफगानिस्तान और बांग्लादेश की तरह 8 करोड़ मिलेंगे। हम अगले 100 वर्ष तक उस ग्रुप में बने रहने से सिर्फ दो साल दूर हैं।

# वॉर्नर ने कोहली को पीछे छोड़ा

### टी20 क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



**मैनचेस्टर (यूके)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी टी20 क्रिकेट में सक्रिय ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। वार्नर अब टी20 क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। वॉर्नर ने यह उपलब्धि इंग्लैंड में चल रही द हंड्रेड प्रतियोगिता के दौरान मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ अपनी टीम लंदन स्पिरिट्स के मैच के दौरान हासिल की। मैच के दौरान वॉर्नर ने 51 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रनों की शानदार पारी खेली और 139 से ज्यादा की औसत से रन बनाए। हालांकि इन प्रयासों के बावजूद उनकी टीम मैनचेस्टर द्वारा बनाए गए 164 रनों के लक्ष्य से चूक गई। लेकिन वह अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड कायम करने में कामयाब रहे। मैनचेस्टर ने फिल साल्ट (20 गेंदों में 31 रन, चार चौकों और एक छक्के की मदद से), बेन मैककिनी (12 गेंदों में 29 रन, दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से) और जोस बटलर (37 गेंदों में 46 रन, तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से) की पारियों के दम पर 163 का स्कोर बनाया था। अब 419 टी20 मैचों में वार्नर ने 36.80 की औसत और 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 13,545 रन बनाए हैं जिसमें 8 शतक और 113 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135* है।



# राजस्थान रॉयल्स से अलग होना चाहते हैं संजू सैमसन

### CSK के पूर्व बल्लेबाज ने बताई वजह

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स (RR) के कप्तान संजू सैमसन के अलग होने की अटकलें तेज हैं। ऐसी अटकलें थीं कि सैमसन और राहुल द्रविड़ के बीच सब ठीक नहीं है। लेकिन आरआर के मुख्य कोच ने इन दावों का खंडन किया। क्या उनके कथित इस्तीफे का कारण आरआर में कप्तानी को लेकर चल रहा संघर्ष हो सकता है? चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व बल्लेबाज एस बद्रीनाथ निश्चित रूप से ऐसा ही सोचते हैं। बद्रीनाथ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मुझे लगता है कि रियान पराग ही इसकी वजह हैं। अगर आप उन्हें कप्तानी के लिए चुनते हैं, तो आप सैमसन जैसे खिलाड़ी के बने रहने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?' सालों की असफलता के बाद भी आरआर ने पराग का पूरा समर्थन किया है। उन्हें उनमें कुछ खास दिखा और पिछले कुछ सालों में उन्होंने इसका बदला चुकाना शुरू कर दिया है। ऐसा लगता है कि पराग अपने आईपीएल करियर में सिर्फ आरआर के लिए ही खेलने की राह पर हैं। 23 साल की उम्र में वह पहले ही 7 साल से उनके साथ हैं।

### सैमसन CSK में आते हैं, तो धोनी के लिए एकदम सही विकल्प

उन्हें कप्तान बनाना सही है। बद्रीनाथ ने कहा, 'अगर सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स में आते हैं, तो वह एमएस धोनी के लिए एकदम सही विकल्प हो सकते हैं। सैमसन एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो बल्लेबाजी क्रम में पहले तीन या चार स्थानों पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। वह प्लेइंग इलेवन में पांचवें या छठे नंबर पर फिट नहीं बैठ सकते। चेन्नई सुपर किंग्स प्लेइंग इलेवन के इन क्षेत्रों में मजबूत है। म्हात्रे, गायकवाड़ और ब्रेविस पहले से ही टीम में हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे यकीन नहीं है कि चेन्नई सुपर किंग्स हार्दिक पांड्या को ग्रेट ब्रिटेन से लेने के लिए मुंबई इंडियंस की तरह कोई सौदा करेगी। इसलिए अगर संजू सैमसन भी आ जाते हैं, तो भी सवाल यह है कि क्या चेन्नई सुपर किंग्स उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल कर पाएगी।'

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी गर्लफ्रेंड से की सगाई



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना ने तस्वीर के साथ स्पेनिश में कैप्शन में लिखा, 'हां हमने सगाई कर ली है। यह मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है।' जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। जॉर्जिना ने 2022 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था लेकिन उनमें से एक लड़के की मौत हो गई थी। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं।

# मुंबई में शुरू होगा पारंपरिक देसी खेलों का महोत्सव

### पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर स्मृतिदिन के अवसर पर ओलंपिक वीर खाशाबा जाधव पारंपरिक खेल महाकुंभ का आयोजन

**मुंबई।** कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की संकल्पना और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में मुंबई में ओलंपिक वीर खाशाबा जाधव पारंपरिक खेल महाकुंभ का बुधवार को कुर्ला में भव्य शुभारंभ होगा। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर के स्मृतिदिन पर हमारी संस्कृति और परंपरा को जागृत रखने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है, ऐसा कौशल विकास मंत्री लोढ़ा ने स्पष्ट किया। कुर्ला स्थित जामसाहेब मुकादम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का मैदान केवल देसी और पारंपरिक खेलों के लिए आरक्षित किया गया है। इसी कार्यक्रम में इस मैदान का नामकरण "पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर देसी खेलों का मैदान" के रूप में किया जाएगा और उसका लोकार्पण भी होगा। राज्य के खेल और युवक कल्याण



मंत्री माणिकरावजी कोकाटे की अध्यक्षता में इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन और मैदान का लोकार्पण होगा। वहीं, वीडियो संदेश के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खेल महाकुंभ में भाग लेनेवाले खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना करेंगे। महाराष्ट्र के सुपुत्र और ओलंपिकवीर खाशाबा जाधव के पुत्र रणजीत जाधव की विशेष उपस्थिति इस समारोह में रहेगी। 13 अगस्त से 22 अगस्त तक मुंबईकर पारंपरिक खेलों का रोमांच देख सकेंगे। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर ने संस्कृति संरक्षण के लिए जो योगदान दिया, उसे देश भुला नहीं सकता। अहिल्यादेवी द्वारा दिया गया सांस्कृतिक धरोहर को संजोना हमारा कर्तव्य है। मराठी मिट्टी के पारंपरिक खेलों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह खेल महाकुंभ महाराष्ट्र के सुपुत्र ओलंपिक वीर खाशाबा जाधव के नाम पर आयोजित किया गया है, यह जानकारी मंत्री लोढ़ा ने दी। हमारे पारंपरिक खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पूंजी भी हैं। समय के साथ पारंपरिक खेल दुर्लभ होते जा रहे हैं। अब नई पीढ़ी को शिवकालीन मर्दानी खेलों से परिचित कराने का समय आ गया है, ऐसा भी मंत्री लोढ़ा ने कहा। इस खेल महाकुंभ के माध्यम से लेझिम, फुगड़ी, लगोरी, विटी दांडू, पावनखिंड दौड़, पंजा लड़ाना, रस्साकशी, कुश्ती और मल्लखंभ जैसे शिवकालीन पारंपरिक खेलों को पुनः वैभव दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ऐसा भी मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि इस खेल महाकुंभ में भाग लेकर अपनी संस्कृति की धरोहर को सुरक्षित रखें। क्रीड़ा भारती संस्था के माध्यम से मुंबई परिसर से बड़ी संख्या में इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू किया गया है और अब तक 15 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण किया है। स्कूल, आईटीआई और महाविद्यालयों ने भी क्रीड़ा भारती से संपर्क किया है। इस बीच, जो संस्थाएं और खेल मंडल इसमें भाग लेना चाहते हैं, वे 9867066506 अथवा 9768327745 इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें, ऐसा क्रीड़ा भारती की ओर से कहा गया है।

### BCCI चयनकर्ताओं ने की थी खिलाड़ी से बात

# इसलिए नहीं गए इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बार-बार चोटों से जूझ रहे हैं जिससे उनके करियर के खत्म होने का खतरा मंडरा रहा है। फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण शमी को इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। अब नई रिपोर्ट्स सामने आई हैं, जिनमें कहा गया है कि इंग्लैंड जाने वाली टीम के चयन से पहले अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई चयन समिति ने शमी से सलाह भी ली थी। हालांकि तेज गेंदबाज खुद अपनी फिटनेस को लेकर आश्वस्त नहीं थे। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, 'सबसे पहले, उन्हें खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर नहीं किया गया। फिटनेस संबंधी समस्या ही एकमात्र कारण है जिसकी वजह से वह इंग्लैंड नहीं जा सके।' शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की 5 मैचों की सीरीज में भी शामिल नहीं थे, लेकिन फिटनेस को लेकर उनके मन में चल रहे संशय के कारण ही उन्हें इंग्लैंड जाने वाली टीम में जगह नहीं मिली। रिपोर्ट के अनुसार सूत्र ने आगे कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में न खेल पाने के बाद इंग्लैंड सीरीज के लिए उनकी उपस्थिति बेहद जरूरी थी। चयनकर्ताओं ने टीम चुनने से पहले उनसे बात भी की थी, लेकिन वह ज्यादा आश्वस्त नहीं दिखे। उनकी तरफ से वह जरूरी आश्वासन नहीं मिला जिसकी उन्हें जरूरत थी। यह भी जानना जरूरी है कि क्या शमी खुद लंबे प्रारूप में वापसी के इच्छुक हैं।' शमी चयन की संभावना से पूरी तरह बाहर नहीं हैं, लेकिन उनका भारतीय टीम में भविष्य 28 अगस्त से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में उनकी फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर करता है।



## 100 करोड़ की मानहानि का मामला धोनी को बड़ी सफलता, हाईकोर्ट ने सुनवाई का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा दो प्रमुख मीडिया चैनलों और एक पत्रकार के खिलाफ 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी कांड में उनका नाम घसीटने के आरोप में दायर 100 करोड़ रुपए के मानहानि के मामले में सुनवाई का आदेश दिया है। एमएस धोनी इस मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। न्यायमूर्ति सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है जो धोनी की ओर से सबूत दर्ज करेगा। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान इस पूछताछ के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होंगे क्योंकि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उनकी उपस्थिति से अव्यवस्था पैदा हो सकती है। धोनी ने 2014 में प्रतिवादियों से 100 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग करते हुए यह मामला दायर किया था। 44 वर्षीय धोनी का आरोप है कि आईपीएल सट्टेबाजी कांड पर एक टेलीविजन बहस के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गईं।

# एशिया कप से बाहर हो सकते है सूर्यकुमार यादव

### अय्यर ने पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एशिया कप 2025 के लिए टीम के चयन से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में नियमित फिटनेस मूल्यांकन से गुजरेंगे। यह मूल्यांकन 11 और 12 अगस्त को होगा क्योंकि यह स्टार खिलाड़ी पिछले कुछ समय से मुंबई में प्रशिक्षण ले रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रेयस अय्यर ने अपनी फिटनेस साबित कर दी है और सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए वह निश्चित रूप से चयनकर्ताओं की पहली पसंद होंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव की हर्निया की सर्जरी से उबर नहीं पाए हैं और रिपोर्ट के अनुसार उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए NCA में एक और सप्ताह बिताने की आवश्यकता होगी, लेकिन इससे एशिया कप में उनके खेलने की संभावना कम है। इस बीच ACC ने घोषणा की है कि आगामी एशिया कप के दौरान भारत बनाम पाकिस्तान के दो प्रमुख मैच दुबई में होंगे, जो 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाला है। भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में और एक बार फिर, संभवतः 21 सितंबर को इसी मैदान पर आमने-सामने होंगे। 29 सितंबर को होने वाला फाइनल भी दुबई में ही होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यद्यपि कार्यक्रम 26 जुलाई को घोषित किए गए थे, लेकिन ACC ने आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं की थी। टूर्नामेंट के 19 मैचों में से 11 दुबई में और 8 अबू धाबी में होंगे। भारत अपने दो लीग मैच 10 सितंबर (UAE के खिलाफ) और 14 सितंबर (पाकिस्तान के खिलाफ) दुबई में खेलेगा जबकि ओमान के खिलाफ अंतिम लीग मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में होगा। सुपर सिक्स मैचों में अबू धाबी में केवल एक मैच निर्धारित है।



# CSK से अपनी भूमिका के बारे में स्पष्टता चाहते हैं अश्विन

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से साफ पूछा है कि आने वाले IPL में वे उनका इस्तेमाल कैसे करने वाले हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई दिक्कत नहीं है। अश्विन को CSK ने पिछले साल बड़ी नीलामी में 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था और उन्होंने 14 में से नौ मैच खेले थे। यह साल उनके लिए एक तरह से घर वापसी जैसा था क्योंकि नौ सीजन तक बाहर खेलने के बाद वे अपने शहर की टीम में लौटे थे। 2009 के डेब्यू सीजन के बाद यह पहला सीजन था, जब उन्होंने एक सीजन में 12 से कम मैच खेले। यह उनका सबसे महंगा साल भी रहा क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 9.12 रन दिए। आईपीएल में पहली बार उनकी इकॉनमी एक सीजन में 8.49 से ऊपर गई। खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए, अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। संजू सैमसन के साथ अपने यूट्यूब शो पर अश्विन ने कहा, 'मैं राजस्थान रॉयल्स (RR) के लिए तीन साल खेला। पहले साल के बाद मुझे CEO से मेल मिला, जिसमें मेरे प्रदर्शन और टीम को मुझसे उम्मीदों के बारे में लिखा गया था और फिर उसमें मेरे कॉन्ट्रैक्ट को बढ़ाने की बात की गई थी। हर सीजन के बाद यह फ्रेंचाइजी की जिम्मेदारी है कि वे खिलाड़ियों को सूचना दें कि वे उन्हें रिटेन कर रहे हैं या रिलीज।'



# शिल्पा की खूबसूरती के आगे सब फेल





**बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन शिल्पा शेट्टी हर बार अपने लुक और स्टाइल से फैंस को इंप्रेस कर देती हैं. इस बार 'सुपर डांसर चैप्टर 5' के सेट से उनकी कुछ नई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिन्हें देखकर लोग यकीन ही नहीं कर पा रहे, कि उनकी उम्र 50 पार हो चुकी है.**

### गोल्डन-रस्ट इंडो वेस्टर्न में दिखीं बेमिसाल

वायरल वीडियो में शिल्पा गोल्डन और रस्ट कलर की खूबसूरत इंडो वेस्टर्न ड्रेस में नजर आ रही हैं. अपने लुक को उन्होंने छोटे मांग टीके, नोज पिन और एक हाथ में चूड़ियों से कंप्लीट किया है. उनका यह ट्रेडिशनल-विद-मॉडर्न टच लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है.


### उम्र को मात देती शिल्पा की फिटनेस

शिल्पा की फिटनेस और ग्लो देखकर कोई भी उनकी असली उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता. फैंस कमेंट कर रहे हैं, कि शिल्पा हर साल और भी ज्यादा जवां होती जा रही हैं. उनका ये वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से शेयर हो रही है, और हर कोई उनकी तारीफों के पुल बांध रहा है.

### शो के बाकी सितारे भी छाए

'सुपर डांसर चैप्टर 5' में शिल्पा के साथ कोरियोग्राफर गीता कपूर भी जज के तौर पर नजर आती हैं. इस बार गीता अनारकली ड्रेस में बेहद प्यारी दिखीं. शो को परितोष होस्ट कर रहे हैं, जो अपनी मजेदार एंकरिंग से हर बार की तरह इस सीजन में भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं.

# कार्तिक आर्यन के हाथ लगी इस निर्देशक की फिल्म



**अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे आगामी फिल्म 'कैप्टन इंडिया' में वायुसेना पायलट की भूमिका निभाते दिखेंगे। कार्तिक आर्यन के हाथ निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म लगी है, जिसमें वे पायलट का रोल करेंगे।**

### शिमित के साथ कार्तिक आर्यन की पहली फिल्म

शिमित अमिन के साथ कार्तिक आर्यन की यह पहली फिल्म होगी। बता दें कि शिमित को 'अब तक छप्पन' और 'चक दे! इंडिया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'कार्तिक और शिमित पिछले एक साल से बातचीत कर रहे थे। दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत चल रही थी। इसी बीच शिमित ने कार्तिक को 'कैप्टन इंडिया' के बारे में बताया। उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी।

### 2026 में शूटिंग शुरू होने की संभावना

सूत्र ने आगे कहा, 'शिमित ने 'कैप्टन इंडिया' के लिए एक शानदार स्क्रीनप्ले तैयार किया है। वे 2026 की पहली छमाही में कार्तिक के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। शिमित ने जब कार्तिक को फिल्म

### कब तक होगी रिलीज?

फिल्म की कहानी कथित तौर पर रियल लाइफ घटनाओं से प्रेरित है। शूटिंग भारत और मोरक्को में होगी। एक टीम ने लोकेशन फाइनल करने के लिए रेकी भी कर ली है।

# कभी 91 किलो था वजन, आज हैं सबसे फिट

## पहली फिल्म 'केदारनाथ' से ही सारा अली खान ने जमाया सिक्का



**सारा अली खान बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं, जिन्होंने साल 2018 में 'केदारनाथ' फिल्म से सिनेमाई दुनिया में कदम रखा था। एक समय एक्ट्रेस का वजन काफी अधिक था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और जज्बे से उसे कम किया और आज वो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज 12 अगस्त को अभिनेत्री अपना 30वां जन्मदिन मना रही हैं।आइए इस खास अवसर पर जानते हैं उनके जीवन, करियर और व्यक्तिगत पहलुओं के बारे में विस्तार से।**

### जन्म और परिवार

सारा अली खान का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। उनका बचपन का नाम सारा सुल्तान था और बाद में उनका प्रोफेशनल नाम बदलकर सारा अली खान कर दिया गया था। अभिनेत्री के पिता सैफ अली खान एक जाने-माने अभिनेता और पटौदी नवाब के बेटे हैं, जबकि उनकी मां अमृता सिंह लोकप्रिय अभिनेत्री रह चुकी हैं। एक्ट्रेस के छोटे भाई का नाम इब्राहिम अली खान है, जो एक अभिनेता हैं। सारा अली खान एक चर्चित और राजसी परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

### फिल्मों के लिए घटाए वजन

सारा अली खान ने अपनी स्कूलिंग मुंबई से की। फिर इसके बाद एक्ट्रेस ने कॉलेज अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से किया। आपको बताते चलें कि कॉलेज के दौरान सारा का वजन 91 किलो हो गया था। इसके बाद सारा अली खान ने फिल्मों में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और जिम, डाइट, एक्सरसाइज के सहारे 45 किलो वजन घटाकर युवाओं के लिए एक मिशाल पेश की।

### इन फिल्मों में निभाया शानदार किरदार

'केदारनाथ' के बाद एक्ट्रेस ने रणवीर सिंह अभिनीत 'सिंबा' फिल्म में काम किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने 'लव आज कल', 'कुली नं 1', 'अतरंगी रे', 'जरा हटके जरा बचके', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी आदि फिल्में कीं। सारा अली खान को आखिरी बार 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म में देखा गया था।

# 'परम सुंदरी' का ट्रेलर रिलीज

## सिद्धार्थ और जान्हवी की दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री




**सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म 'परम सुंदरी' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है।**

### दिल्ली के लड़के और केरल की लड़की की है कहानी

ट्रेलर की शुरूआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है। साथ ही फिल्म की स्टोरी की भी झलक दिखती है।

### 'चेन्नई एक्सप्रेस' की याद दिलाता है ट्रेलर

ट्रेलर में बाकी कास्ट की बात करें तो सिद्धार्थ और जान्हवी के अलावा 'फुकरे' फेम मनजोत सिंह भी नजर आए हैं। वो यहां भी संभवतः हीरो के दोस्त के किरदार में दिखे हैं। फिल्म की कहानी वो ही पुरानी है, जहां नॉर्थ इंडिया का एक लड़का साउथ की एक लड़की के प्यार में पड़ जाता है। लेकिन उसके घरवाले तैयार नहीं होते हैं। फिर कैसे सब राजी होते हैं और उनकी प्रेम कहानी मुकम्मल होती है या नहीं, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। ट्रेलर कहीं-कहीं पर शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की 'चेन्नई एक्सप्रेस' की भी याद दिलाता है। ट्रेलर में कुछ एक पंच लाइन अच्छी हैं, जो ये उम्मीद देती हैं कि फिल्म में ऐसी और भी पंच लाइन सुनने को मिल सकती हैं।

### 29 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म को दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म ने प्रोड्यूस किया है। 'परम सुंदरी' की इससे पहले दो बार रिलीज डेट आगे बढ़ चुकी है। फिल्म पहले अप्रैल में रिलीज होने वाली थी। फिर इसकी रिलीज डेट 25 जुलाई फाइनल की गई थी, लेकिन बाद में इसे आगे बढ़ाकर 29 अगस्त कर दिया गया है।

# एक शो के लिए कितने पैसे लेती हैं सपना चौधरी?

## 2 करोड़ फीस पर आया डांसर का रिएक्शन, बताई असली कमाई


हरियाणा की शान और मशहूर एक्ट्रेस-डांसर सपना चौधरी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है. स्टेज शो से लेकर 'बिग बॉस' के घर और फिर कान्स तक अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाली सपना चौधरी अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में आ जाती हैं. कभी वह अपने दमदार डांस, तो कभी बेबाक अंदाज तो कई बार विवादों को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं. हालांकि, इन दिनों वह अपनी फिल्म को लेकर खबरों में हैं, जिसमें उनकी संघर्ष भरी जिंदगी की कहानी को दिखाया जाएगा. लेकिन फिल्म रिलीज से पहले सपना चौधरी अपनी फीस को लेकर चर्चा में आ गई हैं.



**1 शो के लिए 2 करोड़ की फीस लेती हैं सपना?**

सपना चौधरी इन दिनों मुंबई हैं और हाल ही में वह फरीदून के पॉडकास्ट में पहुंचीं थीं. जहां उन्होंने अपने स्ट्रगल और स्टेज शो की फीस पर खुलकर बात की. इंटरव्यू के दौरान जब उनसे सवाल किया गया कि क्या वह अपने हर शो के लिए 50 लाख से लेकर 2 करोड़ रुपए तक की फीस चार्ज करती हैं? इस सवाल पर एक्ट्रेस काफी चौंक गई और उन्होंने आगे अपनी फीस को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए अपनी रियल फीस बताई.

फीस के सवाल पर सपना ने हंसते हुए कहा, 'अरे, ये आपसे किसने कह दिया? अगर ऐसा सुनने में आ रहा है तो बहुत बढ़िया, लेकिन ऐसा नहीं है, अगर मैं एक शो के लिए 2 करोड़ लूंगी, तो फिर एक दो शो करके ही घर बैठ जाऊंगी.



# कमाई के रिकॉर्ड तोड़ने के बाद ओटीटी पर कब रिलीज होगी 'सैयारा'?

फिल्म 'सैयारा' में दो नए एक्टर्स हैं। अहान पांडे ने इस फिल्म डेब्यू किया, वहीं अनीत पड्डा की भी बतौर लीड यह पहली फिल्म रही, इससे पहले वह हिंदी फिल्मों में छोटे किरदारों में नजर आए। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने बिना किसी स्टार पावर के बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। अब भी इसकी कमाई जारी है। थिएटर के बाद यह फिल्म ओटीटी पर भी अगले महीने रिलीज होगी।

### इस दिन ओटीटी पर होगी रिलीज 'सैयारा'

'सैयारा' फिल्म 18 जुलाई को थिएटर में रिलीज हुई। अब यह ओटीटी पर भी आएगी। इस फिल्म का प्रीमियर 12 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। इस बात की जानकारी यशराज फिल्म्स ने ऑफिशियली नहीं दी है। लेकिन इस फिल्म की कास्टिंग डायरेक्ट शानू शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर 'सैयारा' की ओटीटी रिलीज का पोस्टर शेयर किया था। इस पोस्टर में ही नेटफ्लिक्स और फिल्म की ओटीटी रिलीज की तारीख साझा की गई थी।

# सूर्या पिक्चर्स का 'दो घूंट' हुआ हिट अंबिका शुक्ला की अदाएं बनीं चर्चा का विषय



**सूर्या पिक्चर्स का बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो 'दो घूंट' 7 अगस्त को रिलीज़ हुआ और कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर छा गया। दर्शक इसकी धुन, लोकेशन और कलाकारों की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं।**

गाने में मुख्य भूमिका निभा रही हैं उभरती अभिनेत्री अंबिका शुक्ला, जिन्होंने अपनी ग्लैमरस अदाओं और दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया है। अंबिका पहले भी टीवी शो नागिन 6, फिल्मों के गाने 'धीला 2.0', 'सोनिये जे' और वेब शो किंक 2 में नजर आ चुकी हैं।

'दो घूंट' में संगीत दिया है आकाश रिजिया ने, आवाज दी है बंदना दत्ता ने और बोल लिखे हैं सुनित शर्मा व योगेश नेगी ने। गाने के डायरेक्टर और कोरियोग्राफर सुष्मा सुनाम हैं, जबकि कास्टिंग डायरेक्टर विकी गुप्ता रहे। इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में सूर्या पिक्चर्स की टीम का बड़ा योगदान रहा जिसमें एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर चेतन कुलकर्णी, पोस्टर डिज़ाइनर मंगल शुक्ल एवं एडिटर प्रदीप पॉल शामिल रहे। मनोरंजन जगत में सूर्या पिक्चर्स की यह नई प्रस्तुति दर्शकों के दिलों में जगह बना चुकी है और आने वाले दिनों में इसके व्यूज़ में और तेजी आने की उम्मीद है।

# फवाद खान -वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर आया बड़ा अपडेट

**पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत दहला गया था. इस घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था.पहलगाम आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे, जिसमें से एक नेपाली नागरिक था. इस घटना के बाद फिल्म इंडस्ट्री पर भी असर पड़ा और भारत में रिलीज होने वाली पाकिस्तानी कलाकारों की फिल्मों पर रोक लगा दी गई. जिसमें से एक पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और भारतीय एक्ट्रेस वाणी कपूर स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म अबीर गुलालभी है. अबीर गुलाल फिल्म जो कि पहले 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. लेकिन पहलगाम हमले के बाद इसपर रोक लगा दी थी. हालांकि अब फिल्म को लेकर अपडेट आया है कि यह मूवी अब भारत छोड़कर विदेशी स्क्रीन पर 29 अगस्त को रिलीज होगी. अबीर गुलाल का निर्माण इंडियन स्टोरीज़ और ए रिचर लेंस एंटरटेनमेंट ने किया है. इसके निर्माता विवेक अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी हैं.**

### 75 देशों में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि अबीर गुलाल 75 से ज्यादा देशों के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. सूत्र ने पीटीआई को बताया, " अबीर गुलाल 29 अगस्त को भारत छोड़कर दुनिया भर में रिलीज होगी. यह यूके, यूएई, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे 75 देशों में रिलीज होगी. आरती एस बागड़ी की निर्देशित अबीर गुलाल भारत में पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद फिल्म को लेकर काफी विवाद हो गया था. इस आतंकी हमले के बाद ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज समेत कई व्यापार संगठनों ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में पाकिस्तानी कलाकारों पर बैन लगाने की मांग की थी.

**भारत छोड़ विदेशों में इस दिन होगी रिलीज**

